फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -35, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 16

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 15

गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक

अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिश: अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? –**अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
–**राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

एक नजर

राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई।

फिरौती न मिलने पर व्यापारी के बेटे की हत्या

संवाददाता, गजरौला(अमरोहा)

- अपहरण करने के बाद व्यापारी से मांगे थे छह करोड़ रुपये
- निशानदेही पर शव गजरौला के जंगल में गड्ढे से बरामद किया

अमृत विचार : फिरौती नहीं मिलने पर व्यापारी के पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने व्यापारी के पुत्र के मोबाइल से उसके पिता को मैसेज भेजकर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। नोएडा पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों की निशानदेही पर व्यापारी के बेटे का शव गजरौला में जंगल में गड्ढे से बरामद किया है।

नगर के फ्लाईओवर के पास टीचर्स कॉलोनी में सूर्या इलेक्ट्रोनिक्स के स्वामी प्रदीप कुमार मित्तल का परिवार रहता है। उनका बेटा यश मित्तल (20 वर्ष) जिला नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अजायबपुर में बैनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था और वहीं कॉलेज के होस्टल में रहता था।

बताते हैं कि 26 फरवरी की शाम को यश साढे.छह बजे हॉस्टल से बाहर गया और उसके बाद वापस नहीं लौटा। वार्डन से जानकारी मिलने के बाद प्रदीप मित्तल मंगलवार को हॉस्टल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी की। इसके बाद उन्होंने थाना दादरी पहुंचकर बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक यश मित्तल के फोन नंबर से ही प्रदीप मित्तल से छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी और कहा गया था कि यदि अपना लड़का चाहिए तो रकम तैयार रखो। बताया कि यश के लापता होने के बाद से उन्हें फिरौती के लिए फोन भी आए थे। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नोएडा पुलिस यश की तलाश में जुटी थी और उसके नंबर को सर्विलांस पर लगवाया था। जिसके आधार पर पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले। नोएडा पुलिस व एसओजी ने नगर के तिगरिया भूड़ स्थित एक युवक को उठाया था तो मोहल्ले वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया। जिसको लेकर पुलिस ने हवाई फायरिंग कर दी थी और उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री तेवा एपीआई लिमिटेड के सामने जंगल में एक गड्ढे से यश मित्तल के शव को बरामद किया।

92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली। संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

सुनवाई योग्य है पूजा-पाठ में हस्तक्षेप रोकने का वाद: कोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता

लक्ष्मण टीला मंदिर-मस्जिद विवाद मामला

- विवादित स्थान को वादियों ने बताया है मंदिर

अमृत विचार: लक्ष्मण टीला स्थित मंदिर-मस्जिद विवाद प्रकरण में विवादित स्थान को शेषावतार मंदिर, पटल कूप और शेषनागेष्ट टीलेश्वर महादेव मंदिर बताते हुए, निर्बाध पूजा, अर्चना, आरती और हनुमान चालीसा का पाठ करने में हस्तक्षेप को रोकने की मांग करते हुए, सिविल कोर्ट में दायर वाद को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। मौलाना कारी सैयद शाह फजलुल मन्नान की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए,एडीजे नरेंद्र कुमार, तृतीय ने कहा कि सिविल जज ने वाद की पोषणीयता को चुनौती देने वाली आदेश 7 नियम 11 की अर्जी को खारिज कर कोई विधिक त्रुटि नहीं की है, मामले में उभय पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर साक्ष्य आदि के साथ निस्तारण किया जाना न्यायोचित होगा।

सिविल जज के समक्ष दाखिल वाद में टीले वाली मस्जिद के पेश इमाम व उनके द्वारा स्थान पर दावा करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध पूजा पाठ में हस्तक्षेप रोकने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा की डिक्री जारी करने की मांग की गई है। सिविल जज जूनियर डिवीज़न, साउथ ने पिछले वर्ष फरवरी में मामले को मूलवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए, सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया था। सिविल जज ने मामले के विपक्षियों को जवाब दाखिल करने के लिए समन जारी करने का भी आदेश दिया था। साथ ही 6 सितम्बर 2023 को वाद की पोषणीयता को चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज कर दिया। इसके विरुद्ध वर्तमान पुनरीक्षण दाखिल किया गया था। कहा गया था कि वाद पत्र पढ़ने से ही स्पष्ट हो रहा है कि वादीगण वाद कारण स्थापित करने में असफल रहे हैं। हालांकि अपर जिला न्यायाधीश की कोर्ट ने कहा कि वाद पत्र में वाद कारण स्पष्ट है। यह वाद सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव रहे नृपेंद्र पांडेय, अनीता देवी, धीरेंद्र सिंह, मोहित कुमार सक्सेना, अभिषेक मेहरा, रवि कुमार राय, सर्वेश कुमार व वैभव सिंह ने दाखिल किया है। वाद में सचिव गृह मंत्रालय भारत सरकार, प्रमुख सचिव गृह यूपी, एएसआई, डीएम लखनऊ, पुलिस कमिश्नर लखनऊ, टीले वाली मस्जिद के पेश इमाम व सुन्नी वक्फ बोर्ड को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। कहा गया है कि औरंगज़ेब के शासनकाल में लक्ष्मण टीला स्थित मंदिर को तोड़कर जमीन के एक हिस्से में टीले वाली मस्जिद बना दी गई थी जबकि मस्जिद के चारदीवारी के बाहर शेषनाग पटल कूप, शेषनागेष्ट टीलेश्वर महादेव मंदिर और पुराने हिंदू मंदिर अभी भी हैं। वादियों का कहना है कि 17 मई 2022 को बड़े मंगल पर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहते थे परंतु मौलाना अब्दुल मन्नान ने इसे वक्फ सम्पत्ति बताते हुए, पूजा पाठ करने पर धमकी देने लगे और बवाल होने पर पुलिस ने उक्त स्थल पर पूजा करने की अनुमति नहीं दी।

आगरा में सेना को आपूर्ति की दवाओं में सेंधमारी

संवाददाता, आगरा

- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद

अमृत विचार : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना फरहान बेग को गिरफ़्तार किया, वह मीर जुम्मा गली, नई बस्ती, कोतवाली का रहने वाला है। उसके साथ महेंद्र कुमार उदवानी निवासी ग्वालियर-मध्यप्रदेश, नीरज राजौर निवासी नाला बूढ़ान सैय्यद-हरीपर्वत, अजय गोयल निवासी बल्केश्वर, संस्कार गुप्ता निवासी बारह भाई गली-छत्ता, प्रवेश राजपूत निवासी शेख बुलाकी-ताजगंज और राजेश भाटिया उर्फ राजा निवासी नार्थ ईदगाह कॉलोनी को गिरफ़्तार किया गया।

उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला | नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति

लाभार्थी	कुल संख्या	आधार सत्यापित
छह माह से तीन वर्ष के बच्चे	95,64,960	94,03,642
तीन से छह वर्ष के बच्चे	87,46,648	85,01,542
गर्भवती व धात्री महिलाएं	28,27,486	27,10,595
गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे	2,24,828	1,90,060
14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं	2,40,972	2,24,328

महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा

> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

एक नजर

सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के नैक मूल्यांकन के लिए हुई समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है। इसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है।

वेतन विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन

अमृत विचार, लखनऊ : नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के एसीएस डॉ .देवेश चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय लिया जायेगा और केंद्र समान पदनाम भी परिवर्तित किया जाएगा। यह बात एसीएस ने बुधवार को मुलाकात करने आये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रतिनिधि मंडल से राज्य कर्मचारियों की मांगों को समझने के बाद कही है।

80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ बढ़ना है आगे

योगी बोले, अति आत्मविश्वास से बचना होगा, जनता के साथ संवाद और बूथों को मजबूत बनाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: माहौल हमारे अनुकूल है और राम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और मजबूत करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत ''मोदी की गारंटी'' पेटिका को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत अभियान के प्रचार वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। अमृत विचार

बूथ जीते तो सब जीते

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ. धमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

▸▸ **मुख्यमंत्री ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान की शुरुआत की**

हम अपने हर संकल्प को पूरा करते हैं: भूपेन्द्र

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने यहां कहा कि हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या राममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ था पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ में साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है।

लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी, गुड्डू जमाली को लिया साथ

आजमगढ़ लोस उप चुनाव में सपा की जीत में बने थे रोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता।

आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दम: गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया थ जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।

सपा में शामिल होने के दौरान बसपा नेता गुड्डू जमाली के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

गुड्डू जमाली ने कहा-हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे।

बागी विधायकों पर सपा नहीं करेगी कार्रवाई

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों की भाजपा के लिए वोट करने के बाद पार्टी की तरफ से कोई कार्रवाई करने से फिलहाल सपा प्रमुख ने इंकार किया। उन्होंने उल्टा पत्रकारों से सवाल किया कि, ऐसे विधायकों को पार्टी से निकाल कर क्या आजाद कर दिया जाए? जो करना होगा विधानसभा स्तर से होगा। वहीं, सपा विधायक अभय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि, एक एजेंसी है एसटीएफ, उसके भय से भी कुछ पाला बदलने को मजबूर हुए। बाकी ने पैकेज डील की है। मैं भी देखता हूं भाजपा किसे, कितना, क्या देती है। यह भी कहा कि संघ और भाजपा की गोपनीय रणनीति जो मुझे बताते थे वे तो चले गए अब कौन अंदरखाने की बताएगा?

इस बार संविधान पर मंथन होगा: अखिलेश यादव

लखनऊ, इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान पर मंथन होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा पीडीए परिवार बढ़ता चला जा रहा है। हम जितना परिवार बढ़ा लेंगे उतना ही भाजपा को हराने में सक्षम होंगे।

48 लाख युवाओं के रुपयों से भाजपा लड़ेगी लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **पेपर लीक से मिला करोड़ों का फंड: अजय राय**

अमृत विचार: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि 48 लाख युवाओं की रकम से भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण से भाजपा के पास करोड़ों का फंड आया है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी के विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक का राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करना यह स्पष्ट करता है कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम बनकर कार्य रही है। बसपा की सभी गतिविधियां यह इशारा कर रही कि वह भाजपा के साथ मिलीभगत में काम कर रही हैं। राज्यसभा चुनाव में यह सिद्ध भी हो गया है।

पर्चा लीक प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा फार्म को भरने में लगभग 400 रुपये का खर्च आता है। इसके बाद परीक्षा की तैयारी व परीक्षा देने का खर्च अभ्यर्थियों को वहन करना पड़ता है, फिर पर्चा लीक हो जाता है। यह सरकार की असफलता है।

गोंडा सीएमओ कार्यालय का घूस लेने वाला बाबू निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए गोंडा सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर निलंबन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम होकि गोंडा सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने के लिए 5000 रूपए रिश्वत लेने वाले बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था।

इस बार कम हुई धान खरीद, आज होगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **70 लाख के सापेक्ष 53.50 लाख एमटी खरीद, पश्चिम के जिले रहे पीछे**

▸▸ **बढ़े बाजार भाव का असर पिछले वर्ष 65 लाख एमटी हुई थी खरीद**

अमृत विचार : इस बार प्रदेश में सरकारी धान खरीद को झटका लगा है। पिछले वर्षों की अपेक्षा जिलों पर धान खरीद कम हुई है। पश्चिम जिले खरीद में बेहद पीछे रहे हैं। कारण धान खरीद केंद्र खुलने के दौरान ही बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा रहा। इसका किसानों को तो लाभ मिला बल्कि कारोबारियों ने भी फायदा उठाया।

इससे धान खरीद शुरुआती दौर में ही सुस्त रही। पश्चिम जिलों में तो दिसंबर में ही केंद्रों पर सन्नाटा छा गया था।

किसानों की आवक न के बराबर रही। ऐसी स्थिति में बुधवार दोपहर तक प्रदेश में 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 53,50,154 मीट्रिक टन (76 प्रतिशत) धान खरीदा हुई। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में लक्ष्य में 65 लाख मीट्रिक टन पूर्ति हुई थी। कुल 5207 केंद्रों पर 7,97,603 किसानों ने धान बेचा। पूर्वी जिलों में जरूर खरीद देर सबेर होती रही। इस कारण आधा लक्ष्य पार कर पाए। गुरुवार को खरीद का अंतिम दिन है। लेकिन, लक्ष्य बढ़ने की उम्मीद नहीं है। अपर आयुक्त (विपणन) राजीव मिश्रा ने बताया कि इस बार किसानों को बाजार भाव ठीक मिला। लेकिन, खरीद प्रभावित हुई है।

इन संस्थाओं ने इतने एमटी खरीदा धान

शाखा विपणन	24,93,954
भारतीय खाद्य निगम	49,804
उप्र सहकारी संघ	11,80,222
यूपी कोआपरेटिव यूनियन	10,52,900
उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ	4,94,241
मंडी परिषद	56,983
फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी	22,048
पश्चिम उप्र में खरीद	16,77,165
पूर्वी उप्र में खरीद	36,72,989
कुल खरीद	53,50,154

रजनीश दुबे बनाये गये राजस्व परिषद के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 15 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था। इस बीच लंबी छुट्टी से वापस लौटी 2013 बैच की आईएएस अधिकारी चांदनी सिंह को अपर आयुक्त जीएसटी गौतमबुद्ध नगर बनाया गया है।आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। अभी तक वह एमडी जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनात थे। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है। राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है। रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है। वहीं अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह को डीएम भदोही बनाया गया है।भदोही से गौरांग राठी को डीएम उन्नाव बनाया गया है। उन्नाव की डीएम अपूर्वा दूबे को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

पुलिस ने लापता किशोर को तलाश पिता को सौंपा

बाराबंकी, अमृत विचार : लापता किशोर को 24 घंटे के अंदर तलाश कर बदोसराय पुलिस ने पिता के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। मंगलवार को थाने में पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया। इस पर तत्परता दिखाते हुए बदोसराय पुलिस टीम ने किशोर की बरामदगी के प्रयास किए। बुधवार को पुलिस ने किशोर को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस की सराहना की।

स्मैक के साथ तस्कर बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस टीम ने बुधवार को 35 ग्राम स्मैक के साथ क्षेत्र के ही माधवपुर निवासी राजेश सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

चोरी की ट्रैक्टर ट्राली के साथ दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले में फरार इटहुआ मजरे मुरलीगंज निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा को जैदपुर पुलिस ने बुधवार को चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली के साथ दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

अव्यवस्थाओं के बीच महादेवा में मेला शुरू

महाशिवरात्रि पर चार जोन व नौ सेक्टर में बंटा मेला क्षेत्र

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : अव्यवस्थाओं के बीच लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले की शुरुआत बुधवार से हो गयी। कांवडिय़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। मेला क्षेत्र बम भोले के उद्घोषों से गूंजने लगा है। बिठूर से जल भरकर कानपुर बिल्हौर से पदयात्रा करते हुए एक सैकड़ा कांवडिय़ों का जत्था डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए पहुँचा। बोहनिया तालाब पर जत्थे के महंत रामरतन के निर्देश में सभी ने आचमन कर हाजिरी लगायी।

मेला परवान चढ़ने लगा है लेकिन अभी तक व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो पाई हैं। जिला पंचायत के द्वारा लाखों रुपए की आमदनी ठेका नीलामी के रूप में की जाती है लेकिन जो दायित्व जिला पंचायत को सौंपा गया था वह अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। बोहनिया तालाब अभरन सरोवर मेला परिसर मेला आने वाले सभी मार्गो पर घुप्प अंधेरा फैला हुआ है। अभी तक मार्ग प्रकाश की व्यवस्था नहीं हो पाई। पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के द्वारा बैरीकेडिंग का कार्य पूरा नहीं किया गया है। बाढखंड के ठेकेदार के द्वारा अभरन सरोवर में जाली लगाने के नाम पर फर्ज अदायगी की गई है। मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल का अभाव बना हुआ है तमाम हैंड पंप अभी तक खराब पड़े हुए हैं। मेला अवधि में लगवाए जाने वाले अस्थाई हैंड पंप अभी तक लगाए नहीं गए हैं। मेला परिसर से होकर ओवर लोडेड गन्ना लदी ट्रकें अभी भी गुजर रही हैं। उन्हें रोका नहीं गया है। अभरन सरोवर की सीढ़ियां की मरम्मत तक नहीं कराई गई है। पर्याप्त सफाई भी नहीं हुई है। हैरतअंगेज बात यह है कि प्रत्येक वर्ष 15 दिन पूर्व मेले की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाती थी। इस बार प्रशासन ने 28 फरवरी से 8 मार्च तक 8 दिन का मेला ही माना है। 28 फरवरी बीत भी गई लेकिन व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो सकी। बोहनिया तालाब में भीषण गंदगी के बीच शिव भक्त आचमन करने को विवश हैं। हालांकि अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आए और बुधवार को सफाई कर्मी बहोनिया तालाब में लगाए गए शौचालय पर पानी के लिए टंकी रखने, चेंजिंग रूम के लिए टेंट लगाने की भी कवायद शुरू की गई परन्तु जिला पंचायत के द्वारा लगाए जाने वाले टेंट बैरियर आदि की व्यवस्था अभी अधूरी है।

महादेवा मेला क्षेत्र में बनाये गये नियंत्रण कक्ष में मौजूद पुलिस अधिकारी।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले इस महादेवा मेले में मेला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को चार जोन और नौ सेक्टरों में विभाजित कर चप्पे-चप्पे पर पुलिस एवं पीएसी के जवानों को तैनात करने की रूपरेखा तैयार की गई है। पहली बार एटीएस कमांडों को मेले की सुरक्षा के लिए लगाया गया है। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी एक प्लाटून फ्लड पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। पांच सीओ, 15 इंस्पेक्टर, 8 थानाध्यक्ष, 110 दरोगा, 4 महिला दरोगा, 440 कांस्टेबल, 150 महिला आरक्षी, 90 होमगार्ड, पांच ट्रैफिक इंस्पेक्टर, 40 ट्रैफिक सिपाही लगाए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन कैमरा, डॉग स्क्वायड, बम डिस्पोजल दस्ता, अग्निशमन दल को भी लगाया गया है। मेला परिसर में खोया पाया केंद्र एवं मेला कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

▸▸ पांच सीओ समेत लगाए गए 440 सिपाही

मुख्यमंत्री ने साइबर थाने का किया वर्चुअली लोकार्पण

सैंदर चौकी के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित डीएम एसपी व एमएलसी।

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

कार्यक्रम

▸▸ साइबर थाना और सैंदर चौकी का हुआ लोकार्पण

अमृत विचार: पुलिस की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर बुधवार को पूरे प्रदेश में साइबर थाने, पुलिस थाने व चौकी का मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने वर्चुअली लोकार्पण किया। इस दौरान जिले की पुलिस लाइन में साइबर थाने और घुंघटेर थाने की सैंदर चौकी के नवनिर्मित भवन का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, सांसद उपेंद्र रावत, डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार, एएसपी दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह,, चिरंजीव नाथ सिन्हा

डंपर व कंटेनर टकराए, 3 घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: देवा कोतवाली क्षेत्र के मियां का पुरवा गांव के पास बुधवार की भोर में किसान पथ पर तेज रफ्तार कंटेनर और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर का इंजन व केबिन क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गया। हादसे में कंटेनर के चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा बुधवार की सुबह देवा कोतवाली के मियां का पुरवा गांव के पास किसान पथ पर हुआ। कोलड्रिंक लादकर जा रहा तेज रफ्तार कंटेनर डंपर से भिड़ गया। हादसा इतना भीषण था की कंटेनर का इंजन और केबिन अलग हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे में कंटेनर के चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस पहुंचते उससे पहले उनको लखनऊ के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। देवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि किसान पथ पर कंटेनर और डंपर की भिड़ंत में कंटेनर के चालक समेत तीन लोग घायल हो गए।

हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

नाले में गिरने से युवक की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने बने नाले में गिरकर मंगलवार देर शाम एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन जब तक उसे सीएचसी टिकैतनगर लेकर पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

टिकैतनगर के नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित नाले में मंगलवार शाम एक युवक गिर पड़ा। लोग उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीचसी ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त टिकैतनगर के मोहल्ला धधवारा निवासी कल्पेश कनौजिया (26) पुत्र बसंतलाल के रूप में की गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानलेवा हमले में पिता दो पुत्रों को 4 वर्ष कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जान से मारने की नियत से मारपीट के मामले में दो सगे भाई और पिता को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला रामनगर थाने के चंदीपुर का है। यहां के निवासी बृजेश यादव ने 12 वर्ष पहले 8 अक्टूबर 2012 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही बलराज ने अपने भाई गुड्डू और पिता रामदयाल के साथ मिलकर उसके भाई को जान से मारने की नियत से लाठी-डंडो से पीट-पीटकर घायल कर दिया। इस पर पुलिस ने मारपीट, धमकी और जानलेवा हमले का केस दर्ज किया। विवेचक ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके बाद विवेचना के दौरान साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर बलराज उसके भाई गुड्डू और पिता रामदयाल को दोषी मानते हुए चार-चार वर्ष के साश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सार-संक्षेप

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में 50 छात्र सम्मानित

एक बच्चे को सम्मानित करतीं ब्लॉक प्रमुख आरती रावत। अमृत विचार

कोटी, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड सिद्धौर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व विशिष्ट अतिथि बीएसए संतोष देव पांडेय व बीडीओ पूजा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। न्याय पंचायत स्तर से निपुण लक्ष्य अर्जित करने वाले पांच बच्चों बालवाटिका से दो-दो एवं कक्षा 1, 2 ,3 से एक-एक बच्चा समेत 50 बच्चों को सम्मानित किया गया। कुमारवां निवासी अब्याया पटेल भी सम्मानित हुईं। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में साहबशरण वर्मा, आदर्श पांडेय, दिलीप, ज्ञानेंद्र, खतीब, अभिषेक नाग, मिन्हाज अहमद कई शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद रहे।

स्मार्ट क्लॉस से स्मॉर्ट बनेंगे नौनिहाल

मेडुवा के कंपोजिट विद्यालय में लाई गई एलईडी स्क्रीन व प्रोजेक्टर।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : प्राइवेट स्कूलों से अच्छी व्यवस्था सरकारी स्कूलों में हो इसके लिए कुछ गांवों के प्रधान और विद्यालय के अध्यापक निरंतर प्रयास में लगे रहते हैं। प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के कारण लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के बजाय कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाना ज्यादा बेहतर समझते हैं, जबकि सरकार प्राथमिक स्कूलों में मुफ्त शिक्षा देने के साथ कापी किताब और अन्य संसाधन मुक्त दे रही है। ब्लॉक बनी कोडर क्षेत्र स्थित मेडुवा के कंपोजिट विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान की मेहनत से सरकारी विद्यालय को स्मार्ट विद्यालय की शक्ल दी जा रही है। अब यह विद्यालय किसी भी तर्ज पर कॉन्वेंट स्कूल से कम नहीं लगेगा। उसी क्रम में विद्यालय में स्मार्ट क्लास के लिए और बच्चों को डिजिटल शिक्षा के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई है।

गद्दी पर कब्जेदारी को लेकर किन्नरों के बीच विवाद गहराया

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : गनेशपुर की गद्दी पर कब्जेदारी को लेकर किन्नरों के दो गुटों के मध्य चल रहा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवारा रात थाने पर घंटों चले हंगामे के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि थाना रामनगर अन्तर्गत कस्बा गनेशपुर में गद्दी को लेकर किन्नरों में विवाद चल रहा है। कई बार मारपीट भी हो चुकी है। ललिता किन्नर का आरोप है कि उसकी गुरु खुशबू किन्नर ने गनेशपुर में मकान बनवाया है। पप्पू उर्फ मुनेश्वर निवासी ग्राम पीर खाना थाना कैसरगंज बहराइच ने उस पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। उसी को लेकर विवाद है। रात थाने पहुंच कर किन्नरों ने हंगामा किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट, लूट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में एक दर्जन नामजद तथा 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

गीले कपड़े से बुझाएं गैस सिलेंडर में लगी आग

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट स्थित फायर स्टेशन के प्रभारी चन्द्र भूषण शुक्ला और उनकी टीम ने नगर पंचायत कस्बे के सुमेरगंज भिटरिया में मैरिज लान, विद्यालय, दुकानों, धार्मिक स्थलों, होटलों, बैंकों सहित अन्य संस्थाओं में आग से बचाव के संबंध में जानकारी दी। कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग करने के तरीके भी बताए। श्री शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं अधिक हो रही हैं। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। आग लगने पर तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करें। गैस सिलेंडर में आग लगने पर गीले कपड़े से आग को बुझाएं। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा, प्रमोद गुप्ता मुन्ना, गोविंद गुप्ता, निर्मल सिंह सलूजा, सुरेंद्र कौशल, हुकुम सिंह वर्मा, विशाल अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संजयसेतु में आयीं दरारें भरते श्रमिक। अमृत विचार

भरी गयी संजय सेतु के एप्रोच में आई दरार

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ बहराइच हाईवे के संजय सेतु पर बने एप्रोचों में आई दरारों का मरम्मतीकरण एनएचआई अधिकारी प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में किया गया। यातायात बाधित न हो इसके लिए पुलिस बल लगा रहा। ज्ञात हो कि बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु के अप्रोचों में जगह जगह दरारे पड़ गयी थी। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था। एनएचएआई की टीम ने बुधवार को सभी एप्रोच को श्रमिकों से भरवाकर मरम्मत करायी। मौके पर तैनात फोर्स ने यातायात को सुचारु रूप से बहाल कराया।

दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर दो महिलाओं की पिटाई कर दी। पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के करौंधिया गांव का है। यहां के निवासी श्री किशन का गांव के ही बलराम से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर बुधवार को श्रीकिशन ने सुरेंद्र, प्रदीप और राममिलन के साथ मिलकर बलराम के घर में मौजूद दो महिलाओं की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। हमले में घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी बनीकोडर में इलाज कराया गया।

गोप के घर पहुंचे पूर्व सांसद पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के सिविल लाइन स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। इस दौरान गोप ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मजबूती और मुस्तैदी से गठबंधन के प्रत्याशी के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर आगामी लोकसभा चुनाव में सहयोग करते हुए प्रचंड बहुमत से गठबंधन का परचम लहराएगा।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद के साथ लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं मे आपसी समन्वय स्थापित करने और बूथ स्तर पर गठबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए कही।

इसके पूर्व सपा और कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्षों ने दोनों पार्टियों के संगठन में समन्वय और कार्यकर्ताओं को एकजुटता से कार्य करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में विस्तार से चर्चा की।

सपा के पूर्व मंत्री गोप से वार्ता करते कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया।

लापरवाही एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं 75 शिक्षण संस्थाएं, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलनी है पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति

1123 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर गहराया संकट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नेशनल स्कॉलर शिप पोर्टल पर जिले के 75 शिक्षण संस्थानों द्वारा पंजीकरण न कराने के चलते कक्षा 9 से उच्च दर्जे के 1123 विद्यार्थियों की पूर्वदशम और दशमोत्तर योजना के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति पर संकट गहरा गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कई बार लापरवाह शिक्षण संस्थाओं को नोटिस देने के बाद भी उन्होंने पोर्टल पर केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे में संबंधित छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा निजी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्वदशम और दशमोत्तर योजना के तहत विषयवार छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में आने वाले वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े। छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ देने के लिए शिक्षण संस्थानों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी होता है लेकिन जिले के 75 शिक्षण संस्थाएं ऐसी सामने आई हैं जिन्होंने पोर्टल पर न तो पंजीकरण कराया और न ही केवाईसी कराई है। इनमें प्री-मैट्रिक के पांच विद्यालयों के कक्षा नौ व दस के 63, पोस्ट मैट्रिक के तीन शिक्षण संस्थानों के कक्षा 11 व 12 के 76 और इंटरमीडिएट से ऊपर के 66 शिक्षण संस्थानों के सबसे अधिक 984 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस प्रकार 75 शिक्षण संस्थाओं के कुल 1123 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर संकट गहरा गया है। इन शिक्षण संस्थानों की लापरवाही का आलम यह है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस व दिशा-निर्देशों के बाद भी एनएसपी पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है। अब एक बार फिर विभाग ने संबंधित कॉलेज व स्कूलों को पत्र भेजकर एनएसपी पोर्टल पर पंजीकरण कराकर केवाईसी कराने को निर्देशित किया है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी ने बताया कि इन सभी शिक्षण संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

शिक्षण संस्थानों की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे छात्र

इन शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया था लेकिन स्कूल व कॉलेजों ने लापरवाही के चलते नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपनी कार्रवाई पूरी नहीं कराई। इसमें शिक्षण संस्थानों को केवाईसी की छायाप्रति, प्रधानाचार्य या नोडल अधिकारी के आधार कार्ड की प्रति, मान्यता, सोसाइटी, संबंद्धता के आदेश की कॉपी, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं की कक्षावार सूची आदि का ब्योरा देना होता है और इसकी हार्डकॉपी विभाग में जमा करानी होती है। ऐसा न करने से इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों का डाटा संदेहास्पद की श्रेणी में आ गया है।

मजदूर को छोड़ने आए युवक पर हमला

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार: मजदूर को घर छोड़ने आए युवक पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां होश आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला बरकटही गांव का है। यहां के निवासी लोचई क्षेत्र के डल्लूखेडा गांव निवासी रामू के यहां भवन निर्माण मजदूरी करता है। मंगलवार की रात रामू लोचई को उसके घर छोड़ने आया था। इसी दौरान गांव के रामऔतार ने रामू पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने रामू को अस्पताल पहुंचा। एसओ अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

किसानों के लिए भाजपा ने लागू कीं कई योजनाएं

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : जब किसान खुशहाल रहेगा तभी देश खुशहाल होगा। इसी परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। ये बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त प्रधानमंत्री द्वारा जारी किए जाने के मौके पर किसान कल्याण केंद्र पर रामनगर पर आयोजित किसान उत्सव एवं जायद गोष्ठी कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पं .दीनदयाल उपाध्याय ने जो सपना देखा था उसे मोदी और योगी ने पूरा करने का काम किया है। किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ किसान और मजदूर को मिल रहा है।

प्राथमिक विद्यालय पर लगा विज्ञान मेला

बाराबंकी, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय तेजवापुर में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और विद्यालय परिवार की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बुधवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान आओ करके सीखें पर चर्चा की गई और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सन्दीप मिश्र, आरती वर्मा, अवधेश शरण, कमालुउद्दीन, उर्मिला देवी तथा गांव के स्वयंसेवी, अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

18 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को दो वारंटी और दो वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 18 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

शहर के 24 पार्कों का किया जाएगा कायाकल्प

सतीश श्रीवास्तव बाराबंकी

अमृत विचार : शहर के 24 पार्कों के कायाकल्प की तैयारी है। नगर पालिका ने इस पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। सभी पार्कों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हरी घास का रोपण होगा। जहां जमीन उपलब्ध है, वहां वॉकिंग ट्रैक भी बनाया जाएगा। बच्चों के खेलने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शहर के जेब्रा पार्क के पीछे के तरफ एक और विशाल पार्क के निर्माण का कार्य शुरू हुआ है। इस पार्क में वॉकिंग ट्रैक बनाया जा रहा है। पार्क स्थित तालाब में मोटर व पैडल बोट की भी सुविधा मिलेगी। सुबह-शाम टहलने वालों के लिए हरी घास लगाई जाएगी। इस पार्क को बहुउद्देशीय बनाया जाएगा। यहां व्यायामशाला का भी निर्माण होगा। लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी। इस पार्क में पहले से भी व्यायाम शाला थी। जिसके उपकरण खराब चुके हैं। अब इसका नए सिरे से व्यवस्थापन किया जाएगा। पार्क में लगे हाईमास्ट लाइट के खंभे हटवा दिए गए हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर होने वाली सभाओं को अब इसी पार्क में कराया जा सकता है जिससे राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान विद्यालय के बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकेगा। पार्क के अंदर किसी महापुरुष की प्रतिमा लगाने के लिए भी स्थान सुरक्षित किया गया है। इसके लिए बेस का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि नगर पालिका के अधिकारी यह मानने को तैयार नहीं है कि यहां किसी की प्रतिमा लगाने का कोई प्रस्ताव है।

जेब्रा पार्क के पीछे प्रतिमा लगाने के लिए बनाया जा रहा बेस। अमृत विचार

बनने से पहले ही चहारदीवारी में आयी दरार

जेब्रा पार्क के पीछे निर्माणाधीन पार्क की चहारदीवारी का निर्माण कार्य अभी चल ही रहा है कि इसमें दरार आ गई है। चहारदीवारी की कब्रिस्तान की तरफ वाले हिस्से में दरार आयी है। हालांकि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार का कहना है कि जेसीबी के धक्के से चहारदीवारी में दरार आई है।

पार्क की चहारदीवार पर पड़ीं दरारें।

> शहर के 24 पार्कों का कायाकल्प कर उसे आकर्षण का केंद्र बनाने जा रहे हैं। जेब्रा पार्क के पीछे जिस पार्क का निर्माण चल रहा है, वहां सिंथेटिक टैंक, तालाब में पैडल बोट, पैदल ट्रैक, पूरे मैदान पर हरी घास लगवाई जाएगी। लोगों के बैठने के लिए बेंच का इंतजाम किया जा रहा है। इस पार्क को इस तरह तैयार किया जा रहा है कि राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर होने वाली सभाओं और नुमाइश के लिए इसका प्रयोग किया जा सके।
>
> –संजय शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका

गैंगरेप के 4 दोषियों को 20 वर्ष की कैद

विशेष न्यायाधीश ने लगाया 31-31 हजार रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी:

अमृत विचार : सात वर्ष पहले किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के करने वाले चार दोस्तों को दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 31-31 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला सतरिख थाना क्षेत्र एक गांव का है। यहां की निवासिनी पीड़िता ने 23 मई 2017 को सतरिख थाने में दी तहरीर में बताया कि उसे बहाने से टिकैतनगर थाने के इचौली निवासी मोनू कश्यप, मंजीठा निवासी बब्लू यादव, नगर कोतवाली के दनियालपुर निवासी कुलदीप उर्फ दादा उर्फ मोनू तथा जफरपुर निवासी रामसिंह ने बुलाकर पहले जबरन शराब पिलाई। उसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी, अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा। किशोरी के बयान व चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट के साथ वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल कर दिया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर चारो अभियुक्तों को दोषी मानते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व 31-31 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

दहेज के लिए पत्नी को पिलाया जहर, पति समेत 5 पर केस

जहांगीराबाद, बाराबंकी : दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को मारने पीटने के बाद जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर मायके वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं जहांगीराबाद थाने में पुलिस को तहरीर देकर पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के ढेकीबाग निवासी अंजलि ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2018 में कुर्सी थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी सज्जन पुत्र विनोद के साथ हुआ था। पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था लेकिन उसके ससुरालवाले खुश नहीं थे। दहेज की मांग को लेकर पति सज्जन, सास गमला, ससुर विनोद, ननद मोनिका व चचेरा ससुर मलय्या उसे प्रताड़ित करते थे। उसके एक बेटी है और वह वर्तमान में वह गर्भवती है। बीती 13 फरवरी की दोपहर पति ने पीटने के बाद उसे जहर पिला दिया। उसने फोन कर मायके वालों को बुलाया। उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति समेत पांच पर केस दर्ज किया गयाहै।

जालसाज की 1.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: आवासीय जमीन व प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी और जालसाली करने वाले गिरोह के सरगना की एक करोड़ 44 लाख की संपत्ति बुधवार को पुलिस व प्रशासन की टीम ने कुर्क की।

जिले में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस व प्रशासन के संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को लोगों को सस्ती आवासीय जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना अमेठी के गौरीगंज के गोठवा दरखा निवासी वासुदेव यादव, गोंडा के इटवा थोक के नरौरा भर्रापुर निवासी वीरेंद्र तिवारी, खोडारे थाना क्षेत्र के पटेसरी देवी और लखनऊ के चिनहट निवासी दिनेश कुमा वर्मा पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था। बुधवार को प्रशासन और पुलिस की टीम अमेठी के गौरीगंज पहुंची। जहां पर गिरोह के सरगना वासुदेव का एक करोड 35 लाख रुपये कीमत का मकान और एचडीएफसी बैंक, विनीत खण्ड गोमती नगर में जमा 8,97,589 रुपये को कुर्क किया।

कार्यकत्री ने हेडमास्टर के खिलाफ दी तहरीर

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय दूला का पुरवा के परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन का विरोध कर रहे हेडमास्टर के विरुद्ध कार्यकत्री ने थाने में शिकायत की है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री शैलकुमारी ने बताया कि तीन माह से यहां के प्रधानाध्यापक विद्यालय परिसर में जगह कम होने की बात कहकर केंद्र के संचालन में व्यवधान डालते हैं। बीईओ ने हेडमास्टर को समझाया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। पीड़िता ने बताया हेडमास्टर के व्यवहार से केंद्र के संचालन की समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

विरोध पर पालिका ने रुकवाया कार्य

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : कब्रिस्तान भिटाराशाह में पार्किंग बनाने के लिए पालिका ने जेसीबी से खोदाई शुरू करवा दी। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हो गए और विरोध शुरू कर दिया। विरोध को देखते हुए पालिका ने अपना निर्णय वापस ले लिया।

जेब्रा पार्क के पीछे बन रहे एक और नए पार्क का निर्माण नगर पालिका प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। इस पार्क के बगल में कब्रिस्तान स्थित है। कब्रिस्तान पर बुधवार को जेसीबी से मिट्टी की लेवलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया। यह देख मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में वहां एकत्र हो गए और उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि यह पुराना कब्रिस्तान है। यहां उनके पुरखे दफन हैं। हिसाम अली ने बताया कि उनके दादा एहतराम अली की कब्र खोद डाली गई। पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि पार्क के बगल में नाली का पानी कीचड़ फैला रहा था। उन्हें कब्रिस्तान होने की जानकारी नहीं थी। जैसे ही बताया गया कार्य रुकवा दिया गया। संबंधित स्थान पर पार्किंग के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। सड़क पर बहते पानी की समस्या को ठीक करने के लिए लेवलिंग की जा रही थी। तत्काल काम रुकवा दिया गया है।

कब्रिस्तान भिटाराशाह में मौजूद लोग। अमृत विचार

सार-संक्षेप

पूर्व मंत्री ने 255 विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रानी शान्ती देवी ग्रुप इन्स्टीट्यूशन सूर्यपुर स्टेट हथौंधा में बुधवार को नि :शुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने मां सरस्वती की फोटो पर फूल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। महाविद्यालय के प्रबंधक राजा अविनाश सिंह ने स्मृति चिह्न एवं प्रधान प्रतिनिधि मोहित सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अरविंद सिंह गोप ने 255 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा को तकनीक से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को ज्ञान एवं तकनीक के प्रयोग से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर त्रिवेदीगंज प्रमुख सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष रणंजय प्रताप सिंह, प्रिंसिपल सुनील त्रिपाठी सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

शिक्षण पद्धति में सकारात्मक सुधार लाएं शिक्षक : अंगद

निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र कुर्सी में प्राथमिक शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बुधवार को एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने शिक्षकों से प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कहा कि शिक्षक बनना एक व्यवसाय नहीं, वरन अत्यंत पुनीत अवसर है। यह हमें देश का भविष्य उज्ज्वल करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों की शिक्षण पद्धति में सकारात्मक सुधार लाने के लिए तत्परता से नवाचार लागू कराने पर जोर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ समन्वयक संदीप वर्मा, हरि प्रकाश शुक्ल, शिवशंकर सिंह, हिमेश, राजेश, जितेंद्र, गौरव, प्रशिक्षक चंद्र कुमार, गीतिका श्रीवास्तव, पल्लवी सिंह, गोविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

मतदान के दिन जो सोएगा, पांच बरस मौका खोएगा

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के सातवें दिन बुधवार को विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में चलाए जा रहे नवाचार के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी कॉपियों पर लिखे मतदान के दिन जो सोएगा, पांच बरस मौका खोएगा स्लोगन से अपने घर-परिवार एवं पास- पड़ोस के मतदाताओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक किया। नोडल प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि विद्यालयों में अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं की कॉपियों पर सातवें दिवस जो स्लोगन लिखकर भेजे थे। उन स्लोगन को छात्र-छात्राओं ने अपने घर परिवार के सदस्यों को पढ़कर सुनाया एवं दो दिन अवकाश के कारण बच्चों को अधिक मतदाताओं से मिलने का अवसर मिला। स्लोगन के माध्यम से जागरूकता में ब्लॉक सिद्धौर में 9949, त्रिवेदीगंज में 12808 और हैदरगढ़ ब्लॉक में 13632 मतदाताओं को अपनी कॉपियों पर लिखे स्लोगन पढ़कर सुनाए व लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की।

अच्छा कार्य करने वाली आशाबहू व संगिनी सम्मानित

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : पहली बार विकासखंड स्तर पर आयोजित आशा सम्मेलन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पन्न हुआ। इसमें बेहतर कार्य करने वाली आशा बहू व संगिनियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ .सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशा बहू वीणा तिवारी, पूजा देवी एवं शांति देवी और आशा संगिनी अंबा देवी, शशि कुमारी एवं शैल कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री शुक्ला ने बताया कि संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और परिवार नियोजन सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली आशाओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ पुरस्कार के रूप में क्रमश : 5 हजार, 2 हजार व 1 हजार रुपये ऑनलाइन खाते में उपलब्ध कराए जाते हैं। इस अवसर पर रितु सिंह, मनीष, संजय, देवी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

कथाव्यास ने सुनाया ताड़कासुर के वध का प्रसंग

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के हनुमान मंदिर यज्ञशाला परिसर कृष्णा नगर टिकैतगंज में भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथावाचक बाल व्यास लवकुश ने ताड़कासुर वध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ताड़कासुर नामक राक्षस ने शिवजी की घोर तपस्या की थी। तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने उससे वरदान मांगने को कहा। ताड़कासुर ने अमरता का वरदान मांगा, परन्तु शिवजी ने यह वरदान नहीं दिया और कहा यह प्रकृति के विरुद्ध है। कुछ और वर मांगो। तब ताड़कासुर ने कहा कि अगर उसकी मौत हो तो सिर्फ आपके पुत्र द्वारा हो। शिव ने यह वरदान दे दिया। वरदान मिलते ही ताड़कासुर ने आतंक फैला दिया। देवताओं और ऋषियों ने शिवजी से ताड़कासुर का अंत करने को कहा। कई वर्षो बाद माता पार्वती ने शिव से विवाह के लिए तप किया। विवाह के बाद माता पार्वती ने कार्तिक को जन्म दिया। शिवजी के आदेश पर कार्तिकेय ताड़कासुर से युद्ध करते हैं। इस मौके आयोजक उमेश, अंकित, अमित, राजेश, निरंकार, लवकुश, अभय, सुरेंद्र, हनुमान, हरिओम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दो स्थानों पर लगी हाईमास्ट लाइट

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : व्यापारियों की सुविधा के लिए युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा सांसद उपेंद्र सिंह रावत से मांगी गई हाई मास्क लाइट की सौगात प्राप्त हो गई है। श्री द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने एक माह पहले सांसद से मुलाकात करके व्यापारियों की सुविधा के लिए सब्जी मंडी वार्ड की मेंन मार्केट एवं वीरेंद्र मार्केट के लिए हाई मास्ट लाइट की मांग की थी। इस पर सांसद ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को दोनों स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगवा दी।

मांगें पूरी न होने पर भाकियू ने दिया धरना

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन(धर्मेंद्र गुट) के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने बीती 19 फरवरी को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। इसमें बताया गया था कि 27 फरवरी तक समस्याओं का समाधान न होने पर 28 फरवरी से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लेकिन समय पूरा होने पर अब तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू किया। भाकियू की मांग है कि ग्राम दिलोना, नाथूपुर, रामगढा, अमहिया आदि में चरागाह की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करायी जाए। इसके अलावा कई अन्य मांगें शामिल हैं।

झोपड़ी में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा मेडुवा के पूरे स्वयंवर गांव में बुधवार की देर शाम अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। इस घटना में झोपड़ी में रखी नकदी एवं घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गांव निवासिनी फूलमता अपनी झोपड़ी पर मौजूद थी। अचानक उसने अपने घर के छप्पर से आग की लपटें उठती देखीं तो उसने शोर मचाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। आग की विकरालता बढ़ती गई। गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से 30 हजार से अधिक का घरेलू सामान, ओढ़ने बिछाने के कपड़े, अनाज आदि जलकर राख हो गया। फायरमैन अभिषेक मणि त्रिपाठी ने बताया कि सूचना नहीं मिली थी।

जलती हुई झोपड़ी से उठता धुआं।

किसान खेत की मिट्टी की कराएं जांच

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम अचकामऊ और ग्राम बेरी आलमपुर में गन्ना किसान संस्थान लखनऊ द्वारा चीनी मिल हैदरगढ़ के सहयोग से बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक राम नरेश वर्मा ने बताया कि किसान मिट्टी की जांच कराएं और संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें। बीज को उपचारित करके ही बोएं। गन्ना संस्थान के विषय विशेषज्ञ अरुण कुमार ने किसानों को कीट व रोग नियन्त्रण की सलाह दी। रंजय जायसवाल ने कहा कि नैनो उर्वरक का प्रयोग बढ़ाएं।

जमीन दिलाने के नाम पर 34 लाख हड़पे, नौ पर केस

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : छह बीघा जमीन दिलाने के नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 34 लाख रुपये हड़प लिए। बैनामा न होने पर उसे शक हुआ तो उसने रुपये वापस मांगे। इस पर उसे धमकाया गया। इस पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर नौ लोगों पर जालसाजी और धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

मामला सतरिख थाना क्षेत्र का है। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6, न्यू फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजीव कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अभिषेक सिंह, अशोक सिंह, अनिल मिश्रा ने उसे सतरिख थाना क्षेत्र के मजीठा गांव में छह बीघा जमीन दिलाने के लिए रविंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार और मंशाराम आदि से मुलाकात कराई थी। इन लोगों ने मजीठा गांव स्थित गाटा संख्या 215 को अपना बताकर उसके एवज में 13 लाख 59 हज़ार, 5 लाख 56 हज़ार, 3 लाख 95 हज़ार रुपये समेत विभिन्न तिथियों में कुल 34 लाख 59 हज़ार रुपये ले लिये। काफी समय बीतने के बाद जब बैनामा करने को कहा तो उन लोगों द्वारा लगातार टालमटोल किया जाने लगा। इस पर शक हुआ तो उसने रुपये लौटाने की बात कही तो उन लोगों ने उसे धमकी दी। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि 34 लाख हड़पने के मामले में नौ लोगों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो०: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो०: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

किराए की दुकान में संचालित किये जा रहे आरोग्य मंदिर

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर के अंतर्गत आने वाले आरोग्य मंदिर सुपामऊ के पास खुद का भवन नहीं है। यह आरोग्य मंदिर दुल्लापुर में किराए की दुकान पर चल रहा है।

बुधवार को जब इस आरोग्य मंदिर में कोई एएनएम मौजूद नहीं मिली। वहीं जिस दुकान में यह आरोग्य मंदिर चल रहा है उस दुकान के मालिक के पुत्र ने बताया कि एएनएम साप्ताहिक तौर पर आती हैं। बुधवार को टीकाकरण अभियान में कहीं टीकाकरण कर रही होंगी आज नही आई है। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर टिकरा में भी 11 बजे तक ताला बंद मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां एएनएम सेंटर नहीं आती हैं। कुछ ऐसा ही हाल क्षेत्र के अन्य आरोग्य मंदिरों का है।

बहरहाल सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमरेश वर्मा ने बताया कि कुल 31 जगहों पर टीकाकरण का काम चल रहा है। टीकाकरण सेंटर पर ही हो यह जरूरी नहीं है। एएनएम किसी गांव में टीकाकरण कर रही होंगी। वहीं बीपीएम बृज प्रकाश तिवारी ने बताया कि टिकरा सेंटर के कर्मी दांदूपुर प्राथमिक विद्यालय में व किठैया सेंटर के कर्मी बेलिया में टीकाकरण करने गए हैं।

हो रही सफाई | सिंचाई विभाग के बाढ़ कार्य खंड को सौंपा गया कार्य

जमुरिया नाले के चौड़ीकरण का कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : शहर के बहुचर्चित जमुरिया नाले को चौड़ा करने का कार्य फिलहाल बेरोकटोक चल रहा है। अभी ऐसे स्थान पर कार्य कराया जा रहा है जहां आबादी स्थित नहीं है। सफाई का कार्य सिंचाई विभाग के बाढ़ कार्य खंड को सौंपा गया है। खोदाई में निकल रही मिट्टी को नाले के किनारे के निचले हिस्से को पाटने में खपाया जा रहा है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ला का कहना है कि नाले के सेंटर लेवल से दोनों ओर साढ़े बारह -साढ़े बारह मीटर नापकर खोदाई कराई जा रही है। जिसमें नाले का तटबंध भी शामिल है। खाली हिस्से पर नाले की खोदाई के बाद जहां जरूरत होगी वहां अतिक्रमण हटाया जाएगा।

जमुरिया नाला वही नाला है जिसके उफनाने से पिछली बार बरसात के मौसम में तकरीबन आधा शहर जलमग्न हो गया था। जमुरिया नाले के तट पर अतिक्रमण कर बने जिन मकानों को गिराने के आदेश हो चुके हैं, उन पर अब तक काम नहीं शुरू हो सका है। जमुरिया नाले की साफ- सफाई के साथ-साथ प्रशासन इसके आसपास स्थित भूमि को भी चिह्नित करने का कार्य कर रहा है।

जमुरिया नाले की खोदाई करती जेसीबी। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं राज वेटी माटा प्रदीप कुमार सैन्य संख्या 156910504 रैंक- हवलदार निवासी ग्रा0व0पो0- बैजूपुर, थाना – पाली जिला हरदोई (उ0प्र0) पिन- 241123 घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम व जन्मतिथि राजाबती व 01/07/1966 त्रुटिबस मेरे बेटे के सैन्य अभिलेखों में दर्ज हो गया । मेरा सही नाम व जन्मतिथि राज वेटी व 01/01/1965 है जो कि मेरे पैन व आधार के अनुसार सत्य व सही है।

बैठक सूचना
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घाटपारा वि. ख. राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 29/02/2024 को ग्राम सभा घाटपारा के पंचायत भवन परिसर में समय 01:00 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमे इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।
मुख्य प्रवर्तक

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम AMARPREET KAUR था अब मैने बदलकर अपना नाम PREETI AGARWALरख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: PRATEEK AGARWAL, 6, SHYAM NAGAR, RAEBARELI ROAD, LUCKNOW, U.P-226029

सूचना
मैं मो0 सिद्दीक अंसारी पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी निवासी 113/ 1 कजियारा कर्बला रोड पुराना सीतापुर तहसील व जिला सीतापुर का हूँ। मेरा पासपोर्ट सं0 11 / 43723/92 बना हुआ है जिस पर मेरा नाम मोहम्मद सिद्दीक अंसारी (MOHAMMAD SIDDIQ ANSARI) पुत्र स्व0 मोहम्मद इसहाक अंसारी (MOHAMMAD ISHAQ ANSARI) अंकित है । जबकि अन्य समस्त प्रपत्रों पर मेरा नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) अंकित है । अब से मेरा सही नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) व पिता का सही नाम मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) पढ़ा व लिखा व पहचाना जाय

नमो युवा चौपाल में जीत का दिया मंत्र

लालगंज, रायबरेली। क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरू में भाजयुमो द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय ने कहा कि समूचा देश लगातार तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने को संकल्प लेकर बैठा हुआ है, जिसके चलते विपक्षी पार्टियों का मौका परस्त गठबंधन पूरी तरह विफल होना तय है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहीं है, ताकि युवा अपने सपने साकार कर सके।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है। इसलिए हम लोगों को भी संकल्प लेना चाहिए कि रायबरेली में भी भाजपा का ही प्रत्याशी जीते और रायबरेली जनपद का और अधिक विकास हो सके। उन्होंने एक मार्च को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की रैली में चलने का भी सभी से आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष आनन्द त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही युवाओं का उत्थान एवं तरक्की संभव है।

अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति होना चाहिए जागरूक: बीईओ

महराजगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। विकासखंड स्तर पर हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम ब्लाक सभागार में आयोजित किया गया। उत्सव में बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के निपुण छात्रों को प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने आह्वान किया।

बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों में संचालित हो रहे 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने बाल वाटिका के बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों का नियमित उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार करने और उन्हें गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने की अपील की। इसके साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में बोलते बीईओ राम मिलन यादव।

हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व प्राथमिक कक्षा के अंतर्गत बच्चों को सरकार द्वारा कई सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नोडल अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को मिलकर टीम भावना से निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सकता है। उत्सव कार्यक्रम के अंत में बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के निपुण बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर बालविकास परियोजना की सुपरवाइजर आशादेवी, शिवकांती वर्मा, उर्मिला सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएम ने पुलिस महकमे को दी करोड़ों की सौगात, किया वर्चुअल लोकार्पण

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यूपी पुलिस को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए और पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को लेकर आवासीय हॉस्टल, विवेचना कक्ष सहित करोड़ों की परियोजनाओं का लखनऊ में लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में बने हास्टल, विवेचना कक्ष का वर्चुअल लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री के लोकार्पण का वर्चुअल कार्यक्रम पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित किया गया। सीएम ने रायबरेली के साइबर थाने के साथ पांच थानों सलोन, डलमऊ, गुरूबक्सगंज, हरचंदपुर व डीह थाना में पुलिस कर्मियों को आवासीय सुविधाओं के बैरक व विवेचना कक्ष का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश सिंह के साथ विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ सीओ सिटी, लाइन, सहित प्रभारी थाना साइबर सेल, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार व अन्य। अमृत विचार

थाने के आरक्षी बैरक व विवेचना कक्ष का लोकार्पण

सलोन, रायबरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर सलोन कोतवाली के आरक्षी बैरक और विवेचना कक्ष का वर्चुवल उदघाटन कर भवन को पुलिस के सुपुर्द किया। एसडीएम आशुतोष राय, सीओ वंदना सिंह ने थाना सलोन के नए भवन में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सुचारू व सकुशल सम्पन्न कराया है। पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उदबोधन भी सुना। संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल को आधुनिक बनाने के साथ ही उन्हें बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस मौके पर कोतवाल श्याम कुमार पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, नरेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज बृजेंद्र सिंह, राहुल मिश्रा, वीपी सिंह, संजय शर्मा, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

डीआईओएस को सम्मानित किए जाने पर जताई खुशी

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा को सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों ने खुशी जताई है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक पूरे प्रदेश में मनाया गया। इसमें प्रत्येक जनपद में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी स्टेट होल्डर विभागों के सहयोग से एक साथ मानव श्रृंखला के निर्माण में समस्त विभागों के अधिकारी /कर्मचारी, सामाजिक संगठनों, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा के छात्रों और आम जनमानस के अधिकारी अधिक संख्या में सहयोगिता सुनिश्चित की गई थी।

इस कार्यक्रम में जनपद रायबरेली की कुल जनसंख्या के सापेक्ष मानव श्रृंखला में प्रतिभाग किए गए प्रतिभागियों की संख्या के प्रतिशत के आधार पर सर्वाधिक सहभागिता वाले जनपदों में रायबरेली भी शामिल रहा। इस पर बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह, भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी, जिला सहसंयोजक अजय सिंह चंदेल, ऋषि राज त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, जिला संयोजक प्रबंधक महासभा अभिनव अवस्थी, जिला संयोजक प्रधानाचार्य महासभा नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला संयोजक वित्तविहीन महसभा चंद्र प्रकाश पांडे, जिला संयोजक तदर्थ महसभा अतुल शुक्ला, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, जिला संयोजक समन्वय समिति मनोज अवस्थी, जिला संयोजक प्रचार प्रचार समिति प्रेम शंकर मिश्र, जिला संयोजक शिकायत समिति बालेंद्र बहादुर सिंह, जिला संयोजक महिला समिति गीता जिला संयोजक सेवानिवृत्ति महासभा धीरेंद्र मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार अवस्थी, डॉक्टर कमलाकांत, सुनील द्विवेदी आदि ने खुशी जताई है।

सार-संक्षेप

बुजुर्ग को टक्कर मारकर पलटा अनियंत्रित कंटेनर

बांदा-बहराइच राजमार्ग पर पलटा कंटेनर।

सतांव, रायबरेली। क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर बुधवार की फलों से लदा एक कंटेनर ने कुर्मियामऊ चौराहे के समीप एक स्कूली बस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके चपेट में सड़क किनारे झाड़ू लगा रहा बुजुर्ग चपेट में आया गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिये सीएचसी जतुआ टप्पा भेज दिया। रामसेवक पुत्र भगवानदीन निवासी खुसुरूपुर बुधवार की सुबह करीब 8 बजे अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रहे थे। तभी प्रतापगढ़ से फल लादकर हैदरगढ़ जा रहे एक कंटेनर ने सामने से आ रही स्कूली बस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बुजुर्ग रामसेवक को टक्कर मार दी। इस घटना में रामसेवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि कंटेनर चालक इबरार पुत्र बसीर निवासी टिकियापुर थाना सांगीपुर को हिरासत में ले लिया गया है।

सभी से प्यार और व्यवहार रखते हैं संत

जगतपुर, रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा बसंत सिंह ने की। सत्संग को संबोधित करते हुए महात्मा ने कहा कि संत महापुरुषों ने युगों-युगों से संसार को यही पैगाम दिया है और आज भी देते आ रहे हैं। प्रभु परमात्मा ही पूर्ण है। बाकी संसार में जो कुछ भी हम इस नजरों से देख रहे हैं। वह एक न एक दिन इसका अस्तित्व मिट जाना है। यह परमात्मा अजन्मा है। जन्म और मृत्यु से परे हैं, अजर, अमर, अविनाशी है। भक्तजन ऐसे पूर्ण परमात्मा का ज्ञान सद्गुरु से प्राप्त करके एक मन से अहंकार को तज कर विनम्र जीवन जीते हैं। जीवन में आध्यात्मिक और आर्थिक ऊंचाइयों को प्राप्त होने के बाद भी किसी को नीचा नहीं दिखाते। किसी को छोटा नहीं मानते इसी प्रभु की कृपा मानकर सभी के साथ प्यार और व्यवहार रखते है। सेवा भावना के साथ ही सभी की मदद करते है। संत महात्मा किसी भी परिस्थिति में डरकर जीवन नहीं जीते। इस मौके पर राम सुमेर, विशाल, रितेश, पूना, ऊषा, लक्ष्मी, रामकली, आशा, रेखा, मीरा दीक्षित सहित आदि साध संगत मौजूद रहे।

आकाशीय बिजली से झुलसे अधेड़ की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आने से झुलसे हुए अधेड़ की जिला अस्पताल से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला क्षेत्र के हादीपुर मजरे पचखरा गांव का है। गांव निवासी अमृतलाल मंगलवार की दोपहर खेत गया हुआ था। तभी बरसात होने लगी तो इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वह झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर शाम जिला अस्पताल में उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजन उसके शव को लेकर घर आ गए। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि मृतक के परिजन को सरकारी मदद दिलाई जाएगी।

महिला ने एम्बुलेंस में बेटे को दिया जन्म

जगतपुर, रायबरेली। क्षेत्र के पूरे सेमान सिंह की रहने वाली एक गर्भवती प्रसव पीड़ा से परेशान थी। जिसे जगतपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। रास्ते में ले जाते समय महिला ने एम्बुलेंस में बेटे को जन्म दिया। बुधवार को पूरे सेमान सिंह की रहने वाली गुलाब कली प्रसव पीड़ा से परेशान थी। परिजनों द्वारा उन्हें जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत काफी गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गर्भवती महिला को एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय ले जाया जा रहा था। तभी जमालपुर के पास एम्बुलेंस में गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। जिसमें आशा शीला देवी, ईएमटी वीरेंद्र सिंह, दिवाकर, पायलट कुलदीप यादव की मदद से गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में ही बेटे को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा-बच्चा को सीएचसी वापस ले आए, जहां पर दोनों को भर्ती कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डा. एलपी सोनकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस में गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

सड़क हादसों में तीन घायल, एक गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में अधेड़ समेत तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना गदागंज थाना क्षेत्र के कानपुर-उन्नाव राजमार्ग पर मतीनगंज बाजार के पास की है, जहां मंगलवार की शाम बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार मुकेश शुक्ला निवासी मनिहर गर्वी थाना गदागंज घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर अरखा के पास की है, जहां मंगलवार की रात बाइक सवार अनिल कुमार पूरे तुला मजरे कोटरा बहादुरगंज अनियंत्रित होकर ठेली से टकरा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से कुंवर बहादुर को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। गांव में रह रही पत्नी से एक युवक फोन पर अश्लील बाते करता था। शहर से गांव पहुंचे पति को जानकारी हुई तो उसने मंगलवार को कोतवाली में नामजद शिकायत की। शिकायत करने के बाद रात में पति की संदिग्ध मौत हो गई है। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे चंदी मजरे कंदरावा का है। गांव का एक युवक रोजी रोटी के लिए शहर में मजदूरी करता था। घर में उसकी पत्नी अकेली रहती थी। उसके गांव में क्षेत्र के रिसाल का पुरवा निवासी युवक की रिश्तेदारी है। बताते है कि उसका अक्सर महिला के गांव आना जाना था। इस दौरान वह महिला के संपर्क में आया और उससे फोन पर अश्लील बाते करने लगा। मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ कोतवाली पहुंचा और उसने युवक को नामजद करते हुए लिखित तहरीर दी।

कोतवाली में उससे सिपाहियों ने तहरीर लेकर वापस घर भेज दिया और मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। उधर, युवक घर पहुंचा और उसकी रात में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवक की मौत के दूसरे दिन बुधवार को उसकी पत्नी ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। यह घटना जब क्षेत्र में फैली तो लोग तरह-तरह की बाते करने लगे। उधर कोतवाल पूरे मामले से अंजान बने हुए है।

रंजिश में दिव्यांग महिला व बेटी को पीटा

खीरों, रायबरेली। बुधवार को खीरों क्षेत्र के गांव भगवानबक्सखेड़ा मजरे सकतपुर में पुरानी रंजिश के कारण तीन लोगों ने एक दिव्यांग वृद्धा और उसकी बेटी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उक्त गांव निवासी ननकई पत्नी मुन्नीलाल ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है। पुरानी रंजिश के कारण उसके गांव के तीन लोगों ने रास्ते में रोक कर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची बेटी रामवती को भी पीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है।

ओबरा की यूनिट बंद, ऊंचाहार एनटीपीसी ने बढ़ाया उत्पादन

ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ **बिजली संकट से उबारने के लिए आगे आई एनटीपीसी**

अमृत विचार। प्रदेश सरकार की ओबरा विद्युत परियोजना में एक हजार मेगावाट की यूनिट बंद होने से पैदा हुए बिजली से निपटने के लिए एनटीपीसी आगे आई है। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना ने अपना उत्पादन बढ़ा दिया है।

ज्ञात हो कि ओबरा पावर प्रोजेक्ट में एक हजार मेगावाट क्षमता वाली एक यूनिट में अचानक आई तकनीकी खराबी से यूनिट बंद हो गई है। इस स्थित से निपटने के लिए एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना ने अपना उत्पादन बढ़ाया है। आधे भार पर अभी तक चल रही ऊंचाहार की कुल पांच यूनिटों में उत्पादन बढ़ाकर उन्हे अपनी पूरी क्षमता के करीब ले जाया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर दो पहले से बंद चल रही है।

बुधवार की दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे एनटीपीसी की यूनिट एक 141.67 मेगावाट, यूनिट तीन 184.59 मेगावाट, यूनिट चार 177.62, यूनिट पांच 128.79 मेगावाट और यूनिट छह 437.700 मेगावाट के भार पर उत्पादन कर रही थी। ऊंचाहार परियोजना बुधवार को 8.73 मिलियन यूनिट का बिजली उत्पादन कर रही थी।

27 लोगों ने किया रक्तदान

ऊंचाहार, रायबरेली। एनटीपीसी ने जीवन ज्योति चिकित्सालय द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें एनटीपीसी कर्मचारियों के साथ सीआईएसएफ के जवानों ने रक्तदान किया है। इस दौरान 27 लोगों ने रक्तदान किया है। एनटीपीसी के आवासीय परिसर स्थित जीवन ज्योति चिकित्सालय द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है। रक्तदान महादान की भावना से प्रेरित होकर 20 एनटीपीसी कर्मचारियों और सात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने रक्तदान किया। इस दौरान सीआईएसएफ के उपनिरीक्षक सुरभि झा, सोहनलाल, आरक्षी कर्मवीर, लक्ष्मण शर्मा, सुरेंद्र कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे। इस आयोजन में सहायक कमांडेंट आरएस सिरोही, निरीक्षक राम सुरेश, समीर अहमद, अपराध शाखा के उपनिरीक्षक विकास चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

संवाददाता, रायबरेली। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता इं. केसी शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद महात्मा गांधी से बहुत ही प्रभावित थे। उन्होंने नमक सत्याग्रह में अहम भूमिका निभाई। उनके अंदर जन सेवा की भावना कूट-कूटकर भरी थी। युवा नेता रामजी शुक्ला ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने गरीबों वंचितों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किया। इस अवसर पर सोम शुक्ला, सिद्धार्थ, तिरु शुक्ला, शिव प्रताप मिश्रा, मोहम्मद उस्मान, शैलेंद्र तिवारी, डीपी यादव, मोहम्मद जैद, गोपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने मां सरस्वती की पूजन किया। बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारत देश अपने वैज्ञानिक समुदाय के योगदान की सराहना के साथ-साथ रमन प्रभाव की खोज का स्मरण करता है। जैसा कि भारत इस विशेष दिन पर अपने वैज्ञानिक समुदाय की उपलब्धियों का उत्सव मनाता है।

1986 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने "रमन प्रभाव" की खोज की घोषणा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का विषय " विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक " है, जो भारत की वैज्ञानिक प्रगति में घरेलू नवाचारों के महत्व पर जोर देता है। यह थीम स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करती है जो देश के विकास और कल्याण में योगदान दे सकती हैं। इसे 'रमन इफेक्ट' के नाम से जाना जाता है। साथ ही इस खोज की स्मृति में साल 1987 में 28 फरवरी को नेशनल साइंस डे मनाए जाने का फैसला किया गया। तब से हर साल इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

लापता बच्चे को 12 घंटे में पुलिस ने खोज निकाला

लालगंज, रायबरेली। मंगलवार को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जनता बाजार निवासी सोहनलाल का 15 वर्षीय पुत्र विकास कुमार घर से लालगंज कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था। इसके बाद वह गायब हो गया। कोचिंग पढ़ने गए बच्चे के गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने मामले की सूचना लालगंज पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चे को खोज निकालने के लिए पुलिस टीमें गठित की। कोतवाल स्वयं बच्चे की खोज में जुट गये। पुलिस सक्रियता के चलते ही बालक को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल टीमें गठित की गई थी और विभिन्न माध्यमों का सहारा लेकर छात्र विकास को सकुशल ढूंढ निकाला गया। बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

विधायक का पुतला जलाकर जताया विरोध

डलमऊ, रायबरेली। सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे के सचेतक पद से इस्तीफा देने से नाराज सपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया है। साथ ही मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया। सभी ने 27 फरवरी को राज्यसभा की वोटिंग में पार्टी समर्थित प्रत्याशी के विरोध में मतदान करने पर नाराजगी जताया। कहा कि पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डा. मनोज कुमार पांडे ऊंचाहार विधानसभा से लगातार तीसरी बार विधायक रहे है। विधानसभा के सपा कार्यकर्ताओं ने उनके इस्तीफा के बाद से ही विरोध जताना शुरू कर दिया।

छात्र सभा समाजवादी जिला अध्यक्ष शुभम लोहिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंकते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिला अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा शुभम लोहिया ने बताया कि मनोज कुमार पांडे ने सपा कार्यकर्ताओं को धोखा दिया है। जिस प्रकार से उन्होंने बयान बाजी करते हुए सचेतक पद से इस्तीफा दिया है उन्हें अपने अंतरात्मा को देखते हुए नैतिकता के आधार पर विधायक पद से भी इस्तीफा दे देना चाहिए। यदि उन्हें अपनी हैसियत ही आंकनी है तो बिना सिंबल के ऊंचाहार से चुनाव लड़कर देख ले उन्हें अपनी असलियत पता चल जाएगी।इस मौके पर सौरभ यादव, बबलू गौतम, संदीप मौर्य, रतीभान यादव, विकास यादव सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन को किया याद

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री चन्द्रशेखर वेंकटरमन को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया। विज्ञान के शिक्षक अमन द्विवेदी, रत्नेश मिश्र, नवनीत मिश्र और प्रमांशु श्रीवास्तव ने नेशनल साइंस डे पर डॉ. सीवी रमन की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं उनके जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियों से अवगत कराया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

शिक्षकों ने बताया कि प्रकाश के प्रक्रीर्णन पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सीवी रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया। उनका जन्म तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली में हुआ था। वे देश में वैज्ञानिक दृष्टि एवं चिन्तन के विकास के प्रति समर्पित थे। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया कि हम विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं की छानबीन वैज्ञानिक दृश्टिकोण से करें, उनका कहना था कि धन के स्थान पर विद्या को महत्व देने पर जोर दिया जाय। वे भारत देश की सभ्यता और संस्कृति से बहुत प्रेम करते थे।

विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने सीवी रमन के संबंध में बताया कि 28 फरवरी 1928 को चन्द्रशेखर वेंकटरमन ने रामन प्रभाव की खोज की थी। जिसकी याद में भारत में इस दिन को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जीवन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

आज के पढ़ने वाले यह नन्हें-नन्हें बच्चे आने वाले कल के महान वैज्ञानिक बनकर अपना और अपने देश का नाम विश्व पटल पर हमेशा के लिए स्वर्णाक्षरों में अंकित कर सकते हैं। भारतरत्न विभूशित चन्द्रशेखर वेंकटरमन के जीवन से हमें सदैव आगे बढ़ते रहने का संदेश मिलता है। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एसबीआई ने नवीन पीएचसी ऐहार को दिया 10 लाख का सामान

लालगंज, रायबरेली। बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह ने क्षेत्र के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐहार पहुंचकर कॉरपोरेट सोशल एक्टिविटीज के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं के उच्चीकरण को लेकर 10 लाख रुपए के साजो सामान डा. रेनू मौर्य को सौपा। कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार स्टेट बैंक की तरफ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सहायता प्रदान की गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि स्टेट बैंक का ऑफ इंडिया रेल कोच के ब्रांच मैनेजर अजय कुमार ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सहायता देने के प्रस्ताव किया था। ऐहार के पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल ने बताया कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डाक्टर और उनके सहयोगियों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं सुचार रूप ढंग से चलाई जा रही हैं। एसबीआई के द्वारा दिए गए सामान में इनवर्टर, आरओ प्लांट, कूलर, वाटर कूलर, अलमारी सहित मेडिकल से जुड़े उपकरण शामिल हैं। इस मौके पर एसबीआई के एसोसिएट शशांक, फार्मासिस्ट दिलीप कुमार, आयुष डा. निधि गौतम, रेल कोच एमसीएफ मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीएचसी में दिए गए साजो सामान के साथ स्टेट बैंक की टीम।

संचार क्रांति के समय में रमईपुर कला में मोबाइल नेटवर्क का ग्रामीणों को है इंतजार

▸▸ विकास से कोसों दूर गांव, दूसरे गांवों में जाकर करनी पड़ती है बात

अशोक श्रीवास्तव, सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। देश आज चांद पर पहुंच गया है। एक-दूसरे से संपर्क करने के लिए 5 जी से लेकर 6जी तक प्रयोग कर रहे हैं। सरकार डिजिटल इंडिया का दम भर रही है, लेकिन जनपद रायबरेली का एक ऐसा गांव भी है, जहां किसी भी मोबाइल कंपनी का नेटवर्क नहीं है। जी हां हम बात कर रहे रमईपुर कला गांव की। संचार क्रांति के इस दौर में आज जब भारत 6जी की टेस्टिंग के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। हर तरफ नेटवर्क का जाल बिछा हुआ है।

शहर ही नहीं गांव-गांव तक ब्रॉडबैंड का कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है। लेकिन आज भी इस गांव में मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं है। सोशल मीडिया और संचार क्रांति के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इतना ही नहीं जननी एक्सप्रेस, 108 एंबुलेंस और 112 डायल की जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में भटकना पड़ता है। गांवो में रहने वाले हजारों लोग मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से परेशान हैं। आधुनिकता के इस दौर में गांव-गांव मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने के दावे यहां खोखले साबित हो रहे हैं।

विकास खंड सरेनी क्षेत्र के रमईपुर कला गांव में मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। संचार क्रांति के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। 108 एंबुलेंस और 112 डायल की जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में गांव से हटकर दूर इधर-उधर भटकना पड़ता है। गांव से कुछ दूरी पर ही निजी कंपनियों के टॉवर होने से भी लोगों की बात नहीं हो पा रही है और एक दूसरे से संपर्क स्थापित करने में दिक्कतें आ रही हैं।

मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी

सबसे ज्यादा दिक्कत बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए जननी एक्सप्रेस और एंबुलेंस बुलाने में आती है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे हालात रहे तो डिजिटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा।

टावर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगे टावरों की कनेक्टिविटी बढ़ाई जानी चाहिए। क्षेत्र में लगे प्राइवेट कंपनियों के टावरों की कनेक्टिविटी नहीं होने से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इन प्राइवेट कंपनियों के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने टीडीएम टेलीफोन व जिलाधिकारी से नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

इमरजेंसी में नहीं हो पाती बात

गांव से कुछ ही दूरी पर लगे निजी कंपनियों के टॉवर लगे हैं। इसके बावजूद नेटवर्क का खराब हाल है। लोगों की शिकायतों के बावजूद नेटवर्क की दिक्कत दूर नहीं हो रही है। कभी फोन लगता है तो कभी संपर्क नहीं हो पाता है। इसी प्रकार इंटरनेट कनेक्टिवटी भी कमजोर है। ब्लॉक मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित रमईपुर कला गांव में मोबाइल नेटवर्क चुनौती बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन के समय अगर किसी को बहुत जरूरी बात करनी हो तो घर से बाहर सड़क पर जाना पड़ता है। रात में कोई इमरजेंसी होने पर बात नहीं हो पाती है। छात्रों की पढ़ाई पर भी कमजोर मोबाइल नेटवर्क असर डाल रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाने में आती है। लोगों का कहना है कि अगर ऐसे हालात रहे तो डिजिटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा? सड़क किनारे तो नेटवर्क रहता है। लेकिन गांव में इन कंपनियों के मोबाइल धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रेमी युगल ने ट्रेन से कट कर दी जान

▸▸ युवक-युवती के परिजन अलग-अलग जाति के होने के कारण शादी के लिए नही थे राजी

जगतपुर, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले प्रेमी युगल ने एक साथ चांदमऊ गांव के पास रेलवे ट्रैक पर कट कर जान दे दी। सूचना के घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाया। जांच में पता चला कि दोनों एक-दूसरे से विवाह करना चाह रहे थे। इसके लिए परिजन तैयार नहीं थे। आशंका जताई जा रही है कि विवाह नहीं होने के कारण दोनों ने मौत को चुना होगा।

बुधवार को ऊंचाहार-रायबरेली रेलवे ट्रैक पर चांदमऊ गांव के पास एक युवक और युवती का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ था। शौच क्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने इसकी सूचना लक्ष्मणपुर स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद पुलिस व जीआरपी को सूचना दी गई। लेकिन सूचना के एक घंटे बाद भी पुलिस नही पहुंची, जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बनी रही। काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में लग गई।

दोनों शव की पहचान उनके परिजनों द्वारा किया गया। इसमें शिवांशी पुत्री फूलचंद निवासी पूरे गौतमन मजरे बैरीहार और अंशू कुमार पुत्र अंगन निवासी पूरे बैसन मजरे जिंगना थाना जगतपुर के रूप में की गई। बताया जाता है कि दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे और दूसरी जाति होने के चलते परिजनों द्वारा शादी करने की बात नही बनी। जिससे नाराज प्रेमी युगल ने एक साथ ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। हालांकि मृतक के परिजनों द्वारा इस बात से अनभिज्ञता जताया जा रहा है।मृतकों के परिजनों का कहना है कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर प्रेमी युगल का शव पाया गया था। दोनों की पहचान हो गई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रेलवे स्टेशन पर खड़ी गंगा गोमती एक्सप्रेस। अमृत विचार

डेढ़ घंटे स्टेशन पर खड़ी रही गंगा गोमती एक्सप्रेस

जगतपुर पुलिस की लचर कार्यशैली के चलते लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग डेढ़ घंटे गंगा गोमती खड़ी रही। इसे ट्रेन बैठे यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। यात्री धर्मेश त्रिवेदी ने बताया कि जगतपुर पुलिस की वजह से हम लोगों को काफी देर रेलवे स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा और जिस कार्य से जा रहे हैं। वह काम भी अब नहीं हो पाएगा। जिसको लेकर मौजूद अन्य यात्रियों ने भी पुलिस के प्रति नाराजगी जताई है।

बैंती, चितवनियां में भाजयुमो की बैठक सम्पन्न

शिवगढ़, रायबरेली। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से ग्राम पंचायत बैंती व चितवनियां में चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि युवा जिला महामंत्री शिवेंद्र शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण, धारा 370 हटाने की बात हो या प्रधानमंत्री आवास योजना हो, सभी योजनाओं का लाभ सबको मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार फिर देश में मोदी की सरकार बनने जा रही है। पहली बार युवाओं की वोट आई है। युवाओं को अपने वोट खराब नहीं करनी है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को ही जिताना है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो युवाओं को रोजगार, देश को सम्मान, भारत को विकसित देश बना सकती है। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु फिर से बनेगा। पूरे विश्व में भारत की चर्चा है। पूरा विश्व भारत का लोहा मान चुका है। युवा चौपाल कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

सदर विधायक अदिति सिंह ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

अमावां, रायबरेली

अमृत विचार। बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा कराए गए डेढ़ दर्जन विकास कार्यों का सदर विधायक अदिति सिंह ने लोकार्पण किया।

इससे पहले ब्लॉक मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह और सदर विधायक अदिति सिंह का क्षेत्रीय प्रधानों ने माला पहनाकर स्वागत किया। सदर विधायक ने कहा कि अमावां क्षेत्र को विकास के हर क्षेत्र में संतृप्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने विकास क्षेत्र के अलग-अलग गांव में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए नौ इंटरलॉकिंग, पांच नाला निर्माण और चार मरम्मत के कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगौती सिंह, बीडीओ संदीप कुमार सिंह, एडीओ कमलेश कुमार श्रीवास्तव, खण्ड प्रेरक शरद चंद्र तिवारी राम खेलावन सोनी, अमर नाथ द्विवेदी राजेद्र सिंह दिनेश सिंह शिव किशोर यादव कमल सिंह बजाज गया यादव नागेंद्र सिंह संतोष सिंह राजू खान लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अमावां ब्लॉक में विकास कार्यों का लोकार्पण करतीं ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह और सदर विधायक अदिति सिंह। अमृत विचार

सार-संक्षेप

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

बछरावां, रायबरेली। कस्बे के लालगंज रोड पर स्थित शिक्षा का मंदिर एसएनके पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के संस्थापक राकेश गुरुजी ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी और विशिष्ट अतिथि उत्कर्ष विद्यालय के संस्थापक तथा भारत माता की सरहद की रक्षा करने वाले कई जवान रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने बेहतरीन अभिनय से आए हुए अतिथियों का मन मोह लिया।

मारपीट का वीडियो वायरल, केस दर्ज

डलमऊ, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में महिलाओं के मारपीट करते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। बुधवार को वायरल वीडियो के पहले ही कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। कोतवाली क्षेत्र के पूरे देवीबक्श मजरे पखरौली गांव में पुष्पा व कृष्णवती के मध्य किसी बात को लेकर मारपीट हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो गया। कोतवाल पवन सोनकर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव बने राहुल

संवाददाता, रायबरेली। लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष राहुल निर्मल बागी को पार्टी ने जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश सचिव बनाया है। राहुल निर्मल बहुत ही सामान्य परिवार से उठने वाले जमीनी कार्यकर्ता है। जिले से निकलकर आज समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर युवाओं में हर्ष का माहौल है। उनके साथी आज़ाद सिंह, प्रदीप मौर्य, अविनीत चौधरी, विक्रम सिंह, आशीष पटेल ,बृजेश निर्मल, गोलू गौतम, के डी यादव, आदि ने खुशी जताई है।

अमृता बनीं नई एडीएम वित्त एवं राजस्व

संवाददाता, रायबरेली। शासन ने बुधवार को कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए है। जिसमें जिले में एडीएम वित्त एवं राजस्व के पद पर रही पूजा मिश्रा को प्रयागराज का एडीएम प्रशासन बनाया गया है। जबकि सीतापुर में सिटी मजिस्ट्रेट रही अमृता सिंह को रायबरेली का नया एडीएम एवं वित्त बनाया गया है।

50 हजार के आठ फर्मा चोरी

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यवसायी ने तहरीर देकर आठ फार्मा चोरी होने का आरोप लगाया। बीती रात रोझइया गोकुलपुर सड़क के किनारे फर्मा लगे हुए थे। तभी अज्ञात चोर उन्हें उठा ले गए सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदार सतीश साहू निवासी पुरे चौहानन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुए फर्मा की कीमत लगभग 50 हजार है। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है,जांच कराई जाएगी।

हिट एंड रन मामले में सुसंगत धाराओं में करें कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। डीएम हर्षिता माथुर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सड़क सुरक्षा पखवाड़े हेतु प्रस्तावित कार्यो की भी समीक्षा की। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाई जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए कि लोग दो पहिया वाहन चलाने समय हेलमेट जरूर पहने और मोबाइल पर बात न करे। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कटो को बंद किया जाए। हिट एंड रन के मामले में कानून की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाए। जनपद में जितने भी चौराहे हैं उन पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए । यातायात नियामो को तोड़ने वालो पर कार्यवाही की जाए। जनपद में सड़कों पर लगने वाले अतिक्रमण को हटाया जाए। साथ ही पार्किंग के लिए बेंडिंग जोन बनाया जाए। शहर के बाहर से आने वाले भारी वाहनों को नियमित समय पर ही प्रवेश दिया जाए। बैठक में सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

साथी पर हमले के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

सलोन, रायबरेली। ग्राम न्यायालय परिसर में बुधवार को अधिवक्ता का एक युवक से विवाद हो गया। विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा कि अधिकवक्ताओ के समूह को सड़क पर उतरना पड़ा। इसके बाद कोतवाली जाकर आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम न्यायालय में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अधिवक्ता का एक युवक से विवाद शुरू हो गया। अधिवक्ता आशीष ओझा ने आरोप लगाया कि वह प्रतिदिन की तरह अपना न्यायिक कार्य कर रहा था। इतने में विपक्षी युवक प्रेम प्रकाश उर्फ मुरारी पुत्र राम नारायण माधवपुर पाठक ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि अधिवक्ता समूह पर अश्लील एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। वही घटना की सूचना पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बार अध्यक्ष के साथ मिलकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद कोतवाली जाकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर अड़ गए।

विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

शिक्षक शिव प्रकाश तिवारी का निधन

बछरावां, रायबरेली। खाले गांव मजरे शेषपुर समोधा ग्राम सभा निवासी शिक्षक शिव प्रकाश तिवारी का गंभीर बीमारी के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका छह महीने से मेडिकल कॉलेज से चल रहा था। क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं साहित्यकार भगवान कुमार अवस्थी की साहित्यिक रचनाओं में उनके शिष्य तिवारी जी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करते थे। उनके आकस्मिक निधन पर समूचे शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर शिक्षाविद भगवान कुमार अवस्थी ने बताया कि तिवारी जी का असमय चले जाना समाज के लिए महत्वपूर्ण क्षति है। शिव प्रकाश तिवारी अपने पीछे पत्नी, 14 वर्षीय बेटी साक्षी, 11 वर्षीय बेटा शौर्य को छोड़ गए हैं।

शाखा डाकपालों को किया गया सम्मानित

सलोन, रायबरेली। उपडाकघर सलोन में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें व्यवसाय प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जनवरी माह में अच्छा कार्य करने वाले क्षेत्र के शाखा डाकपालों को उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान का प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। डाक निरीक्षक संदीप शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा तमाम महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। सुकन्या सम्रद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पैमेंट बैक, बचत बैंक आदि योजनाओं को डाक विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में महिलाओं को छोटी-छोटी बचत कर सशक्त करने एवं उनकी भूमिका को बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। डाक विभाग की समस्त योजनाएं सर्वाधिक विश्वसनीय हैं। इस मौके पर सब पोस्ट मास्टर दिनेश चंद्रा, डाक सर्वेक्षक राकेश कुमार, अविरल श्रीवास्तव, शिव मोहन यादव, नावेद, बृजेश सिंह, सुशील तिवारी आदि मौजूद रहे।

बेसिक शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार: शांति भूषण

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। नगर के टाइम्स कांवेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज के प्राचार्य शांति भूषण सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से आरंभ हुआ।

बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में दहेज प्रथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। इसमें मोहम्मद अरहान, आकांक्षा, रिया, आयत, आकृति, खालिद, स्वर्णिमा, नैतिक, प्रांजल, पारुल, प्रियांशी, शशांक, अब्दुल अहद आदि छात्रों ने मुख्य भूमिका निभाते हुए समाज में जागरुकता लाने का संदेश दिया है। मुख्य अतिथि ने कहा बेसिक शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है। शिक्षा विकास की धुरी है। मैं उम्मीद करता हूं कि इस विद्यालय से पढ़े हुए बच्चे देश विदेश में अपने क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। बच्चों और अभिभावकों का उत्साह देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सभी अभिभावक शिक्षा के प्रति जागरूक हैं।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के उच्च स्तर तक ले जाएंगे। पीजी कॉलेज के अजय बाबू, सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी मोहम्मद अयूब खां का विद्यालय के प्रबन्धक अनीस अहमद, प्रधानाध्यापक शमीम अहमद, मोहम्मद तय्यब खान ने अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक दिलशाद राही ने किया। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद अली, अभिभावक ओपी सिह यादव, इसरार हैदर रानू, विजय कुमार, विक्रम पाल, प्रियंका मिश्रा, अजरा आदि शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

ई–निविदा सूचना – अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे निविदागत् सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी कम्प्यूटर स्वामी/कम्प्यूटर एजेन्सियों/ निविदाकारों /वहान एजेन्सियों /वाहन स्वामियों / ट्रांसपोर्टरों से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य/आपूर्ति हेतु ई–निविदायें अलग–अलग दो भागों में, ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Goverment की वेबसाइट https://etender.up.nic.inपर डाउनलोड/देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग कियें जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग–अलग EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD. RAEBARELI के ICICI BANK के खाता सं0 081205500344/ IFS Code ICIC0000812 में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन–लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे–इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण वितरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 22.03.2024 निर्धारित है। (1) **ई–निविदा सं0: 181/ विविमद्विरा/2023–24:–** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय में अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के त्वरित निष्पादन/ई–मेल के माध्यम से सूचनाओं के आदान–प्रदान किये जाने / सी0पी0एफ0 / जी0पी0एफ0/पेन्शन प्रपत्रों को तैयार कर ई0आर0पी0 प्रणाली के माध्यम से उच्चाधिकारियों को प्रेषण किये जाने हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (2) **ई–निविदा संख्या: 182/ विविमद्विरा /2023–24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय में अतिमहत्वपूर्ण सूचनाओं के ऑनलाइन प्रेषण एवं अन्य आवश्यक टंकण कार्यो को ससमय संपादित किये जाने हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (3) **ई–निविदा संख्या: 183/ विविमद्विरा /2023–24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (लालगंज क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (4) **ई–निविदा संख्या: 184 / विविमद्विरा /2023–24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (सलोन क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (5) **ई–निविदा संख्या: 185 / विविमद्विरा/2023–24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (डलमऊ क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (6) **ई–निविदा संख्या: 186 / विविमद्विरा /2023–24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (ऊँचाहार क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। (7) **ई–निविदा सं0: 187/ विविमद्विरा/2023–24:–** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–लालगंज, रायबरेली के कार्यालय उपयोग हेतु एक अदद डीजल चलित जीपनुमा वाहन (चालक सहित), 01 वर्ष हेतु किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। (8) **ई–निविदा सं0: 188/ विविमद्विरा/2023–24:–** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय उपयोग हेतु एक अदद डीजल चलित जीपनुमा वाहन (चालक सहित), 01 वर्ष हेतु किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल – द्वितीय गोरा बाजार रायबरेली ''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** पत्रांक:– 3340/ वि0वि0 मं0द्वि0रा0/ निविदा प्रका0/ 2023–24 दिनांक:– 28.02.2024

हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव में दिखा भारत का सुनहरा भविष्य

छतोह,रायबरेली

अमृत विचार। ब्लॉक संसाधन केन्द्र में बुधवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। बेसिक शिक्षा और बाल विकास परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी और खंड विकास अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप वर्मा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश और प्रभारी सीडीपीओ कृष्णा देवी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और बुके देकर स्वागत किया। वार्डेन श्वेता कौशल के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का निपुणता संबंधी प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा।

तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने कहा कि आगे की शिक्षा को सुगम और सुग्राह्य बनाने के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा की महत्ता स्वयंसिद्ध है। हमें पूरा विश्वास है कि आंगनवाड़ी की महिलाएं कठिन परिश्रम से नौनिहालों को इसके लिए तैयार कर रही हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प करके सभी संसाधन मुहैया कराना सरकार का संकल्प है, जिसे पूरा करने के लिए ग्राम्य विकास और पंचायत राज विभाग, बाल विकास एवं बेसिक शिक्षा विभाग से तालमेल बनाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने 21 प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा एक से तीन तक के 25 निपुण बच्चों, 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के 20 बच्चों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 16 बालिकाओं और उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि बेसिक शिक्षा परिवार अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करके बच्चों को आदर्श नागरिक बनाएगा। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार सिंह ने किया।

इस मौके पर आदित्य नारायण पांडेय, उमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, मोतीलाल, धर्मेंद्र मिश्र, अवधेश सिंह, राजर्षी शुक्ल, रमेश शुक्ल,अभिषेक सिंह, अभय प्रताप सिंह, पवन कुमार सिंह, पवन कुमार श्रीवास्तव, जय करन, अजय कुमार आदि शिक्षक तथा सुनीता सिंह, शोभा वर्मा, बीना सिंह आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार सलोन प्रज्ञा द्विवेदी का स्वागत करती शिक्षिका।

एक नजर

सवरिया इण्डस्ट्रील सहित 13 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। वन दरोगा दीपेंद्र राज ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि 12 फ़रवरी को उपजिलाधिकारी ने गठित राजस्व एवं वन विभाग की टीम द्वारा ग्रामसभा सोम मे सर्वे किया। सीमांकन के उपरांत आरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण पाया गया। जिसमे गुरुशंकर उर्फ़ बब्लू, वहीद निवासी सोम, उमेश सूर्या निवासी मीतो, सौर्यवर्धन, ओमप्रकाश, साबिर, नीरज, राजू, राजेंद्र, सुभाष, शंकर निवासी सांक व सांवरिया इण्डस्ट्रील प्रा लि द्वारा भारतीय वन अधिनियम का उल्लंघन किया गया मामले में कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ली गयी है।

अश्लील फब्तियां कसने पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में मनचले द्वारा अश्लील पब्तियां कसने की शिकायत करने गए दंपति को मनचले के भाई व भाभी द्वारा गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी नसरीन पत्नी गुड्डू ने बताया उसके मोहल्ले का मुन्ना पुत्र इस्लाम उसके घर से सामने से जाते समय उसकी बेटी पर अश्लील फब्तियां कसता है। जबरदस्ती शादी कर लेने की धमकी देता है।

कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बचा

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात कंटेनर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे चालक बाल-बाल बच गया। बुधवार की दोपहर को पिपरावां निवासी नफीस पुत्र रशीद अपने ट्रैक्टर और मशीन से गोसवा गांव से मूंगफली बोकर लौट था, तभी रेलवे क्रासिंग मल्लावां पर एक अज्ञात कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर और मशीन क्षतिग्रस्त हो गई तथा चालक नफीस बाल-बाल बच गया।

नव दंपति जोड़ों को राज्यमंत्री व जिलाधिकारी ने दिया आशीर्वाद

योजना से गरीब परिवार की बेटियां शादी से नहीं रहेंगी वंचित : रजनी

हरदोई

अमृत विचार। जिला समाज कल्याण द्वारा संचालित एवं जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय सीएसएन, पीजी कालेज में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी एवं वरिष्ठ अतिथि सांसद जय प्रकाश रावत ने संयुक्त रूप से गणेश पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 1445 हिन्दू जोड़ों का विवाह व 32 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया।

सामूहिक विवाह में वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करतीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी, जिलाधिकारी व अन्य अतिथि। अमृत विचार

इस अवसर पर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि आप सबका जीवन खुशहाल हो और वैवाहिक जीवन आनन्द पूर्व व्यतीत हो। भव्य, सकुशल एवं पारदर्शी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराने पर मंत्री ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिलाधिकारी के प्रयास से जनपद में सर्वाधिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत नव युवक-युवतियों के विवाह कराये गये है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की इस योजना से किसी भी गरीब परिवार की बेटी अब विवाह से वंचित नहीं रहेगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन तथा सांसद ने भी नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया और उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रदेश एवं भारत सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, नगर मजिस्टेट, सभी उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि, तहसीलदार, बीडीओ, ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता सहित भारी संख्या में जनसमूह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराते मौलवी। अमृत विचार

वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे को समझना बहुत जरूरी

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आए मुख्य एवं वरिष्ठ अतिथि, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन खुशहाल एवं शान्तिमय व्यतीत करने के लिए एक दूसरों को समझना बहुत जरूरी है। उन्होने नव विवाहित जोड़ों तथा उनके परिवारी जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत विधान सभी निर्वाचन में जनपद का मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है, इसलिए बेहतर लोकतंत्र बनाने तथा जनपद के मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु समस्त मतदाता आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी आदि ने नव विवाहित जोड़ों पर फूल बरसाये तथा पांच जोड़ों को वैवाहिक उपहार प्रदान किये।

सी-केवाईसी न होने से 12 हजार ग्राहकों के खाते बंद

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। बैंक ऑफ इण्डिया में सेन्ट्रल केवाईसी न होने के चलते 12 हजार खातों से निकासी बंद होने से ग्राहक परेशान बने हुए हैं। ऐसे में ग्राहक केवाईसी अपडेट कराने के प्रयास में लगे हुए हैं।

नगर के बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मल्लावां में इन दिनों सेन्ट्रल केवाईसी को लेकर ग्राहक जदोजहद कर रहे हैं। बैंक में फार्म जमा होने के 10 से 15 दिनों तक सेन्ट्रल केवाईसी न होने से ग्राहक बैंक के चक्कर काटने पर विवश बने हुए है। खाताधारकों में अपनी जमा धन, विधवा, वृधा पेंशन, पीएम आवास योजना का धन निकालने में दिक्कते पैदा होने से परेशान बने हुए है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक प्रदीप वर्मा ने बताया कि करीब 12 हजार खातों में सौ खातों में अभी तक सेन्ट्रल केवाईसी हो चुकी है। ग्राहक बैंक आकर अपना सेन्ट्रल केवाईसी करा ले ताकि धन निकासी में दिक्कत न उठानी पड़े। बता दें कि बैंक ऑफ इण्डिया में 11 लोगों का स्टॉफ है। उसमें एक लिपिक बीमार होने से एक वर्ष से अवकाश पर है।

हर थाने में होगा साइबर सेल, मंत्री ने किया उद्घाटन

हरदोई

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस लाइन में बने साइबर थाने और जिले के सभी सभी थानों में बने साइबर सेल का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस लाइन में साइबर क्राइम पुलिस थाना का लोकार्पण राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती तथा सांसद जय प्रकाश रावत के साथ फीता काट कर एवं शिलापट पट पर्दे का बटन दबाकर किया।

साइबर क्राइम पुलिस थाने का फीता काटती राज्यमंत्री रजनी तिवारी।

इस अवसर पर राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि प्रदेश के सभी थानों में साइबर सेल का गठन किया जाएगा। उन्ही के आदेश के क्रम में साइबर सेल का गठन किया गया है इससे पीड़ितों को कॉफी मदद मिलेगी। इससे साइबर अपराधों का त्वरित गति से निवारण हो सकेगा। सांसद जय प्रकाश रावत ने कहा कि जनपद में साइबर थाना की स्थापना से साइबर क्राइम अपराधियों की नकेल लगेगी, इसलिए फोन पर किसी की मीठी मीठी बातों में न आये और किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल साइबर थाना से सम्पर्क करें।

सांडी विधायक प्रभाष कुमार ने थाना बनने के कई फायदे गिनाए। जिलाधिकारी एमपी सिंह और पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी ने कहा कि जनपद में साइबर क्राइम करने वालों पर साइबर थाने से कड़ी नजर रखी जायेगी और साइबर क्राइम की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। उन्होने जनपदवासियों से कहा कि फोन पर किसी के बहकावे में न आये और किसी प्रकार की वारदात होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर-1930 पर निःशुल्क सूचना दें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, एडिशनल एसपी पश्चिमी एमपी सिंह, एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ सिटी अंकित मिश्रा, एलआईयू इस्पेक्टर शिरीष शर्मा, सबइंस्पेक्टर वालेन्द्र मिश्रा, स्टेनो अमन प्रताप सिंह मौजूद रहे।

राम के बाण से मारा गया रावण

हरदोई

अमृत विचार। शहर के ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में बुधवार को रावण वध का मंचन किया गया। जिसमें लंकापति रावण की नाभि में भगवान श्री राम ने अग्नि बाण चलाया, जिससे उसकी नाभि का अमृत सूख गया। अमृत सूखने ही लंका पति रावण जमीन पर गिर गया। पटाखों के बीच पूरा मैदान गूंज उठा।

शहर के ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान में बीते एक महीना से अधिक समय से श्री रामलीला का मनोहारी मंचन किया जा रहा है। मंचन दर्शाया गया कि भगवान श्री राम और लंका पति रावण दशानन का भयंकर युद्ध होता है। प्रभु श्री राम रावण के एक के साथ एक शीश को काटते हैं, लेकिन जैसे ही शीश कटता है। नया शीश फिर से आ जाता है। यह देखकर सभी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। इस दौरान लंका पति का भाई विभीषण ने प्रभु श्री राम को बताया कि रावण के नाभि में अमृत है। जब उसे अग्निवान से सुखाया जाएगा, तभी रावण का अंत संभव है। यह सुनकर भगवान श्री राम ने एक साथ कई अग्निबाण का संधान किया।

रामलीला मैदान में जलता रावण का पुतला। अमृत विचार

अग्नि वाण लगते ही रावण की नाभि का अमृत सूख गया और रावण जमीन पर गिर गया। इसके साथ ही आतिशबाजी और पटाखे से पूरा मैदान गूंज उठा। यहां प्रमुख रूप से मिला आयोजक व श्री रामलीला कमेटी संयोजक एडवोकेट राम प्रकाश शुक्ला पूर्व अध्यक्ष के अलावा अन्य लोग रहे।

शक्ति अभियान के तहत किया जागरूकता

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवारक्षअकबरपुर में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर -112 ,1090 ,181,1098,1076,1930,102 व 108 के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। सरकारी जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बीसी सखी योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में महिला कांस्टेबिल आशु देवी ने जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आस-पड़ोस के गांवों की महिलाएं शामिल हुई।

बैंक खाते में भेजी गई किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त

हरदोई

अमृत विचार। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 16वीं किस्त का हस्तानान्तरण प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के यवतमल जिले से किया, जिसे पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद स्तर, तहसील स्तर पर दिखाया गया।

जनपद के समस्त विकास खण्ड स्थित सभागार मे उपरोक्त कार्यकम का संजीव प्रसारण दिखाया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर विलेज लेवल नोडल आफिर्सस द्वारा कृषको का कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें काफी संख्या में किसानों ने उपरोक्त कार्यकम को देखा। जनपद के विकास खण्ड सुरसा स्थित सभागार में उप कृषि निदेशक हरदोई, विकास खण्ड अधिकारी एवं ब्लाक प्रमुख ने उपस्थित होकर किसानों को कार्यकम का सजीव प्रसारण दिखाया। जनपद में 16 वीं किस्त हेतु 609062 किसानों को 121.8124 करोड धनराशि हस्तानान्तरित की गई। उक्त अवसर पर जायद गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को जायद फसलो मूंग, उर्द, मूंगफली, सूरजमुखी आदि की खेती की तकनीकी जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने दी।

सार-संक्षेप

9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के द्वारा दिनांक 09 मार्च 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु विश्राम कक्ष में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि 09 मार्च 2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

फरार हत्यारोपी की संपत्ति होगी कुर्क

हरदोई, अमृत विचार। साण्डी थाने में दर्ज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ कोर्ट पहले ही गैर ज़मानती वारंट जारी कर चुकी है, लेकिन फिर भी न तो उसकी गिरफ्तारी हो सकी और न ही उसने कोर्ट में सरेंडर किया। अब उसके बाद आरोपी पर कुर्की की कार्रवाई को अमल में लाने के लिए उसके खिलाफ धारा 174-ए के तहत केस दर्ज कराया गया है। साण्डी थाने के रजानी खेड़ा निवासी अरविंद पुत्र रामप्रसाद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उसके बाद कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर ज़मानती वारंट जारी किया। लेकिन फिर भी आरोपी कोर्ट के सामने हाज़िर नहीं हुआ। अब उसकी सम्पत्ति कुर्क करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उसी के तहत एसएचओ साण्डी छोटेलाल की तहरीर पर अरविंद के खिलाफ धारा 174-ए के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच एसआई हरिशंकर वर्मा को सौंपी गई है।

खेतों की सिंचाई करने गए युवक का लटका मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। खेतों की सिंचाई करने गए युवक का शव वहीं खेत पर आम के एक पेड़ में लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। युवक ने आत्महत्या की, अगर ऐसा ही है तो उसके पीछे कौन सी वजह रही ? इस बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। कछौना कोतवाली के ज़ैतनगर खजोहना निवासी श्रीपाल का 18 वर्षीय पुत्र संदीप बुधवार की सुबह खेतों की सिंचाई करने के लिए घर से निकला था, लेकिन काफी देर बाद तक वह घर नहीं पहुंचा। इस पर उसकी तलाश की जाने लगी, उसी बीच वहीं खेत पर खड़े एक आम के पेड़ से उसका लटकता हुआ शव दिखाई दिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। उधर संदीप के घर वाले भी रोते-बिलखते हुए वहां पहुंच गए। कहा जा रहा है कि संदीप की शादी नहीं हुई थी। उसने आत्महत्या की, लेकिन आत्महत्या करने के पीछे कौन सी वजह रही ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं एसएचओ कछौना राकेश कुमार यादव का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ भी कहा जा सकता है।

न्यायालय का बहिष्कार करते अधिवक्ता। अमृत विचार

वकीलों ने एसडीएम न्यायिक के खिलाफ खोला मोर्चा

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। उपजिलाधिकारी न्यायिक पर अधिवक्ताओं ने क्लर्क से अभद्र शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगा कर उनके स्थानांतरण तक कार्य से विरत रहने का फैसला किया है। बिलग्राम तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओ के तीनों अधिवक्ता संघ, अधिवक्ता वेल्फेयर एसोसिएशन, अधिवक्ता कल्याण एशोसिएशन ने संयुक्त रुप से आपात बैठक कर उपजिलाधिकारी न्यायिक विनोद कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तीनों संघ ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उपजिलाधिकारी न्यायिक विनोद कुमार का आचरण एवं व्यवहार अधिवक्ताओं व उनके क्लर्क के प्रति ठीक नहीं है। सर्वसम्मति से तीनों संघों के द्वारा 28 फरवरी को ये निर्णय लिया कि विनोद कुमार उपजिला अधिकारी (न्यायिक) बिलग्राम का स्थानान्तरण होने तक बिलग्राम तहसील के समस्त अधिवक्ता इनके न्यायालय का वहिष्कार करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। शेष न्यायालय में यथावत् कार्य होगा।

डीएम व एसपी ने देखी बूथों पर तैयारियां

हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर विभिन्न व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय तथा बिजली आदि की व्यवस्थाएं ससमय दुरूस्त करा ली जाये।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने एएसवीवी इन्टर कालेज, लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कालेज, गंगा देवी इन्टर कालेज, पीडब्ल्यूडी तथा आईटीआई मे बनाये जाने वाले बूथों पर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदान बूथ हेतु चिन्हित कक्षों को देखा तथा मतदान के दौरान मतदाताओं के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था देखी। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। इस दौरान उन्होंने बोर्ड परीक्षा के सम्बन्ध मे बच्चों से बात की तथा आगामी लोक सभा के दृष्टिगत उन्होंने अपील की कि अपने घर परिवार व आस-पास के लोगों को मतदान मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, सीओं सिटी अंकित मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा सम्बन्धित सस्थाओं के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

मतदान बूथ की जानकारी लेते डीएम-एसपी। अमृत विचार

हनुमान चालीस पाठ करतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

41वें हनुमान चालीसा पाठ का किया आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। 41वें मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को भक्ति मय बना दिया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साईं मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को राममय बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में विभूति नगर के श्री गणेश साई मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली का पूजन किया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संगठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह संयोजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा व अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, रीता गुप्ता, पूनम दीक्षित, अनीता कटियार, रिंकी सिंह, मोहिनी दीक्षित, सरला गुप्ता, अजय, दीपक, शिवम्, नितिन, उत्कर्ष व सचिन आदि सदस्य शामिल रहे।

लड़खड़ाते दूल्हे को देख दुल्हन ने शादी से किया इनकार

हरदोई

अमृत विचार। गले में वरमाला डालने के दौरान सामने खड़े दूल्हे लड़खड़ाता देख कर दुल्हन की भौहें तन गई और जब भांवर पड़ने की बारी आई तो दूल्हे की हरकत से उखड़ी बैठी दुल्हन ने शादी से दो टूक इंकार कर दिया, बस फिर क्या था वहां थिरक रहे बारातियों के कदम भी लड़खड़ा गए। पहले तो बिगड़ी बात को बनाने के लिए बड़े-बूढ़ो को वहीं जोड़ा गया, लेकिन बात नहीं बनी। फिर उसके बाद पुलिस के पास दौड़ लगने लगी, जो सारी रात लगती रही।

मामला कोतवाली देहात के मदारा गांव का है। मंगलवार को गांव में सुनील सिंह के घर उसकी बेटी रीतिका सिंह शादी थी। रात को दूल्हा अंकित सिंह पुत्र नरेन्द्र पाल सिंह निवासी कहिमरा थाना मैगलगंज ज़िला लखीमपुर-खीरी गाजे-बाजे के साथ बारात ले कर पहुंचा। सारे बाराती थिरकते हुए मण्डप में दाखिल हुए। वहां उनका ज़ोरदार तरीके से स्वागत-सत्कार किया गया। सजी-संवरी दुल्हन रीतिका और दूल्हा अंकित जयमाल के लिए दोनों स्वयंवर में पहुंचे। वरमाला डालने के लिए दुल्हन ने जैसे ही दूल्हे की तरफ नज़रे उठाई तो उसे लड़खड़ाता देख कर उसकी भौहें तन गई और उसने ऐसे शराबी दूल्हे से शादी न करने का फैसला ले लिया। उसके बाद जब भांवर पड़ने की बारी आई तो दुल्हन ने मुंह खोल कर दो टूक कह दिया कि ऐसे शराबी से वह शादी नहीं करेगी। फिर क्या था, बस इतना सुनते ही थिरक रहे बारातियों के कदम लड़खड़ा गए, उन्हे समझ में नही आया कि इतनी जल्दी सब कैसे हो गया। पहले तो बात बनाने के लिए बड़े-बूढ़ो को इकट्ठा किया गया, लेकिन बात नहीं बनी, फिर पुलिस को बीच में डाल कर कोतवाली की दौड़ लगाई जाने लगी, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात ही रहा। दुल्हन के घर वालों ने ढ़ाई लाख का खर्च बताते हुए चढ़ावे के लिए लाए गए कपड़े और गहने रख लिए। उसी बात पर काफी देर रात मची रही, लेकिन कोई बात नहीं बनी और बारात बैरंग वापस लौट गई।

सही निर्णय

- दुल्हन के मना करने के बाद बरातियों में मचा हड़कंप
- स्वयंवर में बिगड़ी बात बनाने के लिए पुलिस तक लगाई गई दौड़

ड्यूटी जा रहा एसआई सड़क हादसे में घायल

हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम कोतवाली में तैनात एसआई काशीप्रसाद अयोध्या ड्यूटी पर जा रहे थे। गोपामऊ कस्बे से कुछ दूरी पर अचानक सामने से गोवंश के आने से टकरा कर ज़ख्मी हो गए। जिन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। एसआई काशीप्रसाद (53) बिलग्राम कोतवाली में तैनात है। बुधवार को वह अयोध्या ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक से गोपामऊ की तरफ गए हुए थे। उसी बीच बाइक के सामने गोवंश आ गया, जिससे टकरा कर काशीप्रसाद गिकर बेहोश हो गए।

एक नजर

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा गौसगंज में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर गौसगंज में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु शारीरिक प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भैया बहनों ने अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधायक आशीष कुमार सिंह ने कहा इन आयोजनों से भैया बहनों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच मिलता है। आज के प्रदर्शन से कल का बेहतर भविष्य संवरता है। यही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। इस विद्यालय से विशेष लगाव है, हमारे पूज्य पिता द्वारा विद्यालय की न्यूव रखी गई थी। यह सीमित संसाधनों में भैया बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु यह संस्था कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता श्याम मनोहर ने विद्या भारती के राष्ट्र निर्माण के योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षक रणवीर सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में पांच आधारभूत विषयों पर प्रकाश डाला। कवि योगेश चंद्र वर्मा योगी ने पुरुषार्थी राम कृत्य पुस्तक को विद्यालय को भेंट की।

खेल प्रतियोगिताएं आज से

हरदोई, अमृत विचार। उप क्रीड़ाधिकारी मंजू शर्मा ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि क्रिकेट पुरूष का आयोजन 29 फरवरी से दो मार्च, खो-खो महिला पांच मार्च से छह मार्च, एथलेटिक्स पुरूष/महिला नौ मार्च से 10 मार्च तथा हॉकी महिला 12 मार्च को किया जाएगा।

जिले भर में स्कूल व कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्टफोन

हरदोई

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण के तहत आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा व नामित नोडल अधिकारी रिचा गुप्ता ने किया। महाविद्यालय की डीजी शक्ति नोडल डॉ श्वेता यादव ने योजना के उद्देश्यों से छात्राओं को परिचित कराया। प्राचार्या ने छात्राओं को स्मार्टफोन का सदुपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंधित 255 एवं कानपुर विश्वविद्यालय की तीन छात्राओं को वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापिकाएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार बुधवार को सदरपुर गांव स्थित श्री रामलाल सिंह महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरित किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य एवं पूर्व सांसद अंजू बाला मौजूद रहीं। इस मौके पर नोडल अधिकारी जय सिंह यादव, प्रबंधक रजनीकांत सिंह, निर्देशिका रीना सिंह, प्रधानाचार्य खुशबू उपाध्याय सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आर्य कन्या महाविद्यालय में स्मार्टफोन के साथ छात्राएं। अमृत विचार

ज्ञानदीप पीजी कालेज टड़ियावां मेंस्मार्टफोन लेने पहुंची नवविवाहिता।

बिलग्राम के शांती देवी गर्ल्स डिग्री कालेज में वीओ राज गोपाल मौर्य (युवा कल्याण विभाग) नोडल अधिकारी की उपस्थिति में नगर पालिकाध्यक्ष अनिल राठौर तथा राजेश यादव ने स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री मंगत राम अर्कवंशी, भाजपा नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सभासद मुकेश पाठक व शुभम दीक्षित आदि मौजूद रहे।

माधौगंज के महावीर प्रसाद मायावती महाविद्यालय दौलतयारपुर में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल वितरित किए। इस मौके पर नोडल अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी डा जय सिंह, प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, संरक्षक महावीर प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे। आदित्य सिंह बटेश्वर दयाल मेमोरियल महाविद्यालय दौलतयारपुर के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मोबाइल पाकर छात्रों को चेहरे खिले नजर आए। नहरपुल स्थित महाविद्यालय में बुधवार को नोडल अधिकारी अवर अभियंता जल निगम शेषमणि बिंदु, प्राचार्य कमलेश कुमार, सेवानिवृत शिक्षक भगवती प्रसाद वर्मा ने बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष के शिवानी सूरज वर्मा सोनाली कुमारी पूनम शिवानी राम सिंह आदि 287 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार ब्लाक टोडरपुर के राजकीय महाविद्यालय में 133 छात्र छात्राओं को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। टोडरपुर में राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को स्मार्टफोन वितरण करने का कार्यक्रम उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के द्वारा होना था, लेकिन उनकी अनुपस्थित में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी ने स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधान कैमी मोहित सिंह, सैदपुर के प्रधान अनुज सिंह, उमरौली प्रधान अवनीश कुमार, प्रधान पोठवा झल्लू, सहायक विकास अधिकारी अजय तिवारी, कालेज के प्राचार्य डाक्टर अरविंद कुमार सहित क्षेत्र के कई प्रधान और महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक मौजूद रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार नगर के नत्थन बानो बाबू खान जनता डिग्री कॉलेज में बुधवार को छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह ने छात्राओं को फोन वितरित किया। इस मौके पर

बिलग्राम में छात्र को स्मार्टफोन देतीं पूर्व सांसद अंजू बाला। अमृत विचार

विद्यालय के प्रबंधक सरताज खान, प्रधानाचार्य फुरकान खान, सोनू त्रिवेदी, मोहम्मद हसन, श्यामवीर प्रजापति, शाहनवाज खान, रफत खान व देवेंद्र कुमार आदि लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। विकास खंड कछौना के एसएमडी पटेल महाविद्यालय पतसेनी में विधायक रामपाल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को तकनीकी ज्ञानार्जन में लाभ मिलेगा। सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज कहली तेरवा गौसगंज में मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य व युवा नेता संचित अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए। श्री विश्राम सिंह महाविद्यालय कहली में विधायक रामपाल वर्मा ने स्मार्टफोन वितरित किए। लाला हरिराम गंगा देवी महाविद्यालय कुकुही में ब्लॉक प्रमुख रामश्री ने स्मार्टफोन वितरित किए।

शादी के जोड़े में स्मार्ट-फोन लेने पहुंची छात्रा

हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत ज्ञानदीप पीजी कालेज टड़ियावां में बुधवार को स्मार्ट-फोन का वितरण किया गया। कालेज के प्रबंध निदेशक डा .ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और प्राचार्या डा. सरिता पाण्डेय और नोडल अधिकारी निहारिका ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस बीच एक छात्रा शादी के जोड़े में स्मार्ट-फोन लेने पहुंची। समारोह में शामिल छात्र-छात्राओं की नज़रे उसी पर टिकी हुई थी। समारोह का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन कर किया। इसके बाद स्मार्ट-फोन वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ। संस्था को कुल 412 स्मार्ट-फोन प्राप्त हुए थे,जिसमे सभी 412 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट-फोन दिए गए। इस दौरान सबसे खास बात यह रही कि एक छात्रा शादी के जोड़े में स्मार्ट-फोन लेने पहुंची। वहां मौजूद छात्र-छात्रो की नज़रे उसी पर टिकी रही। इस दौरान कालेज के स्टाफ ने उसके बेहतर भविष्य का आशीवार्द दिया। कार्यक्रम में कालेज के प्रवक्ता, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

भाई ने बहन की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर खोया आपा, पत्नी ने पुलिस को बताई घटना

हरदोई

अमृत विचार। प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद युवती के भाई ने गला रेतकर बहन की हत्या कर दी। इसके बाद शव झाड़ियों में फेंक दिया। युवती आरोपी भाई और भाभी के साथ ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करती थी। युवती का शव मिलते ही हड़कंच मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। पूछताछ करने पर आरोपी की पत्नी ने सारी घटना की सच्चाई बता दी। सूचना मिलने पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ सिटी अंकित कुमार भी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

कछौना कोतवाली के रैंसों में ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले मज़दूर वहीं झोपड़ी डाल कर रहते है। पिहानी कोतवाली के सिमौर निवासी मदनू की पुत्री साहिबा (20) अपने भाई साजिद और भाभी के साथ ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी कर वहीं झोपड़ी डाल कर रहती थी। साहिबा का वहीं मज़दूरी करने वाले जलील पुत्र भुल्ले के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। साजिद को जब इसका पता चला तो उसने बहन को कई बार रोका-टोका लेकिन साहिबा नहीं मानी। साजिद ने बहन साहिबा और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसके बाद से नाराज साजिद ने मंगलवार की रात चाकू से गला रेत कर साहिबा की हत्या कर दी और शव झाड़ियों में फेंक दिया। बुधवार की सुबह झाड़ियों में शव मिलने से वहां हड़कंप मच गया।

एसएचओ कछौना राकेश कुमार यादव पूछताछ के लिए ईंट-भट्ठे पर पहुंचे। उन्होने साहिबा की भाभी से कुछ सवाल पूछे तो जवाब देते हुए उसकी ज़ुबान लड़खड़ा गई। एसएचओ ने संदेह होने पर सख्ती से पूछताछ की तो साहिबा की भाभी ने सारा मामला कह सुनाया। सारा कुछ बे-पर्दा होने पर पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर आगे की तहकीकात शुरू कर दी है।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार,सीओ सिटी अंकित मिश्रा के साथ फोरेंसिक और एक्सपर्ट टीम ने वहां पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी।

हत्या के बाद शव जलाने की थी तैयारी

कछौना के रैंसों की झाड़ियों में पाए गए शव को फूंकने की पूरी तैयारी थी, लेकिन अपनी सगी को मौत के घाट उतारने वाले उसके भाई की हिम्मत जवाब दे गई। ऐसी बातें इस वजह से कहीं जा रहीं है कि जहां शव पड़ा हुआ था,वहीं पास में साहिबा की चप्पल,एक प्लास्टिक की बोतल और माचिस भी पड़ी हुई थी। फिलहाल पुलिस के अलावा फॉरेंसिक व एक्सपर्ट टीम हर एक पहलू से जांच-पड़ताल कर रही है।

युवक ने की फांसी लगाकर दे दी जान

हरदोई, अमृत विचार। युवक ने घर से दूर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह वहां पहुंची पुलिस युवक का मोबाइल फोन अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के राजेपुर निवासी 21 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार पुत्र चन्द प्रकाश अपनी तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी शादी नही हुई थी। शैलेन्द्र मेहनत-मज़दूरी करता था। मां-बाप की पहले ही मौत हो चुकी है। घर औय बहनों की देखभाल की सारी ज़िम्मेदारी उसी के ऊपर थी। शैलेन्द्र के चाचा महेश कुमार ने बताया मंगलवार की देर रात उसने घर से दूर खड़े पेड़ मे रस्सी के फंदे से लटकता हुआ उसका शव देखा गया। भोर होते ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को के साथ उसके मोबाइल को कब्ज़े में लिया।

सार-संक्षेप

पुलिस ने मंगलवार रात चलाया चेकिंग अभियान

हरदोई, अमृत विचार। एडीजीपी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश की ला एंड आर्डर को और मज़बूत करने की घुट्टी पीने के बाद अलर्ट मोड में दिखाई दी पुलिस ने मंगलवार की आधी रात में जगह-जगह पर तलाशी अभियान चलाया। कार हो या लग्ज़री गाड़ी हो,सभी की बड़ी गहराई से छानबीन की गई। बतातें चलें कि ज़िले में क्राइम कंट्रोल करने के लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मातहतों को बराबर ज़रूरी दिशा-निर्देश देते रहें ,वहीं ज़िले में आए एडीजीपी लखनऊ जोन ला एंड आर्डर अमिताभ यश ने लोकसभा चुनाव और आने वाले त्यौहारों को ले कर ला एंड आर्डर को पूरी तरह से मेंटेन रखने की सीख दी थी। उसी के तहत मंगलवार की आधी रात में सीओ सिटी अंकित मिश्रा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय की टीम ने डीएम चौराहा (स्वर्ण जयंती चौक) पर आने-जाने वाली गाड़ियों को रोक-रोक कर उनकी तलाशी ली। इसके अलावा जाना कि इतनी रात में कहां से और क्यों निकलना हुआ। सीओ सिटी श्री मिश्रा ने कहा कि ला एंड आर्डर को मेंटेन रखने के लिए इस तरह का अभियान चलाया गया,जो आगे भी चलाया जाता रहेगा।

परीक्षा देकर लौटते रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत



अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। बुधवार को इण्टर मीडिएट की परीक्षा का पेपर देकर बाइक से लौटते समय अतरौली थाना क्षेत्र में सण्डीला रोड पर कनौरा पुलिया के पास ट्रक से कुचल कर एक छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी ।अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कसहिया निवासी अभिषेक शुक्ला अपने साथी बसहिया निवासी सुजीत यादव के साथ इण्टर का पेपर देने गौसगंज गया था ।शाम की मीटिंग का पेपर देकर दोनों बाइक से लौट रहे थे ।सुजीत यादव गाड़ी चला रहा था ।कनौरा पुलिया के पास सामने से आ रही एक बाइक से झड़प हो गयी ।जिससे बाइक पर बैठे दोनों अभिषेक शुक्ला और सुजीत यादव सड़क पर गिर गये ।पीछे से आ रहा एक ट्रक अभिषेक शुक्ला को कुचलता हुआ निकल गया ।जिससे अभिषेक शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गयी ।और सुजीत यादव बाल बाल बच गया ।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।और परिजनों को सूचना दिया ।घर में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रधान ने ग्रामीण से फोन पर की गाली-गलौज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र पंचायत की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे की दबंगई पूरी तरह बरकरार है। प्रधान ने सड़क निर्माण की शिकायत करने पर ग्रामीण को गालियां दी। पीड़ित ने सेक्रेटरी और ग्राम प्रधान से शिकायत की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर खुर्द के रहने वाले रामगोपाल सिंह यादव ने गांव की बदहाल सड़क के संदर्भ में पंचायत सेक्रेटरी अनिल कुमार से बनवाने की अपील की थी। जिस पर सेक्रेटरी अनिल कुमार ने आश्वासन दिया कि सुबह 10 बजे से सड़क पर निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। जब 11:30 बजे तक सड़क निर्माण के लिए लेबर नहीं पहुंची तो रामगोपाल ने सेक्रेटरी अनिल कुमार के मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि 11:30 बजे के बाद भी लेबर कार्य पर नहीं पहुंचे हैं। इस पर सेक्रेटरी ने ग्राम पंचायत प्रधान विवेक पांडेय को फोन पकड़ा दिया और फोन पकड़ते ही प्रधान विवेक पांडे ने राम गोपाल यादव को गालियां देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने ऑडियो उच्च अधिकारियों को भेजकर शिकायत की है।

सभी लोग अपसी तालमेल बनाए रखें : प्रभारी निरीक्षक

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नवागंतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी की अध्यक्षता में बीते बुधवार की शाम पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बैठक में आए हुए सभी लोगों से आपसी तालमेल बनाकर रहने की बात करते क्षेत्र में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए लोगों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने के लिए शत प्रतिशत प्रयासरत रहूंगा।

दस दिन से लापता अधेड़ का बाग में पड़ा मिला शव

हरदोई

अमृत विचार। बाज़ार के लिए घर से निकला अधेड़ लापता हो गया,उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नही लगा। उसके बाद कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बुधवार को लापता अधेड़ का शव उसी के भतीजे के बाग में पड़ा मिला। उसकी हत्या कर शव फेंके जाने की अटकलें लगाई जा रहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

कछौना कोतवाली के कस्बे के मोहल्ला ठाकुरगंज निवासी 55 वर्षीय रामजीवन यादव 18 फरवरी को बाज़ार जाने के लिए घर से निकला था,उसके बाद से वह लापता हो गए थे। घर वाले हर तरफ उसकी तलाश कर रहे थे,लेकिन कहीं से कोई सुराग़ नहीं मिला। 22 फरवरी को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी गई। उसके बाद से बराबर तलाश की जा रही थी। बुधवार को रामजीवन का शव उसी के भतीजे रामशंकर यादव के बाग में पड़ा देखा गया। रामजीवन के पुत्र शैलेंद्र यादव के साथ उसके घर वाले हत्या कर शव फेंकने की अटकलें लगा रहें है। वहीं एसएचओ कछौना राकेश कुमार यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

कार की टक्कर से बच्ची घायल, हालत गंभीर

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। सुरसा मार्ग के निकट जगतपुरवा में एक तेज रफ्तार से आ रही कार ने बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने तत्काल सुरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्ची को उपचार के लिए ले गये, वहां पर डाक्टरों ने हालात नाजुक देखकर हरदोई ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रिफर कर दिया। सुरसा थाना क्षेत्र के गांव जगतपुरवा निवासी अखिलेश कुमार की पांच वर्षीय पुत्री नित्या बुधवार को अपने घर से निकल कर बाहर रोड़ पर घूम रही थीं। उसी समय सुरसा तिराहा की तरफ से तेज़ रफ्तार से आ रही वेगनआर ने जगतपुरवा गांव में पहुंचते ही बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे बच्ची के सिर पर चोट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गई।

बुधवार को परीक्षा देकर बाहर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

हर दिन सैकड़ों परीक्षार्थी छोड़ रहे बोर्ड की परीक्षा

हरदोई, अमृत विचार। जिले में शुक्रवार को 128 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा की प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत में 120 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बुधवार को बोर्ड परीक्षा द्वितीय दिन की परीक्षा में इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन द्वितीय पाली में किया गया। जिसमें चित्रकला, आलेखन में 613 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र में 280 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। चित्रकला प्रावधिक में 154 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सचल दलों ने विवेकानंद इंटर कालेज अमलौखा, देवदरबार आश्रम इंटर कालेज सांडी, किरणेश सिंह इंटर कालेज ककरघटा, नेहरू इंटर कालेज शाहाबाद सहित आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। शासन की मंशानुरूप निष्पक्ष पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

निरस्त ट्रेनों का संचालन होगा बहाल, यात्रियों को राहत

हरदोई, अमृत विचार

रेल यात्रा को जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। तीन महीने से निरस्त चल रही ट्रेन अब बहाल होना शुरू हो गई है। हरदोई से होकर जाने वाली पांच जोड़ी ट्रेन पूर्णतया निरस्त चल रही थी वहीं चार जोड़ी ट्रेन आंशिक निरस्त थी। रेल प्रशासन द्वारा कोहरे को देखते हुए एक दिसंबर 2023 से ट्रेनों को निरस्त और आंशिक निरस्त किया था। ट्रेनों के निरस्त होने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब मौसम साफ हो चुका है। इसके बाद रेल प्रशासन अपनी तय समय अवधि से ट्रेनों को चलाने की तैयारी में जुट गया है। रेल प्रशासन द्वारा कई ट्रेनों के कोचों को एकत्र करना भी शुरू कर दिया है। ट्रेनों के वापस पटरी पर लौटने से रेल यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। इस बार रेल प्रशासन पैसेंजर ट्रेनों का भी संचालन 1 मार्च से शुरू कर सकता है।

यह ट्रेनें पटरी पर लौटेंगी

हरदोई से होकर जाने वाली यह ट्रेन 29 फरवरी से लेकर चार मार्च तक बहाल हो जायेंगी। बहाल होने वाली ट्रेनों में 14307 प्रयागराज बरेली मुगलसराय एक्सप्रेस चार मार्च को प्रयागराज संगम से चलकर हरदोई होते हुए बरेली जाएगी, वहीं डाउन में 14308 बरेली प्रयागराज मुगलसराय एक्सप्रेस 1 मार्च को बरेली से चलकर हरदोई के रास्ते प्रयागराज संगम जाएगी, 14235 वाराणसी बरेली वाराणसी एक्सप्रेस एक मार्च को वाराणसी से चलकर हरदोई के रास्ते बरेली पहुंचेगी, डाउन में 14236 बरेली से वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 2 मार्च को बरेली से चलकर हरदोई होते हुए वाराणसी जाएगी, 14229 प्रयागराज से चलकर योग नगरी ऋषिकेश जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस एक मार्च को प्रयागराज से संचालित होकर हरदोई के रास्ते होते हुए हरिद्वार योग नगरी ऋषिकेश की ओर संचालित होगी, डाउन में 14230 योग नगरी ऋषिकेश प्रयागराज संगम योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस एक मार्च को योग नगरी ऋषिकेश से संचालित होकर हरदोई के रास्ते होते हुए प्रयागराज संगम जाएगी ।इसी के साथ 04319-20 शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर एक मार्च से संचालित होगी, 04305- 06 शाहजहांपुर बालामऊ शाहजहांपुर पैसेंजर एक मार्च से संचालित होगी ।रेल प्रशासन द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के किराए में की गई कमी के बाद यात्रियों को उम्मीद है कि पैसेंजर ट्रेनों के संचालक को शुरू कर दिया जाएगा है ।हरदोई से होकर जाने वाली पैसेंजर ट्रेनें काफ़ी लंबे समय से बंद चल रही थी।

बहाल हुईं साप्ताहिक ट्रेनें

रेल प्रशासन द्वारा साप्ताहिक निरस्त चल रही 15909-10 लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस, 15127-28 वाराणसी से चलकर नई दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 15119-20 बनारस से चलकर देहरादून जाने वाली जनता एक्सप्रेस के साथ ही टनकपुर से चलकर सिंगरौली शक्ति नगर जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस अब सप्ताह में प्रत्येक दिन संचालन शुरू हो गया है। ट्रेनों के प्रतिदिन संचालन होने से रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। इनमें से दैनिक रेल यात्रियों को सबसे ज्यादा राहत मिली है। हरदोई से लखनऊ जाने के लिए दोपहर में त्रिवेणी दैनिक यात्रियों की पहली पसंद है जबकि लखनऊ से आने के लिए दैनिक यात्रियों की जनता एक्सप्रेस पहली पसंद है। ट्रेनों के बहाल होने से आम रेल यात्री के साथ दैनिक यात्रियों ने राहत के साँस ली है।

डॉक्टर रहे नदारद, मरीज परेशान

हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कालेज में डाक्टरों और रेजीडेंट की मनमानी के चलते मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह से आर्थोपेडिक यूनिट में मरीज इकट्ठा हुए और वहां कतार लगा कर खड़े हो गए, लेकिन कई घंटो बाद भी वहां कोई डाक्टर नहीं पहुंचा। जिससे मरीज परेशान हो गए।

मेडिकल कालेज की ओपीडी में आर्थोपेडिक यूनिट है। बुधवार को वहां एचओडी डा.जीतेश अरोड़ा की ड्यूटी थी, जबकि सीनियर रेजीडेण्ट डा.सुरेंद्र गहलोत ओटी में ड्यूटी कर रहे थे। एचओडी के अलावा ओपीडी में जूनियर रेजीडेण्ट डाक्टर भी ड्यूटी पर रहते है, लेकिन काफी देर तक वहां कोई नहीं पहुंचा। नतीजतन कतार में खड़े-खड़े थक कर चूर हो चुके पेशेंट ज़मीन पर बैठ गए,लेकिन करीब डेढ़ से दो घंटे बाद भी कोई भी डाक्टर वहां ड्यूटी करना तो दूर झांकने तक नहीं पहुंचा। बता दें कि मेडिकल कालेज हो या ज़िला अस्पताल और या फिर सीएचसी, पूरे यूपी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी रहती है। लेकिन बुधवार को मेडिकल कालेज की आर्थोपेडिक यूनिट में डाक्टर नदारद नजर आए। मेडिकल कालेज के आर्थोपेडिक यूनिट के एचओडी डा. अरोड़ा की अनुपस्थिति के बारे में भी कोई जानकारी थी।

आर्थोपेडिक यूनिट में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

एक नजर

किसानों ने देखा प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय विकासखंड सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण किसानों ने देखा। इस मौके पर जायद की विकास खंडस्तरीय गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कृषकों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त भी किसानों के खाते में हस्तांतरण की। इस मौके एडीओ कृषि राजकुमार वर्मा ने बताया कि जायद फसल के अंतर्गत मूंग, उड़द सूरजमुखी एवं तरबूज, तरबूज, खीरा ककड़ी आदि की फसल बोकर किसान दोहरा लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से उत्तम वर्मा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, सुभाष बाबू गुप्ता, राज कुमार वर्मा, पंकज पटेल और कृषि विभाग के कर्मचारी व भारी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया।

पुलिस के साथ आपराधिक व्यक्ति का फोटो वायरल

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। कुछ अराजकतत्वों द्वारा पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचाकर बड़े पैमाने पर दलाली का व्यापार बढ़ाने का मामला चर्चा में है। ऐसी ही एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के एक चर्चित गांव के एक आपराधिक चरित्र के युवक का पुलिस महकमें के एक आला अधिकारी के साथ मुस्कुराता हुआ फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। वायरल फोटो ग्राम बाड़ी के कमर अहमद पुत्र रईस अहमद की बताई जाती है। जिसका एक साल पूर्व बाड़ी गांव में वक्फ की भूमि पर लगे फलदार आम के पेड़ काट लेने के मामले में भी नाम आया था। पुलिस ने उसके विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज कर लिया था।

मधुमक्खियों के हमले से युवक घायल, भर्ती

सांडा। विकासखण्ड इलाके में युवक पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सकरन क्षेत्र ग्राम भंभुआ मजरा रेवान के रामधार पुत्र बूधन 40 वर्ष बुधवार को आवश्यक कार्य के लिए परिवार रजिस्टर नकल लेने आया था। इस दौरान ब्लॉक परिसर में लगी मधुमक्खियों ने युवक पर हमला कर दिया। युवक को मधुमक्खियों के हमले से बचाने के लिए ब्लॉक में मौजूद लोगों ने आग जलाई। जिसके बाद मधुमक्खियों ने युवक को छोड़ा। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद 108 एंबुलेंस और 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी। किसी तरह से युवक को एंबुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी सांडा ले जाया गया। जहां युवक का इलाज चल रहा है। पीड़ित रामधार ने बताया कि ग्राम सचिव केवल हफ्ते में बुधवार को ही नकल देते हैं, इसलिए आया था। पीड़ित ने बताया कि अधिकारी भी नहीं मिले और ये हादसा हो गया।

आधा-दर्जन वांछित गिरफ्तार

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। थाना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आधा-दर्जन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेशपाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शशांक पाण्डेय तथा हेडकांस्टेबल सुमित यादव व कांस्टेबल आकाश की टीम ने छापेमारी कर न्यायालय द्वारा वांछित मोहल्ला बाजार, सिधौली निवासी प्रदीप सिंह व अनिल सिंह, मोहल्ला प्रेमनगर निवासी संदीप कुमार, टाटरगंज, महमूदाबाद चैराहा, सिधौली के निवासी अनस, मोहल्ला संतनगर पश्चिमी, सिधौली निवासी आदिल और ग्राम अहमदपुर जट निवासी शरीफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उपरोक्त लोग विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित थे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, चालक गंभीर

मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे थे सवार, दुर्घटना में कार के उड़े परखचे, ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार। थाना इमलिया सुल्तानपुर की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस जा रही कार सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। कार और ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने की टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची काजीकमालपुर पुलिस ने जख्मी कार चालक को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

बीती देर रात करीब 12 बजे थाना क्षेत्र की काजीकमालपुर चैकी क्षेत्र के टिकरा-जार से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक कार संख्या यूपी 32 सीबी 7755 वापस महोली की तरफ तेज रफ्तार में जा रही थी, तभी थवईपुरवा मोड़ के पास सामने से गन्ना क्रेशर से गन्ना बेचकर आ रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली में कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखरच्चे उड़ गए और ट्रैक्टर-ट्राली दोनों के दाहिने साइड के पहिये टूटकर निकल गए। वहां पर मौजूद लोगों का कहना है कि कार पर करीब पांच लोग सवार थे जिसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं घायल युवक की पहचान शुभम यादव पुत्र रविंद्र निवासी ग्राम जहानपुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पहुंची काजीकमालपुर पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

आमने सामने की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त टैक्टर-ट्रॉली व कार। अमृत विचार

सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

सीतापुर, अमृत विचार। महोली कोतवाली इलाके में हाइवे पर सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के मास्टर कालोनी निवासी गिरीश बाजपेई पुत्र ब्रजकिशोर बाजपेई उम्र 62 साल अपनी साइकिल पर सवार होकर अढौरी गाँव को जा रहे थे। बताया जाता है कि इस दौरान जब वह सड़क पार कर रहे थे, तभी सामने से आ रही ट्रक संख्या यूपी 22, एटी 0949 के सामने आ गये। वाहन की चपेट में आने से उनको जोरदार टक्कर लग गई और साइकिल सहित बुजुर्ग सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई। राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ल ने बताया ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। वाहन चालक मौके से फरार है। तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जाएगी।

अभद्रता व छात्रा से मारपीट मामले में शिक्षक निलंबित

कार्रवाई

- बीएसए ने जांच आख्या के आधार पर बीआरसी से किया सम्बद्ध
- प्रभारी प्रधानाध्यापक से भी शिक्षक ने की थी अभद्रता

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद खंड शिक्षाधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि महमूदाबाद विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में 12 फरवरी को तैनात शिक्षक मुनीर अहमद द्वारा कक्षा एक की छात्रा रजनी की जमकर डंडे से पिटाई कर दी गई थी। आरोप था कि छात्रा की अधिक पिटाई के कारण उसके कान के नीचे खून बहने लगा था।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा पिटाई को मना करने पर उनके साथ भी आरोपी शिक्षक द्वारा मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया था। इस दौरान आरोपी अध्यापक के द्वारा उपस्थिति पंजिका को भी क्षतिग्रस्त किया गया। शिक्षक के हंगामे को लेकर प्रधानाध्यापक द्वारा सदरपुर थाने पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रकरण की जानकारी बीईओ को दी गई। बीईओ उदयमणि पटेल ने 13 फरवरी को स्कूल पहुंच विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षामित्रों, अभिभावकों के साथ पीड़ित छात्रा व इंचार्ज प्रधानाध्यापक के बयान दर्ज कर जांच आख्या बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह को भेजी थी। आरोप है कि जांच के अगले दिन आरोपी शिक्षक द्वारा बीईओ को उनके मोबाइल पर भी फोन कॉल पर अभद्रता की गई। बीईओ की जांच आख्या पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर द्वारा बुधवार को आरोपी शिक्षक मुनीर अहमद खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने हुए पूरे प्रकरण की जांच बीईओ सिधौली को सौंपते हुए 15 दिवस में आख्या देने के निर्देश दिए है। निलंबन अवधि में आरोपी शिक्षक को बीआरसी बिसवां कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश बीएसए ने दिए हैं। मामले में बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सीएम ने साइबर थाने का किया वर्चुअल लोकार्पण

महमूदाबाद, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को साइबर थाने का वर्चुअल उद्घाटन किया। कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर एसएचओ ने लोगों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। एसएचओ ने बताया कि थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क से जनता को इस मामले में सहायता मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महमूदाबाद में स्थापित साइबर थाना का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह का महमूदाबाद थाना द्वारा भी प्रसारण करवाया गया। इस इस अवसर पर महमूदाबाद कस्बे के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। साइबर थाना के उद्घाटन कार्यक्रम में एसएचओ अनिल सिंह ने लोगों को साइबर क्राइम व अन्य फ्रॉड के अंतर को समझाया और कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले फ्रॉड साइबर क्राइम की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साइबर क्राइम से बचने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका यही है कि इसके प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रिंट इलेक्ट्रानिक व डिजिटल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रही है। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसके लिए जागरूकता फैलाने जैसी बातों को महत्व देने के लिए सभी का ध्यान आकर्षित किया।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार का लगाया जुर्माना
- वर्ष 2020 में किशोरी से दुष्कर्म कर आरोपियों ने वायरल किया था वीडियो

सीतापुर, अमृत विचार। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चार साल पहले हुए नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि वर्ष 07 जुलाई 2020 को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में नाबालिग वादिनी ने शीबू और नाजिम सहित तीन अन्य अज्ञात पर सामूहिक दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर एससी/एसटी और सामूहिक दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना के दौरान 6 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये। इस आरोपियों में अभियुक्त आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान व शेष अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। पुलिस की प्रभावी पैरवी और वादिनी के प्रयासों के मद्देनजर अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट न्यायाधीश निशा झा ने मामले की सुनवाई कर बुधवार को 5 दोषियों को सामूहिक दुष्कर्म और 2 अभियुक्तों को आईटी एक्ट (वीडियो वायरल करने) के आरोप सहित एक अभियुक्त को घटना को सुनियोजित तरीके से रचने और छेड़छाड़ के आरोप में दोषी करार देते हुए कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियुक्तों को न्यायालय से जेल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

इन आरोपियों को हुई सजा

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी शीबू, आसिफ खान, आबिद, आरिफ खान, सालिम खान को पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सहित प्रत्येक दोषी पर को 2,40,000 रुपये (कुल 12 लाख रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी दानिश और नाजिम को धारा 67 ए आईटी एक्ट व 13/14 पॉक्सो एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए 5 वर्ष की जेल सहित प्रत्येक को 2,20,000 रुपये (कुल 04 लाख 40 हजार रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने घटना के अंतिम आरोपी कौशल को अपराध में दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास सहित 90 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी।

मंडी में व्यापारियों की सुविधा के लिए लगाए जाएं एटीएम: सीडीओ

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। उद्योगों के पक्ष में त्वरित स्वीकृतियां जारी करने एवं व्यापारियों तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बंधु, सिंगल विण्डों, निवेश मित्र से संबंधित माह फरवरी की बैठक मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुयी।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं एवं उनसे संबंधित स्वीकृतियों के निराकरण संबंधी प्रगति की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने सीतापुर मंडी में एटीएम स्थापना के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। बिजावर स्थित ओवरब्रिज के दोनों ओर पैमाईश कराए जाने के लिए दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्र पैमाईश कराए जाने के निर्देश दिए। महोली मार्ग के लिए टैक्सी स्टैंड के लिए स्थल चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता केन्द्र आशीष गुप्ता ने एजेंडा प्रस्तुत किया।

सीएचसी अधीक्षक पर अभद्र व्यवहार का आरोप

अभद्र व्यवहार के खिलाफ प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

सिधौली, अमृत विचार। आशा बहू कल्याण समिति (उप्र) की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिधौली में धरने पर बैठी आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरके वर्मा ने आशा बहुओं के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

संगठन के संरक्षक चन्द्रिका प्रसाद रावत ने प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली सिधौली को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि पहले अधीक्षक ने आन्दोलनकारी आशा बहुओं को पिटवाने के लिए पुलिस बुला ली, लेकिन मौके पर मौजूद संगठन की कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों को ज्ञापन दिखा दिया। मौके पर मौजूद गीता, प्रेमलता, संगीता, रमा और सुनीता आदि के साथ धक्का-मुक्की की।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि आशा बहुओं द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्यद्वार को रोक दिया गया था, जिससे एम्बुलेंस आने में दिक्कत हो रही थी। धक्का-मुक्की करने और अभद्र व्यवहार की बात पूर्णतया निराधार है।

सार-संक्षेप

उसामा खान बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव

पूर्व मुख्यमंत्री को साइकिल का प्रतीक चिन्ह देते उसामा खान। अमृत विचार

तंबौर, सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी की संस्तुति पर युवा सपा नेता उसामा खान को समाजवादी लोहिया वाहिनी उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल द्वारा किये गए मनोयन पर जिले के सपाइयों ने हर्ष जताया है।

पांच मार्च को जनता की समस्याएं सुनेंगी मंडलायुक्त

सीतापुर, अमृत विचार। प्रभारी अधिकारी परिवाद ने बताया कि लखनऊ मण्डल के जनपदों के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, जल निकासी, दैवीय आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा, भूमि विवाद विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के निराकरण के लिए जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पांच मार्च को सुबह 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक मण्डलीय जनता दर्शन आयोजित किया जायेगा। जिसमें मंडलायुक्त समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करेंगी। उक्त मण्डलीय जनता दर्शन में आम जनमानस अपनी समस्या के संबंध में उपस्थित होकर प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकते है जिसका जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

जायद की फसल उगाने में प्रयोग करें किसान सम्मान निधि

किसान सम्मान निधि ट्रांसफर करने का लाइव प्रसारण देखते लोग।

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के यवतमाल से देशभर के किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि के दो-दो हजार रुपए की 16वीं किस्त के ट्रान्सफर किये जाने के कार्यक्रम का विकास खंड रामपुर मथुरा के कृषि विभाग ने लाइव प्रसारण कराया। ब्लाक सभागार रामपुर मथुरा में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हरिश्चंद्र राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित जायद कृषक गोष्ठी को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि किसानों के खाते में आने वाली सम्मान निधि का प्रयोग जायद की फसलों को उगाने में करें जिससे उनके परिवार में समृद्धि आयेगी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रमोद कुमार ने कहा कि सम्मान निधि से किसानों के जीवन में समृद्धि आ रही है, इस अवसर पर प्राविधिक सहायक बंशीधर, सहायक तकनीकी प्रबंधक बृजेन्द्र राजपूत, अनिल कुमार वर्मा, ब्लाक तकनीकी प्रबंधक, अंकित वर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, किसान देवराज तिवारी, देवाराम अवस्थी होली राम, दिनेश अवस्थी, विनोद मिश्रा, देवेन्द्र मौर्य, राधेश्याम, उत्तम कुमार, पप्पू वर्मा, विनय यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के छात्रों ने बनाए आकर्षक मॉडल

विज्ञान से लोगों में अंधविश्वास का विनाश होता है : आंजनेय

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है। विज्ञान से लोगों में अंध विश्वास का विनाश होता है। सभी स्टूडेंट्स को विज्ञान विषय में रुचि लेकर इसे अपने करियर के लिए चुनना चाहिए। आधुनिक समय में विज्ञान एवं वैज्ञानिक निरंतर लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। कोविड-19 में बनी वैक्सीन इसका प्रमाण है।

उक्त बातें विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने कही। विज्ञान दिवस के मौके पर बुधवार को सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन हिंदी मीडियम व इंगलिश मीडिएम के बच्चों द्वारा आकर्षक मॉडल बनाए गए। छात्र अनुराग वर्मा द्वारा जेसीबी, आनंद पटेल द्वारा मंगलयान, राजवीर गुप्त द्वारा स्पोर्ट कार, परिधि वर्मा द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल, मयंक वर्मा द्वारा चंद्रयान-3, चारू वर्मा द्वारा सोलर पावर सिस्टम, गीतांश सिंह द्वारा क्रेन, सोम वर्मा द्वारा पवन चक्की, अजय सिंह द्वारा ज्वालामुखी, आशीष कुमार ने वायु प्रदूषण, हर्षित यादव द्वारा जेसीबी, अभिनव सिंह द्वारा पासिंग वायर, ओजस्वी श्रीवास्तव द्वारा वॉटर टैंक, अभय कश्यप द्वारा टुल्लू पंप व अंशिका यादव द्वारा वॉटर प्यूरीफायर के आकर्षक मॉडल बनाए।

निर्णायक मंडल में शामिल जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्नम्, उपप्रधानाचार्य आदर्श जायसवाल, एसआर वर्मा, सीनियर वर्ग की संस्कृति प्रमुख प्रतिभा सिंह, विज्ञान शिक्षिका गुंजन यादव, अनीता वर्मा, अनुशासन प्रमुख नीरज वर्मा, विज्ञान शिक्षक संदीप वर्मा द्वारा बनाए गए मॉडलों का परीक्षण करने के बाद अनुराग वर्मा के जेसीबी माडल को प्रथम, सोम वर्मा के पवन चक्की मॉडल को द्वितीय, अभय वर्मा के विक्रम लैंडर व सिद्धांत सिंह के वॉटर प्यूरीफायर मॉडल को तृतीय तथा आनंद पटेल के मंगलयान, गीतांश सिंह के क्रेन व अभिनव सिंह के पासिंग वायर मॉडल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

बच्चों द्वारा बनाये मॉडलों को देखते अध्यापक व अतिथि। अमृत विचार

भूमिहीन मजदूरों ने की राशन कार्ड बहाल किए जाने की मांग

सिधौली। ग्राम जटहा निवासी कुछ भूमिहीन मजदूरों ने उनके अन्त्योदय राशनकार्ड को बिना किसी कारण निरस्त कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए राशनकार्ड बहाल किए जाने की मांग की है। विकासखण्ड सिधौली अन्तर्गत ग्राम जटहा के विजय, गोकरन और इंद्रपाल ने बताया कि उनके पिता मोतीलाल बरेली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। पिता की अनुपस्थिति में उनकी मां बिलासा देवी ने किसी प्रकार मेहनत मजदूरी करके उनका पालन पोषण किया। बिलासा देवी के नाम अन्त्योदय राशनकार्ड बना हुआ था। पिछले साल 25 जनवरी को उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने आनन-फानन फर्जी प्रस्ताव कर बिना ग्रामपंचायत सदस्यों की सहमति उनका कार्ड कटवाकर किसी अन्य व्यक्ति के कार्ड का प्रस्ताव कर दिया। अपना कार्ड कट जाने के बाद युवकों ने कई बार प्रार्थनापत्र दिया परन्तु उनका राशनकार्ड बहाल नहीं किया गया। उन्होंने तहसील दिवस में प्रार्थनापत्र देने की कोशिश की तो उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम : सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत : ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या -ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता-इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

संपादकीय

देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है,लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है,जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं,सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

> यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल-नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार'जलवायु परिवर्तन'को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है,कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है,पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों,बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक,टमाटर,लहसन,मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है,ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब,आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे,लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है,जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल,बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

प्रसंगवश

नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था,जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका,अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो,जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता,शुचिता,ईमानदारी अभीष्ट थी,लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं,'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात,तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है,उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है,लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं,लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

> समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं,पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है,जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है,लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

सोशल फोरम

बड़ा सच

डॉ.सलिल समाधिया
जबलपुर

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं,आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए,वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे,दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए,जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत,बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड,सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं,जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं,वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है,वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं,वह मूल्यहीन हैं।

-फेसबुक वॉल से

राग वसंत

संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं,मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां,लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है,तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया।

> वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता,उसकी रसमयता,उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है,परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां,बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती,आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत,स्निग्ध,निश्छल,ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग,गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है,उसे समझकर आश्चर्य होता,उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया,मौसम का यह रंग।।

विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

संजय वर्मा
इंदौर

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता,प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं,विज्ञान बेदर्द है,नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं,पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक,टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया,कोई धर्म गुरु,धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं,ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई,तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में,पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है,संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

प्रत्येक चुनाव में अपने मत का जरूर करें प्रयोग

▸▸ मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी करें प्रयास: बीईओ

लहरपुर, सीतापुर

मतदान करने व दूसरो को प्रेरित करने की शपथ लेते अध्यापक।

अमृत विचार। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र लहरपुर में, मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक उपस्थित हुए। वक्ताओं ने वोट के महत्व पर चर्चा करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा प्रत्येक चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करने एवं दूसरों को भी इस के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, मतदाता जागरूकता अभियान एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसे सफल बनाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए।

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकों में तथा अभिभावकों से डोर टू डोर सम्पर्क करते समय शिक्षक मतदाता जागरूकता के लिए इस मुद्दे पर भी चर्चा करें जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने वोट के महत्व को समझे और सभी चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करे। खण्डशिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को अपने मत का प्रयोग करने और दूसरों को भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनवर अली ने किया। इस मौके पर विशुन कुमार वर्मा, मोहम्मद उस्मान, रामचन्द्र वर्मा, इसरारूल हक, कृष्ण मोहन, प्रदीप कुमार, अमिता, नूर सबा, अल्पना वर्मा, राकेश कुमार, सौरभ शुक्ला आदि मौजूद थे।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या की आशंका

रामपुरभगन, अयोध्या, अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में थाना क्षेत्र के परसावां महोला गांव की रहने वाली जसपता का आरोप है मंगलवार शाम कुछ लोग पार्टी की बात कहकर उसके बेटे संतोष कुमार गौड़ पुत्र सुरेश कुमार को बुलाकर ले गए थे। रात करीब नौ बजे आसपास गांव के ही एक व्यक्ति ने सूचना दी कि तुम्हारा बेटा धर्मपुरा घूरीटीकर र्इंट भट्ठे के सामने तालाब के पास पड़ा है। हम लोग उसे सीएचसी लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एएसपी ने की अभिलेखों की जांच, दिये निर्देश

अभिलेखों का निरीक्षण करते एएसपी डॉ. प्रवीण सिंह रंजन।

रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। एएसपी डॉ. प्रवीण सिंह रंजन ने थाने का वार्षिक मुआयना किया तथा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। वार्षिक मुआयना में एएसपी डॉ. प्रवीण सिंह रंजन ने थाने के समस्त अभिलेखों की गहनतापूर्वक जांच की। इस दौरान गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर, एनसीआर एफआईआर, हिस्ट्रीशीटर व अन्य अपराधिक मामलों से संबंधित अभिलेखों की भी गहनतापूर्वक जांच की। जांच के दौरान अभिलेखों में छुटपुट कमियां पाए जाने पर दीवान को समय रहते कमियों को पूर्ण किए जाने के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में असलहे, कारतूस, टियर गैस, बाड़ी प्रोटेक्टर राईफल आदि की भी जांच की तथा समस्त सिपाहियों को निर्देशित किया कि वे डंडा, टीयर गैस व बाड़ी प्रोटेक्टर के बिना क्षेत्र में न जाएं। मुआयना में कैदीगृह, निरीक्षक आवास, पुलिस बैरकों, रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के मेस का भी निरीक्षण किया, और रसोईयों से मीनू के बारे में जानकारी ली। इस दौरान थानाध्यक्ष महेश चंद्र पाण्डेय, एसएसआइ फूलचंद्र सरोज, एसआई शीतला प्रसाद, एस आइ अशोक कुमार सोनकर, विपिन, भागेश, सत्यम शर्मा, दिवान, मुंशी व समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

सार-संक्षेप

बच्चों ने घरेलू वस्तुओं से बनाएं विज्ञान के नए मॉडल

विज्ञान दिवस पर बच्चों के बनाए गए मॉडल। अमृत विचार

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन व विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय गोंडादेवरिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समुदाय के बाबा दुलारेदास ने किया। इसमें बच्चों ने घरेलू वस्तुओं से विज्ञान के मॉडल बनाए। स्कूल के अध्यापक कुलश्रेष्ठ सिंह ने कहा कि आज के दिन महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन के सम्मान और स्मृति में हर वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। मेले में बच्चो के वैज्ञानिक दक्षताओं का विकास करने के मकसद से घरेलू वस्तुओं से विज्ञान के नए नए मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। जिससे वह सब अपने घर पर घरेलू वस्तुओं से विज्ञान के नए-नए माडल बना सकें। इस अवसर पर प्रथम संस्था से प्रदीप मिश्रा शाहिद खान, आरती देवी व विद्यालय के प्रधनाध्यापक सलाउद्दीन खान, अध्यापक कुलश्रेष्ठ सिंह, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, राजविंद्र कौर तथा समुदाय के सहयोगी शालिनी चौहान, प्रियंका, सूरज, श्यामा आदि उपस्थित रहे।

साइबर अपराध थाने का उद्घाटन, दर्ज करायें शिकायत

पहली प्राथमिकी दर्ज कराने वाले शशांक मिश्रा व मौजूद पुलिसकर्मी।

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात थाना परिसर में स्थित साइबर थाना का शुभारम्भ शुक्रवार को किया गया। क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चन्द्र शुक्ल साइबर थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी होंगे। पहली प्राथमिकी कोतवाली नगर के मोहल्ला आर्यनगर निवासी शशांक मिश्रा की तहरीर पर धारा 420 भादवि व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत की गयी। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना विजय कुमार ने बताया कि साइबर अपराध की किसी भी शिकायत के लिए कोतवाली देहात स्थित साइबर थाना में सम्पर्क कर सकते हैं।

किसानों के खाते में आई सम्मान निधि की किस्त

सांडा, सीतापुर, अमृत विचार। सकरन ब्लाक सभागार में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी में टेलीविजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान पीएम मोदी ने पीएम किसान उत्सव दिवस पर बुधवार को महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित भव्य समारोह के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त किसानों के बैंक खाते में डाल दी। सकरन में आयोजित किसान गोष्ठी में भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि सत्यपाल वर्मा के साथ दीपेश कुमार, सतीश वर्मा, सुरेश कुमार, अरुण कुमार, अजय वर्मा, विनोद, कमलेश, हरगोविंद, राजा बाबू, विजय, सुधीर सिंह, प्रताप भार्गव, रामकुमार, आदि मौजूद रहे।

श्री राम ने धनुष तोड़कर जनक की प्रतिज्ञा पूरी की

रामलीला में धनुष उठाये श्रीराम के भेष में कलाकार। अमृत विचार

औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। रामलीला धनुष यज्ञ कार्यक्रम में तीसरी रात में राम और श्याम नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी का मुख्य अतिथि के रूप में अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इसके बाद ग्राम प्रधान औरंगाबाद प्रतिनिधि आकिफ रब्बानी, ग्राम प्रधान करवामऊ कौशलेंद्र मौर्य व अभिषेक पांडे का अंग वर्ष प्रदान का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दो भाइयों के प्रेम व दो भाइयों की नफरत भारी भारी कहानी ने दर्शकों का मन मोह लिया। तैथे दिन के कार्यक्रम में धनुष भंग का कार्यक्रम संपन्न हुआ जनक नरेश मिथिला की प्रतिज्ञा अनुसार समस्त राजा महाराज उपस्थित हुए और धनुष को तोड़ने का असफल प्रयास किया अंत में श्री राम ने धनुष तोड़कर जनक की प्रतिज्ञा पूरी की इसके बाद श्री राम जी का माता सीता से विवाह संपन्न हुआ।

अमर स्कूल के बच्चों में दिखी वैज्ञानिक सोच

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर अमर पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गिरीश कुमार पांडेय, निदेशक आशुतोष पांडेय व प्रधानाचार्या आकांक्षा त्रिपाठी ने किया। प्रदर्शनी में कक्षा छह से 11 तक के विद्यार्थियों ने मॉडल, चार्ट व प्रदर्शन से अपनी वानिक सोच व उर्वर बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन कया। जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। शिखा सिंह व जागृति सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शनी का संचालन आलोक सिंह व तारा वर्मा ने किया। प्रधानाचार्या त्रिपाठी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चोरी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

अयोध्या, अमृत विचार : गोदाम से चोरी की गई यूरिया खाद को बरामद करने के लिए आरोपी पंकज कुमार मौर्य को आठ घंटे के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक अभियोजन अधिकारी शरद कुमार यादव ने बताया कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खाद के गोदाम से यूरिया खाद की चोरी की गई थी। आरोपी पंकज कुमार मौर्य निवासी मुरीदपुर थाना गोसाईगंज ने 20 फरवरी को अदालत में आत्म समर्पण करके जेल की राह पकड़ ली ।विवेचक गुलाम रसूल ने उसे दो दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने की कोर्ट से याचना की थी। रिमांड अवधी 29 फरवरी को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक रहेगी।

आईटीआई परिसर में रोजगार मेला दो मार्च को

अयोध्या, अमृत विचार : बेनीगंज स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में दो मार्च को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्मवीर कृष्ण ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी प्रतिभाग करेगी। 18 से 23 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी जिन्होंने आईटीआई ट्रेड-वायरमैन, फिटर, इलेक्ट्रीशियन किया है। वह प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र व बायोडाटा के साथ सुबह 10 बजे से पहले पहुंच जाएं।

लोस चुनाव के लिए वीडियो अवलोकन टीम गठित

अयोध्या, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया गया है। रुदौली में सहायक व्यय प्रेक्षक अनिता कुमारी, मिल्कीपुर में संजय कुमार यादव, बीकापुर में डॉ. अमृता जायसवाल, अयोध्या में शान्ति भूषण चौबे व गोसाईगंज में राहुल सिंह को व्यय प्रेक्षक बनाया है।

जिला पंचायत की बैठक छह मार्च को

अयोध्या, अमृत विचार : जिला पंचायत की बैठक छह मार्च को अध्यक्ष रोली सिंह की अध्यक्षता में होगी। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मुकेश जैन द्वारा बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है होने वाली बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि पर विचार व श्रीराम के भव्य के मंदिर निर्माण से क्षेत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा वर्धन के उपलक्ष्य पर चर्चा होगी। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 का पुनरीक्षित आय-व्ययक एवं वर्ष 2024-25 का मूल आय -वयक के अनुमोदन पर विचार, ननसा बाजार में स्थित जिला पंचायत की 23 रिक्त दुकानों की नीलामी प्रक्रिया हेतु प्रीमियम किराया और शर्तों के निर्धारण पर विचार होगा। वहीं जिला पंचायत डाक बंगला सिविल लाइंस के निकट भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड पेट्रोल पंप की किराएदारी के संबंध में भी चर्चा होगी।

सर्वे छूटने पर किसान की पत्नी की बिगड़ी तबीयत

सांडा, सीतापुर

अमृत विचार। दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां मिल के क्षेत्रीय गांव बगहाढांक के निवासी एक किसान का गन्ना कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी गन्ना सर्वे न हो पाने के चलते किसान को सस्ते मूल्य पर गाना बेचना भारी पड़ गया। किसान के द्वारा कम मूल्य पर गन्ना बेचने पर फैक्ट्री की मनमानी से आहत किसान की पत्नी का स्वास्थ खराब होने पर एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां स्थिति सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया है।

ग्राम बगहाढांक निवासी किसान अशोक कुमार ने बताया कि दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां अंतर्गत छोटे गन्ना किसान है जिसका 2953/71 कोड नम्बर है, उनके द्वारा अपने आठ बीघे के खेत में गन्ने की फसल लगाई गई थी। किसी कारणवश उनके गन्ने की फसल का सर्वे छूट गया था। फैक्ट्री चालू होते ही किसान के द्वारा लगातार फैक्ट्री और गन्ना समिति के अधिकारियों से संपर्क किया जाता रहा सभी के आश्वासन मिलने पर किसान उम्मीद लगाए बैठा रहा, परंतु अंततः उसके गन्ने की फसल को दर्ज न किए जाने व लंबे समय तक इंतजार करने के बाद निराश, मजबूर किसान ने अपने गन्ने को गुड़ भट्ठी पर सस्ते मूल्य पर बेच दिया। इस घटना से आहत उसकी पत्नी का स्वास्थ्य इस तरीके से बिगड़ा कि उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन उसकी हालत सामान्य होने पर उसे घर लाया गया। किसान ने यह भी बताया कि क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क के साथ-साथ उनके नंबर पर बात भी की गई परंतु गन्ना सर्वे न हो सका। घटना को लेकर किसान यूनियन जनमंच के जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह के साथ साथ प्रमोद वर्मा, सुशील राज, आदित्य तिवारी आदि किसान संघ के लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

मामला मेरे संज्ञान में नहीं

इस संबंध में क्षेत्रीय गन्ना विकास निरीक्षक प्रभात सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महीने में एक बार साइड खुलती है तभी सर्वे अपडेट होता है। मामला मेरे संज्ञान में नहीं है नहीं तो अब तक सर्वे अपडेट करवा दिया जाता है। किसान की पत्नी के अस्वस्थ होने के और भी कारण हो सकते हैं।

हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला पंचायत सदस्य गुल्लू सिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए मुख्य अभियुक्त को 10 साल कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 17,000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला जिला गौरव कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट से बुधवार को हुआ।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैस्य व एडीजीसी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना 20 मार्च 2008 की है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के ईट गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह अपनी गाड़ी से मिल्कीपुर जा रहे थे। उमाशंकर के मकान के पास गाड़ी को ओवरटेक करके विक्की उर्फ विपिन कुमार ने रोक लिया। उसके साथ आए उमाशंकर, गिरजा शंकर व रमाकांत ने संजय को घेर कर लाठी, फरसा, बल्लम व बंदूक की बट से तब तक मारा जब तक उनकी मौत नहीं हो गई। इसकी रिपोर्ट सुनील सिंह ने दर्ज कराई थी। मामले में उमाशंकर व गिरजा शंकर को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है। विक्की उर्फ विपिन कुमार को बाल अपचारी बताते हुए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में अर्जी दी गई थी ।अंत में वह वयस्क घोषित किया गया। रमाकांत की मृत्यु हो गई थी इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा खत्म कर दिया गया। सुनवाई के बाद बुधवार को विपिन कुमार को भी कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए सजा दी।

धमकी देकर महिला से दुष्कर्म में युवक को 10 साल की कैद

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : विवाहिता का अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 60,000 जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने में से आधा बतौर प्रतिकर पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से बुधवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अभियुक्त अनिल कुमार निषाद ने गांव की ही एक विवाहिता की नहाते समय अश्लील तस्वीर खींच ली। उस तस्वीर की फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। यही नहीं धमकी देकर विवाहिता से 60000 रुपये भी वसूल लिया। विवाहिता ने इसकी रिपोर्ट 21 जून 2023 को लिखाई। एक महीना दो दिन में पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। 27 अक्टूबर 2023 को आरोप बना और बुधवार को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

काजी कमालपुर क्षेत्र में धधक रहीं कच्ची शराब की भट्ठियां

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना इमलिया सुल्तानपुर व काजीकमालपुर चैकी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कच्ची शराब के ग्रामीण निर्माताओं द्वारा रोज नए- नये प्रयोग करके दारू निकालने के कच्चे माल लहन में मानव जीवन के लिए हानिकारक वस्तुओं, जहरीली दवाओं तथा खादों तक का इस्तेमाल किया जाने लगा है। इस शराब के सेवन में नशेड़ियों को अनलिमिटेड नशा तो होता ही है बल्कि शराब के शौकीन लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर उन्हें मौत के मुँह में धकेला जा रहा है। पहले सिर्फ ये शराब निर्माता छुपकर गन्ने के खेत या जंगल में कच्ची शराब का निर्माण करते थे लेकिन अब तो कुछ गवंई इंजीनियरों द्वारा निरंतर प्रयोगों से प्राप्त तकनीक अपनाते हुए अपने छोटे से घर या झोपड़ी में विशुद्ध पूर्ण स्वदेशी सर्व सुलभ कच्ची शराब निर्माण संयंत्र लगाकर शराब उत्पादन कर घर पर ही बिक्री का कुटीर कारोबार किया जा जाता है। सूत्रों की मानें क्षेत्र में शाम ढलते ही कच्ची शराब बिक्री का कारोबार अपने पांव पसार देता है जिसका सेवन बुजुर्ग व महिलाएं तक करती हैं, जबकि इसके अधिकतर शिकार क्षेत्र के युवा पीढ़ी के लोग हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र के तिहार, नौरंगपुर, सहादतनगर, हुसियापुर, बीबीपुर, जमलापुर, जार, भेलावां, परसेहरा सहित दर्जन भर गावों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से होता है।

वीके सिंह ने भक्तों पर की पुष्पवर्षा

अचानक अयोध्या पहुंचे केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय

अयोध्या कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते वीके सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार : केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को अचानक अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने अयोध्या कैंट स्टेशन पर गाजियाबाद से आई आस्था स्पेशल ट्रेन के यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनका दो जगहों पर कार्यक्रम लगा था। इसलिए उनकी बेटी खुद ट्रेन से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या पहुंची है।

वीके सिंह ने बताया कि गाजियाबाद से करीब 1500 राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। भक्तों में रामलला का दर्शन करने के लिए गजब का उत्साह है। उन्होंने बताया कि मैंने ही गाजियाबाद से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अब गुरुवार को यहां से श्रद्धालुओं को रवाना भी करूंगा। राज्यसभा चुनाव में सपा की क्रॉस वोटिंग के मामले में कहा कि सभी को भाजपा की विचारधारा से लगाव है।

अगर उन विधायकों ने अपने प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया तो मान कर चलिए वह भी चाहते हैं देश का विकास हो। गठबंधन तो कई बार बने।

2019 में भी गठबंधन हुआ था, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा अपने आप में सक्षम है। भाजपा का कार्यकर्ता जिस दिन चुनाव खत्म होता है उस दिन से अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाता है।

स्वच्छता अभियान का सच

महानगर की सफाई व्यवस्था देखना है तो गली कूचों में आइए। मुख्य मार्ग तो भले ही स्वच्छ हों लेकिन नगर की गलियों की हालत बदतर है। पहली तस्वीर नगर कोतवाली के पीछे की है जहां जलभराव और गंदगी साफ दिख रही है। दूसरी तस्वीर नेवातीपुरा मार्ग की है जहां कूड़ा डंप पड़ा है। आने-जाने वाले नाक पर रुमाल रखने को मजबूर होते हैं। फोटो : प्रशांत शेखर

रामोत्सव

अवध की होली में सराबोर हुए दर्शक, लखनऊ, उत्तराखंड और उज्जैन के कलाकारों ने पेश किए कार्यक्रम

रामकथा पार्क में बरसा भक्ति का रंग, सभी लोग हुए आनंदित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामकथा पार्क में भक्त रामरंग की होली में सराबोर होते रहे। मर्यादा और भक्ति का संगम सुर, ताल के साथ अवध की होली ने सभी को आनंदित किया।

लखनऊ की निधि श्रीवास्तव और उनके दल ने मंगलवार शाम रामोत्सव में होली खेलत अवध के नर नारी, से राम सिया की होली का आरंभ किया। इसके बाद होली खेलत अवध में श्रीराम, लखन सिया के संग और होली खेल रही सिया सरकार, प्रेम रंग बरस रहा पर भाव नृत्य किया।

रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

अवध की होली के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

उत्तराखंड के कलाकारों ने पहाड़ों पर कठिन जीवन शैली को सरलता से जीने की राह बताते हुए घसियारी नृत्य किया । इसके बाद पहाड़ों की निश्छलता को व्यक्त करता लोक नृत्य मैं पहाड़न, मेरा देश पहाड़ी सभी को मुग्ध कर गया। इस दल की 75 वर्षीय सुषमा का नृत्य प्रेरक रहा। उज्जैन से आए लोक गुंजन के कलाकारों ने लोक गीत डाक बाबू पर नृत्य करके भगवान राम के दरबार में अपनी प्रार्थना की। इसके बाद ढोल की धुन पर पारंपरिक राजस्थानी नृत्य किया।

नमामी भक्त वत्सलम पर भाव नृत्य प्रस्तुत अनेष रावत और उनके दल ने प्रस्तुत किया। राम भजो पर मिताली वर्मा, वर्तिका और सोनम ने राम वंदना प्रस्तुत करके कथक के जादू में सभी को बांध लिया। राजस्थान से आए कैलाश नारायण और दल के कलाकारों ने चकरी नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। कलाकारों का सम्मान कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

सुकन्याओं को सशक्त बनाने को बोइंग साक्षरता कार्यक्रम शुरू

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 30 बोइंग रूम टू रीड लाइब्रेरी और तीन बोइंग इनोवेशन स्टूडियो का किया उद्घाटन

अमेठी।

अमृत विचार। भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, स्मृति जुबिन ईरानी ने बुधवार को अमेठी जिले में बोइंग के रूम टू रीड साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 पुस्तकालयों और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा 3 बोइंग इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी में महिला साक्षरता को आगे बढ़ाने और बालिकाओं को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए जिले में बोइंग साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को बोइंग सुकन्या कार्यक्रम समर्पित किया था। इस मौके पर ईरानी ने कहा "सबसे बड़ी बात ये है कि मैं बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विमानन क्षेत्र में अपने देश की बेटियों की भागीदारी आगे बढ़ाने में मदद करने के विजन के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आभारी हूं। मुझे इस बात की भी उतनी ही खुशी है कि इस कार्यक्रम के तहत, हमने अमेठी में 60 बोइंग-रूम टू रीड लाइब्रेरी और बोइंग एसटीईएम लैब स्थापित करके साक्षरता अभियान का विस्तार किया है। इनमें से 30 लाइब्रेरी और तीन एसटीईएम लैब अमेठी में बच्चों के लिए पूरी तरह से चालू हो गए हैं।

लाइब्रेरी का उद्घाटन करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी। अमृत विचार

बुधवार को अमेठी में उद्घाटन समारोह में मंत्री ईरानी के साथ वरिष्ठ सरकारी और जिला अधिकारी, बोइंग इंडिया चीफ ऑफ स्टाफ और बोइंग ग्लोबल एंगेजमेंट लीड, भारत और दक्षिण एशिया, प्रवीणा यज्ञभट, लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट सुदीप दुबे, और इनोवेशन ऐंड डोनर इंगेजमेंट, रूम टू रीड इंडिया के डायरेक्टर ऋषि राजवंशी भी उपस्थित थे। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा "हमें देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र में लड़कियों की अधिक भागीदारी के लिए पीएम मोदी के विजन पर आधारित बुनियादी ढांचे की स्थापना और शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के हिस्से के रूप में व्यक्त की गई प्रतिबद्धता पर गर्व है। वर्ष 2023 में अमेठी जिले में लॉन्च किया गया, बोइंग रूम टू रीड साक्षरता कार्यक्रम स्वतंत्र पाठकों और आजीवन सीखने वालों के पोषण में मदद करने के लिए अगले कुछ वर्षों में अमेठी में 60 प्राथमिक विद्यालयों को शामिल करेगा। ये पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों से सुसज्जित हैं। जिनमें किताबें, पढ़ने की मेज, खुली बुकशेल्फ़, डिसप्ले यूनिट और अन्य शैक्षिक सामग्रियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, कार्यक्रम सामुदायिक बैठकों, कार्यक्रमों, ग्रीष्मकालीन शिविरों, पैरेंटल ओरिएंटेशन, स्कूल प्रबंधन समिति प्रशिक्षण और पढ़ने के अभियानों के जरिए परिवार और सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता भी बढ़ाएगा। यह कार्यक्रम शिक्षकों और संकाय के लिए व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण भी देगा। यह पहल परिवारों, समुदायों और शिक्षकों के बीच घर और स्कूल में बच्चों की सहायता करने के सही तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद करेगा।

सार-संक्षेप

भाषण में छात्रा सालेहा जहरा ने अमेठी का नाम किया रोशन

जायस की छात्रा सालेहा जहरा को सम्मानित करते परिवहन मंत्री व मौजूद अन्य।

अमेठी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में परिवहन विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क माह-2024 का आयोजन 25 जनवरी से 14 फरवरी तक किया गया था। इस दौरान सड़क सुरक्षा विषयक भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जनपद व मण्डल स्तर पर सम्पन्न हुआ था। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता में पंकज महेश्वरी स्मृति महाविद्यालय नन्दग्राम जायस के बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सालेहा जहरा ने जनपद व मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 27 फरवरी को सम्पन्न हुई प्रदेश स्तर पर आयोजित सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद एवं परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह द्वारा प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। छात्रा सालेहा जहरा ने अपने महाविद्यालय के साथ-साथ जनपद का न केवल मान बढ़ाया है, बल्कि छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

44 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला नियुक्ति पत्र

अमेठी। मिशन रोजगार के अंतर्गत जनपद में 44 सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बुधवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री ने सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही वत्तीय वर्ष 2023-24 के तहत आंगनबाड़ी भवनों के निमार्ण कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि मिशन रोजगार के अंतर्गत जनपद की 44 सहायिकाओं का आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयन हुआ है। इसके साथ ही जनपद में 25.10 करोड़ की लागत से 212 आंगनबाड़ी भवनों के निमार्ण कार्यो का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, समस्त सीडीपीओ व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र देते भाजपा नेता राजेश अग्रहरी।

पीएम किसान सम्मान निधि वितरण का सजीव प्रसारण

बहादुरपुर सभागार में पीएम सम्मान निधि का प्रशस्ति पत्र देते भाजपा नेता रमेश सिंह

अमेठी। उप कृषि निदेशक रविकान्त सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त विकासखण्डों में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम (पी.एम. किसान उत्सव दिवस) एवं जायद गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस क्रम में किसानों की मांग के क्रम में विकासखण्ड गौरीगंज में भी उक्त कार्यक्रम के साथ-साथ अपरान्ह 2 बजे से किसान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी अमेठी तेजभान सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किया गया। किसान दिवस में प्रतिभाग करने वाले किसानों द्वारा विद्युत, नहर एवं छुट्टा जानवरों की समस्या से किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा अपरान्ह 4 बजे प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त के हस्तान्तरण का सजीव प्रसारण जनपद के समस्त विकासखण्डों पर किये जाने के साथ ही किसानों को मिलेट्स कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, उप कृषि निदेशक रविकान्त सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं लघु सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एक नजर

नए पुलिस अधीक्षक बने अनूप कुमार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी का स्थानांतरण मऊ जिले के लिए हो गया है। डा. इलामारन जी की जगह पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं, अनूप कुमार सिंह को अमेठी जिले का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। बुधवार को शासन की ओर से आधा दर्जन आईपीएस स्थानांतरित किए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक राजा श्रीवास्तव की ओर से स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं।

साइबर क्राइम पुलिस थाना का किया गया लोकार्पण

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थानों का शुभारम्भ एवं वर्चुअली लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश कुमार अग्रहरि द्वारा फीता काटकर गौरीगंज में स्थित साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमेठी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मंयक कुमार द्विवेदी, अन्य पुलिसकर्मी व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे। साइबर थाना बनने से जनपद में होने वाले साइबर अपराधों एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व साइबर क्राइम से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहूलियत मिल सकेगी।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बच्चों को दी गई जानकारी

मुसाफिरखाना, अमेठी। संदीपनी ज्ञान कुंज नंद महर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट बनाया गया। जिसमें विद्यालय के चारों आश्रमों में संदीपनि आश्रम, विश्वामित्र आश्रम, वशिष्ठ आश्रम, द्रोणाचार्य आश्रम के बच्चों ने दूर संचार उपग्रह, जैव विविधता, न्यूटन पेंडुलम, हैड्रोलिक, उत्सर्जन तंत्र, पेरिसकोप आदि प्रदर्शित किया और उनके बारे में जानकारी भी दिये। इस अवसर पर प्रबंधक रमापति पाण्डेय, मित्र समन्यवक चन्द्र प्रकाश शुक्ल, प्रिंसिपल पूनम शुक्ला, के.एल. शर्मा, आयुष पाण्डेय, संदीप कुमार, राम कृष्ण ओझा आदि शिक्षक गण मौजूद रहें। प्रिंसिपल पूनम शुक्ला ने सभी बच्चों के उनके अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया और उनके भविष्य के लिए मंगल कामना की।

अमेठी में पेड़ से टकराई कार, तीन लोगों की मौत

शादी समारोह से घर वापस लौटते समय हुआ हादसा

अमेठी

अमृत विचार। गौरीगंज थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ है। मंगलवार की देर रात तकरीबन दो बजे हुए इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन गंभीर रूप से घायलों को रायबरेली एम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी रायबरेली से अमेठी एक बारात में शामिल होने के लिए मंगलवार को आये थे। वैवाहिक कार्यक्रम के बाद ये सभी कार से वापस रायबरेली जा रहे थे। इसी बीच टिकरिया गांव के पास बारातियों की कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला और दो पुरुष गंभीर हाल में एम्स रायबरेली में भर्ती किये गए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि देर रात्रि करीब दो बजे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ ही एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एम्बुलेंस कर्मियों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

मांगलिक कार्यक्रम से लौटने के बाद पेड़ से टकराई कार।

रायबरेली व जौनपुर के थे निवासी

घटना में कार सवार 6 लोगों घायलों में अनुष्का सिंह पत्नी आरपी सिंह (23) निवासी ताला गोपालपुर थाना भदोखर रायबरेली, निहारिका सिंह पुत्री संतोष सिंह (19) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज रायबरेली, आलोक सिंह पुत्र गोपाल गंज (55) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं मृतकों में संतोष सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह (45) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली, दीपा सिंह पत्नी अनिल सिंह राजपूत (30) निवासी रामपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, मनवीर सिंह पुत्र हरिनाथ सिंह निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सभी अमेठी से बारात में शामिल होकर वापस महाराजगंज रायबरेली जा रहे थे। तभी ताला खजूरी व टिकरिया के मध्य चालक को नींद आने से कार पेड़ से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें आलोक सिंह, संतोष सिंह और दीपा सिंह की मौत हुई है। पुलिस ने सभी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसें में गंभीर रूप से घायलों का एम्स रायबरेली में इलाज चल रहा है।

चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

गौरीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जिस समय हादसा हुआ है उस समय गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और चालक को झपकी आने की वजह से कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

स्मृति ईरानी ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना

बाजारशुक्ल में सड़क का भूमि पूजन करती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

बाजारशुक्ल, अमेठी

- बहुचर्चित इन्हौना रुदौली मार्ग का सांसद ने किया भूमि पूजन
- कहा -चुने जाने वाले सांसद को नाला नाली में फर्क नहीं पता

अमृत विचार। बहुचर्चित सड़क इन्हौना रुदौली मार्ग का बुधवार को अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने भूमि पूजन किया। राज्य सड़क निधि से मार्ग सुंदरीकरण कार्य के लिए 35 करोड़ एक लाख से बनने वाली इस सड़क का अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने बुधवार की दोपहर में भूमि पूजन किया। लोगों का कहना है की बड़े अर्से से खराब पड़े इस गड्ढे में सड़क से चलकर लोगों का जीना दुश्वार था। इस सड़क के बनने से आवागमन बहुत सुगम होगा।

भूमि पूजन के बाद सांसद स्मृति ईरानी ने जनसभा को संबोधित किया। जहां पर अन्य पार्टी से दर्जनों लोगों ने सांसद से माला पहन कर भाजपा में शामिल हुए। स्मृति ईरानी ने अपने 15 मिनट के भाषण में विपक्ष पर जमकर शब्दों के तीर चलाएं। उन्होंने कहा कि अमेठी से चुने जाने वाले सांसद को नाला नाली में फर्क नहीं पता था। उन्होंने कहा सांसद से मिलने के लिए बहुत इंतजार करना पड़ता था। कहा कि मैं अमेठी में घर बना कर यहीं आप सबके बीच रहूंगी। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक सुरेश पासी, समर बहादुर सिंह, राम प्रकाश तिवारी, राम उजेरे शुक्ला, जस करण सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह, सतीश मिश्रा, प्रधान रविंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जय सिंह, प्रधान राजेश, प्रधान विजय मिश्रा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विज्ञान दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किए माडल

- चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमेठी, अमृत विचार। गौरीगंज के सैंठा रोड स्थित चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूकेजी से कक्षा सात तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी कक्षाओं के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आधुनिक माडल प्रस्तुत किए, जिसे देख शिक्षकों के साथ ही उपस्थित लोगों ने सराहना की।

विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास और विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन के जीवन पर आधारित विज्ञान प्रश्नोतरी भी आयोजित की गई। पीपीटी फार्मेट पर आधारित इस प्रश्नोत्तरी में पूंछे गए सवालों का छात्र-छात्राओं ने जवाब दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक चंद्रभान सिंह ने विज्ञान माडलों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रोली सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना। निर्णायक की भूमिका में विज्ञान शिक्षिका नेहा तिवारी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में कक्षा दो के शौर्य पाटिल, कक्षा पांच के यथार्थ, आस्था, वैष्णवी, कक्षा छह के अनंत द्विवेदी, अभय, कल्पदेव, कक्षा सात के आर्या, सुभाषिनी, रुद्रा का माडल सबसे अच्छा रहा, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षिका रुचिका सिंह, सुनिधि, कल्पना, प्रज्ञा, भूपेंद्र सिंह, हरि प्रताप सिंह सहित अभिभावक व अन्य मौजूद रहे।

स्वास्थ्य टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। विदेश से आई स्वास्थ्य टीम ने सीएचसी जगदीशपुर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठौरा केंद्र के निरीक्षण में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं के अंतर्गत चल रही चिकित्सीय व्यवस्था चुस्त दुरुस्त एवं चकाचक पाए जाने पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी की सराहना करते हुए उनके कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठौरा में बुधवार को यूएसए की डाक्टर ओफिरा जिंसबर्ग, एवं जपाईगो की संयुक्त टीम द्वारा एनसीडी कार्यक्रम के तहत ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग आदि बिंदुओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डा. ओफिरा जिंसबर्ग वरिष्ठ परामर्शदाता नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट अमेरिका द्वारा कैंसर के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। सीएचसी अधीक्षक डा. प्रदीप तिवारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड जगदीशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ चुनिंदा आयुष्मान अरोग्य मंदिर पर ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं उपचार की व्यवस्था जपाईगो संस्था के सहयोग से संचालित की जा रही है। उक्त कार्य की प्रगति हेतु बुधवार को जपाईगो के कंट्री हेड डा. सोमेश कुमार, प्रोग्राम डायरेक्टर डा. शैलेंद्र हेगड़े, डा. आयशा सिद्दीकी, टीम लीडर डा. संजय त्रिपाठी, डा. विपिन त्रिपाठी एवं यूएसए की डा. ओफीरा की संयुक्त टीम ने कठौरा, एवं सीएचसी जगदीशपुर का भ्रमण किया तथा अधिक से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग एवं समय से इलाज की इच्छा जाहिर की। उक्त अवसर पर जपाईगो के ही अजय पांडेय, अजय विक्रम सिंह, एनसीडी नोडल डा. संजय कुमार शर्मा, डीपीएम बसंतराय, राज तिवारी, डा. अंकिता उपाध्याय, नीरज त्रिपाठी समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

सीएचसी में निरीक्षण के बाद मौजूद संयुक्त टीम।

नौ दिवसीय श्री राम कथा की शुरूआत

- जन्म जन्मान्तर के पुण्य से ही मिलता है रामकथा सुनने का अवसर : शान्तनु महाराज

अमेठी, अमृत विचार। बुधवार को अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ करते हुए नौ दिनों तक चलने वाली श्री राम कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य श्री शान्तनु जी ने कहा कि जन्म जन्मान्तर के पुण्य से ही रामकथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होता है। राम नाम के साबुन से जो मन का मैल छुड़ाएगा, निर्मल मन के दर्पण में वह राम का दर्शन पायेगा, गीत के माध्यम से उन्होंने बार बार, ज्यादा से ज्यादा कथा सुनने की सलाह दी।

कथा के प्रथम दिन कथा शुरू करते हुए आचार्य शान्तनु जी महाराज ने राम कथा के महात्म्य की बात बताई। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा जिस ग्रंथ की चर्चा है वह श्रीराम चरित मानस है। उन्होंने एक प्रश्न किया कि कोई कथा या कहानी, सिनेमा, साहित्य आदमी दो चार बार पढ़ता या देखता है किंतु राम कथा बार बार क्यों सुनता है...? इसके उत्तर में बताया कि यह कथा या कहानी नहीं बल्कि अमृत की कथा है। मुख्य यजमान आशा व प्रमोद सिंह, आयोजक परिवार संतोष सिंह, विनोद सिंह, शैलेन्द्र ने आगंतुकों व श्रद्धालुओं का स्वागत व आभार प्रकट किया। कथा में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहविभाग प्रचारक ओमप्रकाश, डॉ. विजय कुमार मिश्र, डॉ. अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

जागरूकता फाइलेरिया रोधी दवा का सकारात्मक प्रभाव है सिर दर्द, उल्टी, चक्कर आना, सीएमओ बोले-उड़वा गांव में सभी बच्चे स्वस्थ

फाइलेरिया रोधी दवाएं गुणवत्ता व प्रभाव स्तर पर सुरक्षित

अमेठी

अमृत विचार। फाइलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर 10 फरवरी से शुरू हुआ सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) राउंड आगामी पांच मार्च तक चलेगा। इसी क्रम में ब्लॉक बहादुरपुर स्थित सीएचसी फुरसतगंज इलाके के गांव उड़वा में मंगलवार को 113 बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई थी। दवा के सेवन के बाद 5 बच्चों को कुछ दिक्कत हुई थी। बच्चों ने हल्का चक्कर आने, मितली व सिर दर्द की शिकायत की। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय एवं ब्लॉक स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) ने त्वरित कार्यवाही की। बच्चों को एहतियात के तौर पर अस्पताल जाकर स्वास्थ्य लाभ दिलाया गया।

गांव पहुंचकर छात्रों की जांच करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने स्वयं उड़वा गांव, स्कूल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों का निरीक्षण कर बताया कि गांव में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद अब किसी को कोई समस्या नहीं है। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। अधिकतर बच्चे बिना कारण घबरा गए थे। किसी दवा व उपचार के ही कुछ ही देर बाद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं।

सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं गुणवत्ता एवं प्रभाव स्तर पर पूरी तरह से सुरक्षित हैं। दवा खाने के बाद जिन लोगों को उल्टी, चक्कर एवं सिर दर्द जैसी शिकायतें हुई हैं, इससे यह पता चल गया कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे और दवा खाने के बाद परजीवी के मरने के कारण उल्टी, चक्कर या सिर दर्द जैसे छोटी-मोटी शिकायत हुई है। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमण के पांच से 15 साल के बाद फाइलेरिया के लक्षण उभर कर सामने आते हैं। स्वास्थ्य विभाग आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने यह भी बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा खाने से लिम्फोडिमा (हाथ, पांव और स्तन में सूजन) व हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) से बचाव होगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचने का उपाय समय पर फाइलेरिया रोधी दवा को खाना है। एक महत्वपूर्ण बात हमेशा याद रखें कि दवा कभी भी खाली पेट नहीं खाना है।

खिताबी मुकाबले में बनारस ने जौनपुर को हराया

अमेठी

अमृत विचार। जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के हुए फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में यूपीसीए के संयुक्त सचिव प्रिंस रियासत अली पूर्व विशिष्ट अथिति के रूप में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी यूपीसीए के चयनकर्ता उबैद कमाल पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य मिश्रा रहे। जिसमें बनारस ने टॉस जीत कर पहले बल्ले बाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाए।

प्रांजल तिवारी ने बताया की टीम के लिए सर्वाधिक रन ओम वर्मा ने 60 रन बनाए, जवाब में उतरी जौनपुर की टीम ने 16.5 ओवर में 76 रन ही बना सकी। बनारस टीम के गेंजबाज सुधांशु तिवारी ने 3 विकेट लिए। जौनपुर के बल्लेबाज आकाश ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच सुधांशु तिवारी, बेस्ट बोलर नरेंद्र यादव, फाइटर ऑफ़ द मैच आकाश तिवारी, सर्वाधिक छक्का आकाश, बेस्ट बैट्समैन ओम रहे। सभी अतिथि गण ने सफल आयोजन के साथ साथ सभी खिलाडियों को शुभकामना प्रेषित की। उक्त अवसर पर सचिव राजेश तिवारी, निदेशक प्रांजल तिवारी, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य, नर सिंह यादव, अवधि कलाकार रंजीत यादव, मुख्य फिजियो डॉ. आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पधाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान दी है।

विजेता और रनर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते पदाधिकारी।

किशोरी से दुष्कर्म व धमकी के दोषी को 25 साल की कैद

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग पीड़िता के साथ घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी पाते हुए 25 वर्ष की कारावास और 30 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी 15 वर्षीय भांजी अपने मां बाप की न मौजूदगी में घर पर अकेली अपने भाई के साथ रहती है। उसने फोन से सूचना दी कि उसके घर पर आए हुए संतोष पाल ने जबरन उसके साथ बलात्कार किया।

उसने बताया कि संतोष पाल ने उसके भाई को पहले बाजार भेज दिया और उसके बाद उसके साथ बलात्कार किया। पीडिता ने भी कोर्ट में उपस्थित होकर बताया कि संतोष पाल वर्ष 2023 में 9 अप्रैल के दिन मेरे घर आए उसे समय मेरे मम्मी पापा घर पर नहीं थे, मुंबई गए थे। उसने मेरे भाई को पैसा देकर सब्जी व अंडा लेने के लिए बाजार भेज दिया व मोबाइल चार्जिंग में लगाने के लिए मुझे दिया और कहा कि इसको चार्ज में लगा दो।

पीड़िता ने बताया कि जब वह कमरे में मोबाइल चार्जिंग में लगाने गई तो संतोष पाल ने पीछे से कमरे में आकर दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ जबरन गलत काम किया। न्यायालय ने उपरोक्त मुकदमे में 25 अगस्त 2023 को आरोप विचरित किया गया। न्यायालय ने उपरोक्त मुकदमे का निस्तारण आरोप विचरित होने के 6 माह के अंदर किया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया। वहीं 14 दस्तावेज साक्ष्यों को भी साबित कराया गया।

संतोष कुमार पाल निवासी आनापुर भीखीपुर थाना चांदा जिला सुल्तानपुर को दोषी पाते हुए 25 वर्ष के कारावास और 30 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

परीक्षा केंद्रों में बंद मिला कैमरा, अब होगी कार्रवाई

संवाददाता, प्रयागराज।

- 61 जिलों में यूपी बोर्ड ने शुरू की जांच

अमृत विचार। यूपी बोर्ड के द्वारा परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखने के लिए बनाये गये कंट्रोल रूम से बुधवार को 168 सेंटरों पर कमियां पकड़ी गयी है। 61 जिलों के परीक्षा केंद्रों की जांच माध्यमिक शिक्षा परिषद के कमांड रूम के माध्यम इस की जा रही है। कैमरों के बंद पाए जाने के बाद अब इन परीक्षा केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश ही 75 जिलों के 8 हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों की निगरानी यूपी बोर्ड अपने कंट्रोल रूम से कर रहा गई। बुधवार को इस कमांड रूम में लगे सिस्टमों में बलिया से लेकर गाजियाबाद तक की बड़ी गड़बड़ी देखी गई है। इस कमांड रूम से निगरानी के दौरान यह जानकारी सामने आई है कि, कई जिलों के परीक्षा केदो के सीसीटीवी सीसीटीवी कैमरे बंद किए गए हैं। साथ ही डीवीआर को भी बंद रखा गया है। इसको लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

मामले में कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। 2 दिन के अंदर कमरे ने 61 जिलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों की पड़ताल की है। 168 सेंटरों में गड़बड़ी पाई गई है। कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग करने वाले अफसर ने गाजीपुर और जौनपुर में सबसे अधिक 15 और 13 केंद्रों में कमियां पकड़ी है। प्रयागराज में भी आठ सेंटर में अनियमिता मिली है। केंद्रों के आधार पर स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी और डीवीआर बंद पाए गए थे। इन केंद्रों में लगे कैमरे में बंद होने से निगरानी नहीं हो सकी है। इससे सीसीटीवी खराब होने की बात सामने आई है। इस मामले में बोर्ड सचिव दिव्याकांत शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों के शिक्षा अधिकारियों ने टीमों को गठित कर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया है। जिसमें 700 टीमों ने दो दिन के अंदर 3473 परीक्षा केंद्रों की जानकारी जुटाई है।

अमेठी में 94 टीम गठित की गयी है। जहां केंद्रों में काफी कमियां मिलीहै। वहां के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश भी दिया गया हैं। गाजीपुर जौनपुर, प्रयागराज, बलिया, फतेहपुर कौशांबी, मथुरा, एटा, गोंडा, देवरिया, आजमगढ़ जैसे जिलों में सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्रों पर कमियां मिली है। जिसके बाद अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या की आशंका

रामपुरभगन, अयोध्या, अमृत विचार। तारुन थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में थाना क्षेत्र के परसावां महोला गांव की रहने वाली जसपता का आरोप है मंगलवार शाम कुछ लोग पार्टी की बात कहकर उसके बेटे संतोष कुमार गौड़ पुत्र सुरेश कुमार को बुलाकर ले गए थे। रात करीब नौ बजे आसपास गांव के ही एक व्यक्ति ने सूचना दी कि तुम्हारा बेटा धर्मपुरा घूरीटीकर रइंट भट्ठे के सामने तालाब के पास पड़ा है। हम लोग उसे सीएचसी लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

माफिया की करोड़ों की जमीन पर बिल्डरों का कब्जा, रजिस्ट्री से पहले पुलिस ने रोका

- एक प्रशासनिक अधिकारी व रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारी का आया नाम
- फर्जी कागजात की शुरू कराई जा रही जांच

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। जिसके नाम पर जिला नही पूरा प्रदेश हिल जाता था। जो जब चाहता था किसी की भी जमीन को हथिया लेता था। मगर आज दूसरों की जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया की जमीन पर अब खुद बिल्डर कब्जा कर रहे हैं। बुधवार को माफिया आतीक की करोड़ो की जमीन पर कब्जा करने मामला सामने आने के बाद पुलिस ने रजिस्ट्री से पहले ही पहुंचकर रजिस्ट्री को रोक दिया।

इस करोड़ो की जमीन को अवैध तरीके से बेचने के लिए रजिस्ट्री विभाग का एक कर्मचारी भी शामिल है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मफिया अतीक अहमद ने 2006 में फर्जी कागज़ात बनवाकर करैली के जीटीबी नगर 16 मार्केट में 560 वर्गगज जमीन को अपनी रुतबे के दम पर हथिया लिया था। इसके बाद 24 फ़रवरी को अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या हो गयी और उस मामले में अतीक और उसके भाई अशरफ का नाम आया। जिसके बाद मजकदमा दर्ज हुआ।

वही 15 अप्रैल को माफिया अतीक और उसके भाई की हत्या हो गयी। माफिया की हत्या के बाद उसके डर से दबे और सहमे लोगों ने आवाज उठाने के साथ अतीक की जमीन पर कब्जा भी करना शुरु कर दिया। प्रयागराज के दो बड़े बिल्ड्रों ने अतीक की करैली में करोड़ो की जमीन पर कब्जा कर लिया और उसे बेचने के लिए रजिस्ट्री आफिस के एक कर्मचारी को मिलाकर प्लानिंग करने लगे।

करेली के जीटीबी नगर में ठीक है मत कीकरोड़ों की जमीन के बारे में जानकारी हुई थी। स्थानीय लोगों से यह पता चला था किकुछ लोग साजिश के तहत उसे जमीन पर बाउंड्री कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर काम को बंद कराया गया और ठेकेदारों से इस बारे में पूछताछ भी की गई है। इस जमीन को कुर्क करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही कब्जा करने वालो पर कार्रवाई भी की जाएगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

–दीपक भूखर, डीपी नगर

डेढ़ महीने पहले कराई थी बाउंड्री

करैली। शहर के नामचीन बिल्ड्रों ने डेढ़ माह पहले करैली 16 मार्केट की इस करोड़ो की जमीन पर बाउंड्री भी करा लिया था। धीरे धीरे इस करोड़ो की जमीन को बेचने के लिए मीटिंग शुरु की गयी। एक प्रशासनिक अधिकारी और रजिस्ट्री विभाग के एक कर्मचारी को अपने पाले में मिलाकर जमीन इस जमीन के लिए प्रयागराज के ही एक अन्य बड़े कारोबारी को खुद की जमीन बताते हुए 50 लाख का एडवांस ले लिया। बुधवार को रजिस्ट्री दफ्तर में पहुंचे बिल्डरो को पुलिस क्व आने की भनक लगते ही वह बंव्हा से भाग निकले। फिल्हाल डीसीपी दीपक भूखर ने दस्तावेजों की जांच शुरु करा दी है। जांच में पता चला है कि 2006 में यह जमीन अतीक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख से अपने नाम कराई थी। उसे जमीन की कीमत अतीक अहमद अब 14 लाख 85 हजार बताकर 1 लाख 42 हजार 300 रुपयव का स्टॉप लगाया था। आज के हिसाब से इस जमीन की कीमत करोड़ो रुपयव है।

सार-संक्षेप

सर्वोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को

प्रतापगढ़ अमृत विचार। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय पूर्ववर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर (सराय आनादेव जेठवारा) सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि :शुल्क आवासीय विद्यालय है। जिसमें रिक्त सीट कक्षा छह में 70, कक्षा सात में 18, कक्षा आठ में 28, कक्षा नौ में 44 सीटों पर प्रवेश परीक्षा आगामी 27 मार्च को सुबह 11 बजे आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में 15 मार्च तक नि :शुल्क प्राप्त और जमा किया जा सकता है।

स्मार्टफोन पाकर खिले प्रशिक्षुओं के चेहरे

प्रतापगढ़ अमृत विचार। गोकुल सिंह स्मारक महाविद्यालय सोनावां चिलबिला में बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा शक्तिकरण योजना अंतर्गत बीएड प्रशिक्षुओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन प्रकार प्रशिक्षुओं के चेहरे खिल गए।

मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने प्रशिक्षुओं को स्मार्टफोन वितरित किया। अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन द्वारा दिया जाने वाला यह लाभ डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़ने का काम करेगा। संस्थापक शिव शंकर सिंह भोले,प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। प्राचार्य डा .बिंदू मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत एवं निदेशक मुराद अहमद ने आभार व्यक्त किया। उपनिदेशक डा .संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता डा .श्याम शंकर शुक्ल, नोडल अधिकारी आलोक कुमार सिंह,सर्वजीत सिंह,रूबी सिंह मनोज कुमार गुप्ता,रूद्रमणि तिवारी, शिवेंद्र त्रिपाठी,पम्मी मिश्रा,महेश गुप्ता,शाहिद तीर्थराज मिश्र, श्रीराम पाठक के अलावा प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

तमंचा सटाकर बदमाशों ने लूटी बाइक व मोबाइल

जेठवारा प्रतापगढ़ अमृत विचार। लोकापुर से अपने घर जा रहे सिटी कस्बा निवासी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र को तमंचा सटाकर बाइक सवार बदमाशों ने बाइक व मोबाइल लूट लिया। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। कोतवाली देहात क्षेत्र की सिटी टाउन एरिया के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल माजिद नब्बन खां के बेटे अशफाक अहमद का जेठवारा की लोकापुर बाजार में दवाखाना व जनरल स्टोर है। मंगलवार रात वह दुकान से घर जा रहे थे। आरोप है कि करीब पौने नौ बजे जेठवारा के नारायणपुर के पास बाइक से आए दो बदमाशों ने उन्हें तमंचा सटाकर रोका और बाइक, मोबाइल व पर्स लूटकर भाग निकले। सूचना पर एसओ धर्मेंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे। देररात अशफाक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया। पुलिस आरोपियों को ट्रेस करने के लिए नारायणपुर के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही। एसओ धर्मेंद्र ने बताया कि बदमाशों की तलाश की जा रही है।

छात्र - छात्राओं ने प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल

प्रतापगढ़ अमृत विचार। रायल इण्टरनेशनल स्कूल शाहपुर नरायनपुर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला शिल्प प्रतियोगिता में छात्र – छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक संजय सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के बनाये मॉडल की सराहना की।कहा कि आज विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोंच,आभिरूचि, जागरूकता एंव नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यार्थियों ने ड्रोन, एन्टी एक्सीडेन्टल कार सेफ्टी रोबोटिक सिस्टम, जीवो स्टेशनरी सेटेलाइट,सर्विलांस रोबोट,राम मन्दिर मॉडल, ग्रीन अर्थ सिस्टम,सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता समेत विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथि एआरपी डा .संजीत शुक्ल एवं विजय विश्वकर्मा ने बच्चों के हुनर को सराहा। घनश्याम, आशीष, शिवम,शक्ति सिंह,अभिमन्यु मादव, रामअवध यादव,धर्मेन्द्र यादव निर्णायक रहे। प्रधानाचार्य दीपा सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संचालन सूरज पांडेय ने किया।शिखर,रैना,श्रद्धा,शायदा,आरती, मंजू,निशा सिंह,उमा,अंकित चन्द्र यादव,प्रसून,ऋषभ आदि मौजूद रहे।

धरना स्थल पर छात्र-छात्राओं ने डाला डेरा, अनवरत प्रदर्शन जारी

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक आउट मामले में छात्रों का आंदोलन अब आमरण अनशन का रूप लेने की तैयारी में है। दो दिन पहले छात्र महाकुंभ के आयोजन पर जुटे छात्रों ने अब पत्थर गिरजाघर के समीप धरना स्थल पर अपना डेरा डालते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया है। तीन दिनों से लगातार अपनी मांगो को लेकर अड़े हुए है। बुधवार को भी करना स्थल पर छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन जारी रहा।

मालूम हो कि समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा पेपर लीक के मामले में चल रहे छात्रों का हंगामा अब आमरण अनशन का रूप लेने जा रहा है। बीते रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से छात्र महाकुंभ के लिए छात्रों को लोक सेवा आयोग के गेट के जमात पहुंचने की अपील की गयी थी। जिसके बाद हजारों की संख्या में पहुंचे छात्र छात्राओ ने लोक सेवा आयोग तक पहुंचने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस के कड़े पहरे ने उन्हे आयोग गेट तक पहुंचने से रोक दिया गया। उस दौरान पुलिस फोर्स और पुलिस अधिकारियों ने उन्हे समझाते हुए पांच लोगों को कमिश्नर से मुलाक़ात कराने का आश्वासन दिया था। जिसके उसे भी कोई रास्ता नही निकल सका।

सात साल बाद जेल से छूटा, कर ली खुदकुशी

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार। जेल से जमानत पर रिहा होने के चार महीने बाद युवक ने खुदकुशी कर ली। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर कोतवाली के कुतुबपट्टी, अहिया गांव निवासी प्रमोद गुप्ता (35) वर्ष मंगलवार की रात घर में भोजन कर कमरे में सोने चला गया। कमरा घर कुछ दूरी पर बना हुआ था। सुबह होने पर जब वह कमरे से बाहर नही आया तो घरवाले काफी परेशान हो गये। परिजनों ने जाकर देखा तो वह पंखे के चुल्ले से लटक रहा था। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे फूलपुर इंस्पेक्टर दीन दयाल सिंह ने शव को फंदे से उतारवाकर पोस्टमार्टम कस लिए भेज दिया।

अपनी प्रतिभा का सही दिशा में प्रयोग करें छात्र - छात्राएं : अनिल

प्रतापगढ़ अमृत विचार : पीबीपीजी कालेज सिटी में बुधवार को छात्र – छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 893 छात्र – छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने एवं प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र – छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए प्रबंधक अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि इसका सकारात्मक उपयोग करें। लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी प्रतिभा का सही दिशा में प्रयोग करें। नोडल प्रो .ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने स्मार्टफोन वितरण की प्रक्रिया को बताते हुए एप के बारे में जानकारी दी। संचालन अजीत प्रताप सिंह ने किया। प्रो .रामराज, डा .राजीव कुमार सिंह,डा .वर्षा जायसवाल,बालेंदु सिंह, संदीप मौर्य, संकल्प सिंह,विनोद मौर्य, प्रशांत शुक्ल,उपमन्यु शुक्ल आदि मौजूद रहे।

लापता एलआईसी कर्मचारी विमल का नहीं लग सका सुराग

संवाददाता, प्रयागराज

- 19 जनवरी की शाम आया था फोन, दोस्त से गये थे मिलने

अमृत विचार। 19 जनवरी की शाम घर से निकले एलआईसी कर्मी का अब तक कुछ पता नही चल सका है। पत्नी की तहरीर पर दोस्त के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने के बाद भी सहयोगी को ढूंढने में पुलिस नाक़ामयाब रही है। पीड़ित पत्नी ने इस मामले में सीएम योगी के पोर्टल पर शिकायत भेजकर गुहार लगाई है।

ज्ञात हो कि बीते विमल तिवारी सिविल लाइन्स के सृष्टि इंपीरियल हाइट्स अपार्टमेंट में अपनी दो बेटियों और पत्नी चेतना तिवारी के साथ रहते है। बीते 19 जनवरी की शाम को अपने अपार्टमेंट से फोन पर बात करते हुए निकले थे और फिर घर नहीं लौटे। पत्नी चेतना तिवारी ने बताया कि 19 जनवरी की शाम मेरे पति के मोबाइल पर उनके साथ काम करने वाले सहयोगी धर्मेंद्र निषाद से मिलने के लिए निकले थे। रात 10: 30 बजे गक वह घर नहीं लौटे। फोन पर कॉल किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसके बाद तत्काल उनके दोस्त धर्मेंद्र को फोन किया गया।

धर्मेंद्र ने बताया कि वह मेरे होटल से अभी निकले है। परेशान होकर काफी खोजबीन की गयी लेकिन कोई सुराग नही लगा। पति के लापता होने के मामले में थाने पर तहरीर भी दी गयी लेकिन पुलिस की तरफ से कोई सुनवाई नही हुई। मामले में पुलिस कमीश्नर रमित शर्मा से मुलाक़ात करने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन धर्मेंद्र का कोई सुराग नहीं लगा सकी। पत्नी ने बताया कि उनके पति की कार नैनी पुल पर मिली थी।

उस कार में उनका मोबाइल फोन भी मिला था। पुल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी देखी गयी थी। कार से कोई व्यक्ति उतरा था लेकिन वह विमल तिवारी नहीं थे। उन्होंने यह भी बतायस कि पुलिस ने धतमेन्द्र के।होटल में तफ्तीश की थी। जिसमे वहा लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया था कि होटल में एक व्यक्ति मुंह में रुमाल बांधकर पहुंचा था।

वर्ग पहेली-357

बाएं से दाएं

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



वर्ग पहेली - 356 का हल

1 ह	■	■	2 तु	■
गा	■	3 सु	ल	■
ना	■	हा	नी	■
■	4 कु	व	ल	य
5 र	ल	ना	■	6 खु
■	प	■	■	र
7 इ	ति	हा	स	हा

सुडोकू -74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4			6	1	
	1			6				9
			3	5			2	
		5				3		8
4			8		6			2
8		7		9		1		
	5				7			
2				3			4	
	6	9			4		5	

सुडोकू - 73 का हल

6	1	4	3	7	9	5	2	8
3	5	7	1	2	8	4	6	9
2	8	9	5	6	4	3	1	7
4	7	5	9	1	3	6	8	2
8	3	2	7	5	6	9	4	1
9	6	1	4	8	2	7	5	3
1	4	6	8	3	7	2	9	5
7	2	8	6	9	5	1	3	4
5	9	3	2	4	1	8	7	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–पंचमी 01 मार्च 06 .21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–दक्षिण। **ऋतु**–वसंत। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–चित्रा 10 .22 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष – आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

वृष – आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन – आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

कर्क – आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

सिंह – आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान–सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होगी।

कन्या – आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

तुला – आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग–विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े–बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक – आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

धनु – आज कारोबार में लाभ–वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

मकर – आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

कुंभ – आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

मीन – आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी – सुबह : 11 .25
- धड़कन – शाम : 06 .44

SONY MAX
- झूम बराबर झूम – सुबह : 11 .30
- ऑल द बेस्ट – रात : 07 .00

SONY PIX
- द डार्क नाइट – सुबह : 10 .42
- द कॉन्ज्यूरिंग – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बैंजो – सुबह : 10 .30
- ये साली आशिकी – रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- क्वीन – सुबह : 09 .20
- कुछ कुछ होता है – रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात–07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से–बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर– हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु– ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु– बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर– बेहोश

पति– तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी–ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति– वो कैसे?
पत्नी–खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,304.88	21,951.15
गिरावट	790.34	247.20
प्रतिशत में	1.08	1.11

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 29 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मंसूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (15 ली)	1475-1900।

जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके

साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत

करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	71,500
चांदी तैयार	71,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	708 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ निवेशकों की संपत्ति एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,02,338.56 करोड़ रुपये घटकर 3,85,97,298.49 करोड़ रुपये पर आ गया। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तपसे ने कहा कि वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान से पहले भारी बिकवाली दबाव देखने को मिला।

देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।

बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

नई दिल्ली। भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम

रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

शिमला। राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

थूथुकुडी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को

दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

चेन्नई। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,

ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

- 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के

नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।

22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

खेल डायरी

बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप

दुबई,एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा

नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर

दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

- रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका

में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस का विजय रथ रोका

बेंगलुरु, एजेंसी

किरण नवगिरे के अर्धशतक और कप्तान एलिसा हीली के साथ की बड़ी साझेदारी से यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपना खाता खोला। दोनों मैच में जीत दर्ज करने वाली मुंबई की टीम हेली मैथ्यूज के अर्धशतक के बावजूद पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 161 रन बना पाई। वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

यूपी की किरण ने 31 गेंद पर 57 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 4 छक्के हैं। उन्होंने हीली (29 गेंद पर 33 रन, 5 चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। वॉरियर्स ने 3 विकेट 4 रन के अंदर गंवा दिए। ग्रेस हैरिस और दीप्ति

शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। हैरिस ने 17 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। दीप्ति ने 20 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। मैथ्यूज ने 47 गेंद पर 9 चौकों और 1 छक्के से 55 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया (26) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। अमेलिया केर ने 23, पूजा वस्त्रकर ने 18 और इसी वांग ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। मुंबई ने बेहद धीमी शुरुआत की और पहले 4 ओवर के बाद उसका स्कोर केवल 13 रन था। भाटिया ने अंजलि सर्वानी के अगले ओवर में 3 चौकों और 1छक्के की मदद से 18 रन बटोर कर रन गति तेज की जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 36 रन बनाने में सफल रहा।

1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत

नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...



चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

चिप निर्माण में ताइवान उभरा



ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल

तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3 .48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

एक नजर

ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

वाशिंगटन। यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

लंदन। लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।

दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

सोल। दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

माले। चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन :पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।

खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

नई दिल्ली। रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास...

बीकानेर : महाजन फायरिंग रेंज में भारत और जापान की सेना में संयुक्त युद्धाभ्यास 'धर्म गार्डियन' जारी है। दोनों देश के सैनिक हथियारों की तकनीक साझा कर रहे हैं। सैनिकों ने रेंज के धोरों पर टैंक दौड़ाए। यह युद्धाभ्यास 9 मार्च तक चलेगा। जापान का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैन्ट्री और भारत का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की बटालियन कर रही है। ● एजेंसी

खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

भुवनेश्वर। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

विज्ञान एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

5 मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव

अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।